ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी 08:35 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 2 जून 2025
वर्ष 35, अंक 127, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ  एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री बनेंगे शुभांशु 14

ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता 12

## जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली, एजेंसी



- मई माह में पिछले साल से 16.4 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी
- अप्रैल में पहुंचा था 2.37 लाख करोड़ के सर्वकालिक स्तर पर

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 16.4 प्रतिशत बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पहले, अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के अपने अबतक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

मई में घरेलू लेनदेन से कुल जीएसटी राजस्व 13.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.2 प्रतिशत बढ़कर 51,266 करोड़ रुपये रहा। मई में कुल केंद्रीय जीएसटी राजस्व 35,434 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,902 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी संग्रह लगभग 1.09 लाख करोड़ रुपये रहा। उपकर से राजस्व 12,879 करोड़ रुपये रहा। मई, 2024 में जीएसटी संग्रह 1,72,739 करोड़ रुपये रहा था। इस बीच, महीने के दौरान कुल रिफंड चार प्रतिशत घटकर 27,210 करोड़ रुपये रह गया। माह के दौरान शुद्ध जीएसटी संग्रह 20.4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ लगभग 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा। डेलॉयट इंडिया के साझेदार एमएस मणि ने कहा कि राज्यों में जीएसटी संग्रह में वृद्धि में व्यापक आधार पर अंतर देखा जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक राज्य में ऐसे क्षेत्रों का गहन विश्लेषण करने की जरूरत है, जो उसके लिए महत्वपूर्ण हैं। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों ने संग्रह में 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जबकि गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों ने छह प्रतिशत तक की वृद्धि दिखाई है।

# सेना में वर्दी से बड़ा नहीं धर्म...बर्खास्त अफसर को राहत नहीं

### धार्मिक आधार पर परेड में भाग लेने से इन्कार करने वाले ईसाई सैन्य अधिकारी ने दायर की थी याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी



- कोर्ट ने खारिज की याचिका कहा- सेना में धर्म से पहले राष्ट्र
- सभी धर्मों का सम्मान सेना के समन्वित काम के लिए जरूरी

दिल्ली हाईकोर्ट ने साप्ताहिक रेजिमेंटल धार्मिक परेड में भाग लेने से लगातार इन्कार करने पर एक ईसाई सैन्य अधिकारी की सेवा समाप्त किए जाने के आदेश को बरकरार रखा।

हाईकोर्ट ने यह कहते हुए सैन्य अधिकारी की याचिका खारिज कर दी कि सशस्त्र बल धार्मिक रूप से विभाजित होने के बजाय अपनी वर्दी के आधार पर एकजुट होते हैं लेकिन याचिकाकर्ता ने अपने धर्म को अपने वरिष्ठ अधिकारी के आदेश से ऊपर रखा जबकि अवज्ञा करना सेना अधिनियम के तहत अपराध है।

न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ ने यह फैसला सुनाया। भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट ने अपनी याचिका में तीन मार्च, 2021 के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसके तहत उन्हें पेंशन और ग्रेच्युटी के बिना भारतीय सेना से बर्खास्त कर दिया गया था। याचिका दायर करने वाले लेफ्टिनेंट ने एक स्क्वाड्रन के 'ट्रूप लीडर' के रूप में काम किया था। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इस मामले में सवाल धार्मिक स्वतंत्रता का नहीं है, बल्कि अपने वरिष्ठ के वैध आदेश का पालन करने का है। याचिकाकर्ता ने अपने वरिष्ठ के आदेश से ऊपर अपने धर्म को रखा है। यह स्पष्ट रूप से अनुशासनहीनता का कृत्य है।

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में प्रतिकूल परिस्थितियों में दिन-रात सीमाओं की रक्षा करने वालों के समर्पण को सलाम करते हुए कहा कि दिखने में एकरूपता तथा सभी धर्मों के प्रति सम्मान, सशस्त्र बल के सुसंगठित, अनुशासित तथा समन्वित कामकाज के लिए आवश्यक है। सशस्त्र बल धर्म से पहले राष्ट्र को रखते हैं।

#### पादरी के समझाने पर भी नहीं माना

याचिकाकर्ता लेफ्टिनेंट ने दलील दी कि उनकी रेजिमेंट अपनी धार्मिक जरूरतों और परेड के लिए सिर्फ एक मंदिर और एक गुरुद्वारा रखे हुए है। उसने खुद को ईसाई धर्म का अनुयायी बताते हुए साप्ताहिक धार्मिक परेड और अन्य कार्यक्रमों के दौरान मंदिर के सबसे भीतरी भाग में जाने से छूट मांगी थी। सेना के अफसरों ने अदालत को बताया कि ईसाई अधिकारियों ने लेफ्टिनेंट को समझाने के प्रयास किए, उसे एक स्थानीय चर्च के पादरी के पास भी ले जाया गया, जिन्होंने उसे समझाया कि अपने कर्तव्य के तौर पर सर्व धर्म स्थल में प्रवेश करना उसके ईसाई धर्म पर कोई असर नहीं डालेगा लेकिन इसके बावजूद वह अपने रुख पर अडिग रहा।

### एक नजर

#### सरिस्का टाइगर रिजर्व में जन्मे चार बाघ शावक

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के सरिस्का बाघ अभयारण्य में एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया है। वन विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इससे सरिस्का प्रशासन, वन्य जीव प्रेमियों और वन विभाग के अधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इनके साथ ही बाघों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है। वहीं सरिस्का में शावकों की संख्या भी बढ़ गई है। एसटी 19, सरिस्का की तीसरी ऐसी बाघिन बन गई है जिसने चार शावकों को जन्म दिया है।

#### मान ने पश्चिमी वायु कमान में संभाला पदभार

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल जसवीर सिंह मान ने रविवार को भारतीय वायु सेना की पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला। राष्ट्रपति के अति विशिष्ट सेवा पदक और वायु सेना पदक से सम्मानित एयर मार्शल मान इससे पहले वायु सेना मुख्यालय में महानिदेशक (हथियार प्रणाली) थे।

#### ऑनलाइन डेटिंग एप्स से लूट में तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन डेटिंग एप्स के जरिए लोगों को फंसाकर कर लूटपाट करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली के यमुना खादर में शनिवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

# भारत पर जो हाथ डालेगा उसे कर देंगे पूरी तरह नष्ट : धनखड़

### उपराष्ट्रपति बोले-ऑपरेशन सिंदूर से सेना ने दुनिया को दिया संदेश

- आगरा में अहिल्याबाई स्मृति अभियान की संगोष्ठी में मुख्यमंत्री योगी के साथ हुए शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/आगरा

**अमृत विचार :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत आतंकवाद को समाप्त करेगा, जो हम पर हाथ डालेगा, उसे पूरी तरह नष्ट करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर से यह संदेश भारतीय सेना ने दुनिया को दे दिया है। उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को याद करते हुए आह्वान किया कि उनकी तरह हमलोग भी कर्तव्य को धर्म मानेंगे और अधिकारों को सेवा के माध्यम से आगे बढ़ाएंगे।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को आगरा के जीआईसी ग्राउंड, पचकुइयां में आयोजित महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि लोकमाता कठिन समय में भारत की महान परंपरा की प्रतिनिधि थीं, जहां धर्म-संस्कृति व शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते हैं। सोमनाथ गुजरात, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वरम, गोकर्ण समेत न जाने कितने मंदिर उनके हाथ से संजीवित हुए। कार्यक्रम में संयोजक केंद्रीय मंत्री व आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, उप राष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति प्रो. रामशंकरराव शिंदे आदि मौजूद रहे।



लोगों का अभिवादन करते उपराष्ट्रपति धनखड़ और सीएम योगी। ● अमृत विचार

#### अहिल्याबाई की तरह योगी भी कर रहे कार्य

धनखड़ ने कहा कि जो कार्य लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने किया, वही योगी आदित्यनाथ ने किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की काया पलट दी। काशी विश्वनाथ, अयोध्या के बाद मथुरा में भी कार्य होगा। आने वाली पीढ़ियां योगी आदित्यनाथ के कार्य को उसी तरह स्मरण करेंगी, जैसे आज हम लोकमाता को याद रखते हैं। विधि की रचना की तरह अहिल्याबाई की सोच योगी आदित्यनाथ में भी आ गई है। आज यूपी का मतलब सुशासन व कानून का राज है।

#### अहिल्याबाई ने कराया मंदिरों का पुनरुद्धार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अस्मिता और आस्था के प्रतीकों, खासकर मंदिरों को नष्ट और भ्रष्ट किया, तब अहिल्याबाई ने इनके पुनरुद्धार का कार्य किया। कहा कि जब समाज अपने राष्ट्रनायकों और नायिकाओं से प्रेरणा लेता है, तो कोई भी ताकत उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। लोकमाता अहिल्याबाई का विराट व्यक्तित्व इसका जीवंत उदाहरण है। अहिल्याबाई होल्कर के कार्यों से प्रेरित होकर डबल इंजन की सरकार तमाम योजनाएं सांचालित कर रही है। मुख्यमंत्री ने बदलावों का भी जिक्र करते हुए कहा कि पहले कुछ लोग माफिया को पालते थे, जो कानून व्यवस्था के लिए संकट पैदा करते थे।

## रिश्वतखोरी में आईआरएस अधिकारी गिरफ्तार

- सीबीआई ने नई दिल्ली स्थित आवास से दबोचा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने करदाता सेवा निदेशालय में तैनात अतिरिक्त महानिदेशक अमित कुमार सिंघल को 25 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि आईआरएस के 2007 बैच के अधिकारी सिंघल ने कुल 45 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

25 लाख रुपये की पहली किस्त शनिवार को मोहाली स्थित उनके आवास पर पहुंचाई जा रही थी।

शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और हर्ष कोटक नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जो सिंघल के मोहाली स्थित आवास पर उनकी ओर से रिश्वत ले रहा था। सीबीआई ने कहा कि रिश्वत मांगने के अलावा भुगतान न करने की स्थिति में कानूनी कार्रवाई करने, भारी जुर्माना लगाने और उत्पीड़न की धमकी भी दी गई थी। सिंघल को नई दिल्ली के वसंत कुंज स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया।

# अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- नफरती भाषण मामले में कोर्ट ने दी है दो साल की सजा
- विधानसभा से मऊ सदर सीट रिक्त होने की अधिसूचना जारी

**अमृत विचार :** नफरती भाषण मामले में सजा की घोषणा के बाद मऊ विधानसभा क्षेत्र (356) से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई है। अब्बास की विधानसभा सदस्यता लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8 के तहत स्वतः समाप्त हो गई है। कोर्ट के आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने पर उप्र. विधानसभा सचिवालय ने मऊ सदर सीट के रिक्त होने की अधिसूचना जारी कर दी है। इसी आधार पर अब उस सीट पर उपचुनाव होगा।

इस संबंध में राज्य विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने रविवार को ही अधिसूचना जारी कर दी। चुनाव आयोग को भी अधिसूचना की प्रति भेज दी गई है। मऊ विधायक अब्बास अंसारी की सदस्यता खत्म होने के बाद उनकी रिक्त घोषित सीट के लिए चुनाव आयोग उपचुनाव के लिए कार्यक्रम जारी करेगा। ऐसे में इस विधानसभा सीट के उपचुनाव पर सभी दलों की नजरें होंगी। अब्बास अंसारी सुभासपा के टिकट पर वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे। तब सुभासपा व सपा का चुनावी गठजोड़ था। सीट वितरण समझौते में सपा के अब्बास अंसारी को सुभासपा ने अपने टिकट पर चुनाव लड़ा दिया था। बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी सुभासपा के टिकट पर चुनाव जीत गए और उसके बाद नफरती भाषण दिया था, जिसके तहत मऊ की एमपी व एमएलए कोर्ट ने शनिवार को उन्हें दो साल की सजा सुनाई। दरअसल, अब्बास अंसारी की सदस्यता जाने से पहले भी वर्तमान 18वीं विधानसभा में पांच सदस्यों की विधायकी जा चुकी है। इनमें इरफान सोलंकी, आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां, राम दुलार, विक्रम सैनी शामिल हैं। यह सभी अलग-अलग दलों से वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव जीते थे। इन सभी को अलग-अलग मामलों में अदालत ने दो साल या उससे ज्यादा की सजा सुनाई और इसी कारण इन्हें अपनी सदस्यता गंवानी पड़ी।

# डीसीएम और पिकअप की टक्कर में 5 की मौत

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)



भीषण हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन।

- सात अन्य लोग हुए घायल पिकअप के उड़ गए परखचे
- चित्रकूट में झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर हुआ हादसा

**अमृत विचार :** झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर रविवार दोपहर भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां तीन की हालत गंभीर बताई गई है। मरने वालों में ज्यादातर बैंड बाजा कंपनी के कर्मचारी थे, जो पिकअप से एक बारात में जा रहे थे।

कर्वी से प्रयागराज की ओर जा रही डीसीएम रविवार दोपहर लगभग 12 बजे रामनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत बांधी के आगे भखरवार मोड़ के पास सामने से आ रही पिकअप से भिड़ गई। इससे दोनों वाहन आपस में फंस गए और लोगों में चीख पुकार मच गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि पिकअप के परखचे उड़ गए। इसमें बैठे लोग खून से लथपथ होकर फंस गए। डीसीएम भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची रैपुरा पुलिस ने जेसीबी की मदद से दोनों वाहनों को अलग किया और दोनों वाहनों में फंसे 13 लोगों को निकालकर अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया वहीं एक अन्य की इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य घायलों में से तीन को जिला अस्पताल से प्रयागराज रिफर कर दिया गया।

रास्ते में एक और घायल ने दम तोड़ दिया। इस तरह कुल पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान रामू साहू (26) ग्राम बल्हौरा थाना मऊ, दुर्गा (36) ग्राम हन्ना के मजरे शिवरतन का डेरा, बच्चा (40) निवासी सखौहा, उनैन (25) निवासी बल्हौरा, संतराम उर्फ राजा (40) के रूप में हुई है। मृतक रामू पिकअप का मालिक था, जो बारात के लिए बैंड बाजा वालों को लेकर जा रहा था। घायलों में इमरान (32) निवासी कुंडा (प्रतापगढ़) डीसीएम चालक है। उसने रास्ते में सवारियां बैठा ली थीं। इसके अलावा दूधनाथ (45), शादिम (25), देवनाथ (42), रजवा (25) और शक्ति (25) सभी पहाड़ी निवासी, हीरो अली (25) घायल हैं। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, विधायक अविनाश द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य अर्जुन शुक्ला, शिक्षक नेता बराती लाल पांडेय ने घटनास्थल और रामनगर सीएचसी में पीड़ितों को ढांढस बंधाया।

## वाणिज्यिक सिलेंडर 24 रुपये सस्ता हुआ

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तीन प्रतिशत की कटौती की गई है, जबकि होटल और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम 24 रुपये घटाए गए हैं। रविवार को एटीएफ और वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में कटौती की घोषणा की गई है। यह लगातार तीसरा महीना है जबकि विमान ईंधन के दाम घटे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेंचमार्क कच्चे तेल और गैस कीमतों में कमी के बाद घरेलू बाजार में कीमतें घटाई गई हैं। दिल्ली में एटीएफ की कीमत 83,072.55 रुपये प्रति किलोलीटर रह गई है।

# रूस पर यूक्रेन का सबसे बड़ा ड्रोन अटैक, 40 लड़ाकू विमान नष्ट किए

कीव, एजेंसी

- 4000 किमी अंदर जाकर हवाई अड्डों व विमानों को निशाना बनाया

यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा हमला करते हुए रूस की सीमा में 4000 किलोमीटर अंदर घुसकर उसके 40 से अधिक सैन्य विमान नष्ट कर दिए। रूस को इस हमले से करीब 17 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इससे एक दिन पहले ही रूस ने यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए थे।

यूक्रेन के एक अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि हमले को अंजाम देने में डेढ़ साल से अधिक का समय लगा और इसकी निगरानी व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने की। हमले के लिए ट्रकों में लादकर ड्रोन रूसी सीमा के काफी भीतर तक ले जाया गया।

ड्रोन से रविवार दोपहर को कई हवाई अड्डों पर खड़े 41 विमानों को निशाना बनाया गया जिनमें ए-50, टीयू-95 और 22टीएम विमान शामिल हैं। रूस ने इससे पहले पहले यूक्रेन पर 7 मिसाइलें दागीं। करीब 472 ड्रोन से भी हमले किए जिसमें 12 से अधिक सैनिकों के मारे जाने की बात सामने आ रही है। रूस ने मिसाइल दागने के लिए तुपोलेव टीयू-95 और टीयू-22 बमवर्षक विमानों का इस्तेमाल किया।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की कि उसके पांच हवाई क्षेत्रों को निशाना बनाया गया है। कहा गया है कि एफपीवी ड्रोन ने इरकुत्स्क क्षेत्र के साथ उत्तरी मरमंस्क में हवाई अड्डों पर विमानों को नुकसान पहुंचाया। हमले ऐसे समय तेज हुए हैं जब दोनों पक्ष तुर्किए के इस्तांबुल शहर में सीधी बातचीत के नए दौर में शामिल होने जा रहे हैं।

# उपचुनाव के लिए पहली बार मतदाता सूची में संशोधन

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग का मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए फैसला

निर्वाचन आयोग ने लगभग दो दशक में पहली बार पांच विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव कराने के लिए मतदाता सूची में संशोधन किया है ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके। पिछली बार उपचुनाव के लिए मतदाता सूची में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तमिलनाडु में 2006 में किया गया था।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिए जाने पर प्रत्येक चुनाव और उपचुनाव से पहले मतदाता सूची में संशोधन किया जाना चाहिए। उन्होंने कानून का हवाला देते हुए कहा कि यदि मतदाता सूची में संशोधन नहीं किया जाता है, तो उक्त मतदाता सूची की वैधता प्रभावित नहीं होगी।

आयोग ने पिछले महीने घोषणा की थी कि चार राज्यों की पांच विधानसभा सीट पर उपचुनाव 19 जून को होंगे। गुजरात में दो विधानसभा सीट पर जबकि केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब में एक-एक सीट पर उपचुनाव होगा। मतगणना 23 जून को होगी।

## गुजरात के कृषि मंत्री बच्चुभाई खाबड़ का बेटा गिरफ्तार

- मनरेगा घोटाले से जुड़े एक मामले में हुई कार्रवाई

**दाहोद।** गुजरात के पंचायत और कृषि राज्य मंत्री बच्चुभाई खाबड़ के बेटे बलवंत खाबड़ को मनरेगा से संबंधित मामले में रविवार को गिरफ्तार किया गया। उसे मनरेगा कार्यों से जुड़े एक अन्य मामले में कुछ दिन पहले ही जमानत मिली थी। बलवंत और उसके भाई किरण खाबड़ को अप्रैल में उनके खिलाफ दर्ज पहली प्राथमिकी के मामले में 29 मई को जमानत दी गई थी। पुलिस उपाधीक्षक जगदीशसिंह भंडारी ने बताया कि बलवंत को रविवार को गिरफ्तार किया गया जब दाहोद ''बी'' संभाग पुलिस ने शनिवार को उसके खिलाफ एक नई प्राथमिकी दर्ज की। उन्होंने कहा कि 31 मई को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, खाबड़ की कंपनी को 2022-23 में दाहोद जिले के धनपुर तालुका के भानपुर गांव में मनरेगा के तहत आवंटित कार्य पूरा किए बिना 33.86 लाख रुपये का भुगतान प्राप्त हुआ था।

# डांटने का मतलब आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

### उच्चतम न्यायालय ने आरोपी स्कूल छात्रावास के प्रभारी को किया बरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- मामले में मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले को किया खारिज

उच्चतम न्यायालय ने एक छात्र को डांटकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी शख्स को बरी कर दिया है। आरोपी, एक स्कूल और एक छात्रावास का प्रभारी था, जिसने एक अन्य छात्र की शिकायत पर दूसरे छात्र को डांटा था जिसने बाद में एक कमरे में फांसी लगा ली। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता था कि डांटने के कारण ऐसी दुखद घटना घट सकती है।

शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध से शिक्षक को बरी करने से इनकार कर दिया गया था। पीठ ने कहा कि पूरे मामले पर विचार करने के बाद, हम इसे हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त मामला पाते हैं।

जैसा कि अपीलकर्ता ने सही ढंग से प्रस्तुत किया है, कोई भी सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि डांटने के कारण, वह भी एक छात्र की शिकायत के आधार पर, इतनी बड़ी त्रासदी हो सकती है कि डांटने के कारण छात्र ने खुदकुशी कर ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इस तरह की डांट-फटकार कम से कम यह सुनिश्चित करने के लिए थी कि दूसरे छात्र द्वारा की गई शिकायत पर ध्यान दिया जाए और सुधारात्मक उपाय किए जाएं।

#### केवल गलती में सुधार के लिए थी फटकार

आरोपी व्यक्ति ने अपने वकील के माध्यम से प्रस्तुत किया था कि उसकी प्रतिक्रिया उचित थी और यह केवल एक अभिभावक के रूप में डांट-फटकार थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्र गलती को दोबारा न दोहराए और छात्रावास में शांति और सौहार्द बनाए रखे। उसने प्रस्तुत किया था कि उसके और मृतक छात्र के बीच कोई व्यक्तिगत संबंध नहीं था।

## एक नजर

### एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली का संकल्प लेकर पर्यावरण की रक्षा करेंगे बच्चे

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यावरण दिवस को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर स्कूली बच्चों से लेकर युवा तक, सभी 'एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली' का संकल्प लेकर पर्यावरण की रक्षा करेंगे। इसके तहत नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा। पर्यावरण निदेशालय ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। निदेशक की तरफ से इसके लिए समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भी भेजा गया है। विभाग की तरफ से रीजनल साइंस सेंटर, अलीगंज लखनऊ में मुख्य आयोजन होगा। विश्व पर्यावरण दिवस इस वर्ष प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने व प्लास्टिक से बने सामानों का उपयोग न्यूनतम करने के उद्देश्य से मनाया जाएगा। उपनिदेशक श्रुति शुक्ला ने बताया कि पूरे प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### मनोज यादव को दोबारा कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की कमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस नेता मनोज यादव को फिर प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग का चेयरमैन बनाया गया है। शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से इस सिलसिले में पत्र जारी किया गया। मनोज यादव सामाजिक न्याय के मुद्दे को लेकर निरंतर आंदोलन चला रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी कारण उन्हें दोबारा जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोकसभा चुनाव के दौरान उनके नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर पिछड़े वर्ग की जातियों के अलग-अलग सम्मेलन आयोजित किये गए थे। पार्टी को इसके सकारात्मक परिणाम मिले थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार मनोज यादव अभी दिल्ली में हैं। जल्द ही प्रदेश मुख्यालय पहुंचकर नए सिरे से कार्यभार ग्रहण करेंगे।

### जीएनएम दाखिले के लिए काउंसिलिंग की तैयारी शुरू


**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग कॉलेजों में संचालित जीएनएम पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आयोजित केंद्रीयकृत परीक्षा संपन्न होने के बाद कॉलेज आवंटन के लिए काउंसिलिंग की तैयारी शुरू हो गयी है। इसके लिए उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने सभी नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्रों से यूपीजीईटी-2025 पोर्टल में जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा दाखिले के लिए केंद्रीयकृत प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा संपन्न हो चुकी है। अब परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर कॉलेज आवंटित किए जाने हैं, इसके लिए कॉलेजों से सीट का ब्यौरा, शुल्क और छात्रावास की उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी मांगी गयी हैं, जिसके बाद काउंसिलिंग की तिथि निर्धारित की जाएंगी।

# एक ही समय पर दो शोध के लिए मिला 98 लाख का अनुदान

## बीबीएयू का मामला : 10 लाख रुपये उपकरण और केमिकल के लिए मिले लेकिन विवि में कोई रिकार्ड नहीं

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शोध के नाम पर विश्वविद्यालयों में धन की कैसे बंदरबांट हो रही है, उसका ताजा उदाहरण राजधानी लखनऊ के बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में देखने को मिला है। सहायक प्रोफेसर डॉ. पंकज अरोड़ा को एक ही वर्ष में दो शोध के लिए धन अवमुक्त कर दिया गया। पहला शोध 5 वर्ष में पूरा किया जाना था, उसके लिए 88 लाख रुपये भुगतान किया गया। दूसरा शोध 2 साल में पूरा किया जाना था। इस दूसरे शोध के लिए वैज्ञानिक उपकरण और केमिकल खरीदने के लिए 10 लाख रुपये का भुगतान किया गया। शोध तो किये गए लेकिन वैज्ञानिक उपकरण और केमिकल खरीद का कोई ब्यौरा विश्वविद्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया।


बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERSITY

बीबीएयू ने बताया, विभाग के पास कोई जानकारी नहीं।

### सूचना के अधिकार के तहत जानकारी लेने पर खुलासा

इस शोध घोटाले की किसी को खबर ही न हुई होती यदि इस मामले में सूचना के अधिकार के तहत पूछा न गया होता। खोजबीन शुरू हुई तो विश्वविद्यालय के किसी भी विभाग के पास 10 लाख रुपये से खरीदी गई सामग्री का कोई हिसाब नहीं मिला। खरीदे गये उपकरणों के बारे में स्टोर के रिकार्ड में कोई जानकारी नहीं है। स्टोर ने लिखित जवाब दिया कि शोधकर्ता ने अपना खुद का रिकार्ड रजिस्टर बना रखा था और स्टोर को कभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ के संकाय अध्यक्ष का लिखित जवाब है कि डॉ. पंकज अरोड़ा की परियोजना से सम्बन्धित कोई भी दस्तावेज विभाग में उपलब्ध नहीं है। संकाय अध्यक्ष के जवाब पर अपीलीय अधिकारी (वित्त) ने उनसे पूछा कि शोध परियोजना के तहत वैज्ञानिक उपकरण एवं कैमिकल्स आदि की खरीद के स्टाक का अंकन प्रमुख अन्वेषक शोध परियोजना द्वारा परियोजना के लिए बनाए गये खुद के रजिस्टर में रखते थे। इससे तो वित्त विभाग संतुष्ट है, लेकिन जब उन्हें कार्यमुक्त किया गया तब विभाग ने सभी औपचारिकताएं क्यों नहीं पूरी की? अधिकारियों से सवाल-जवाब किये गये। लेकिन सूचना के अधिकार से मांगी गई सूचना के जवाब में स्पष्ट लिखा गया कि विभाग के पास इस सम्बन्ध में कोई रिकार्ड मौजूद नहीं है।

शोधकर्ता को लेमिनर एयर फ्लो, रोटावेयर, रोटरी वैक्यूम पम्प, ऑटोक्लेव, रेफ्रिजरेटर, डीप फ्रीजर और केमिकल खरीदने के लिए 10 लाख रुपये का भुगतान किया गया। शोधकर्ता ने भुगतान तो ले लिया लेकिन खरीद की कोई जानकारी विश्वविद्यालय को नहीं दी।

**नियमतः एक समय में एक ही शोध का मिलता है अनुदान:** नियम यह है किसी शोधकर्ता को एक समय में एक शोध के लिए वित्तीय सहायता मिलती है। शोध के लिए अनुदान भारत सरकार का विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी मंत्रालय प्रदान करता है। जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने 16 मार्च 2018 को समलिंगी स्वामी फेलोशिप 2016-17 के तहत 88 लाख रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई।

### धनराशि लेने के बाद शोधकर्ता गए दो वर्ष के असाधारण अवकाश पर

अनुसंधान परियोजना के प्रमुख अन्वेषक डॉ. पंकज कुमार अरोड़ा ने अनुसंधान के लिए सम्पूर्ण धनराशि 88 लाख रुपये प्राप्त कर ली। धनराशि प्राप्त करने के बाद डॉ. पंकज अरोड़ा दो साल के असाधारण अवकाश पर चले गये। विश्वविद्यालय के केंद्रीय जन सूचना अधिकार भंडार एवं खरीद अनुभाग ने लिखित बताया है कि अनुसंधान परियोजना के उपकरण और केमिकल खरीद का कोई रिकार्ड उनके पास नहीं है।

### अब्बास अंसारी मामले में हाईकोर्ट जाएंगे : राजभर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मऊ से विधायक अब्बास अंसारी की सदस्यता खत्म होने के बाद यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि वह अपने विधायक अब्बास अंसारी के लिए हाईकोर्ट जाएंगे। उन्होंने कहा, हम अपना पक्ष रखने के लिए उच्च न्यायालय का रुख करेंगे। सुभासपा प्रमुख ने कहा कि अब्बास अंसारी सुभासपा से विधायक हैं। एमपी एमएलए कोर्ट के आदेश का स्वागत है लेकिन वह इस फैसले के खिलाफ उनकी पार्टी ऊपरी कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने कहा कि सीट रिक्त घोषित करने में विधानसभा सचिवालय की ओर से खासी तेजी भी दिखाई गई।

# एसएएफ क्षेत्र में 3 हजार करोड़ का होगा निवेश

## 18 से अधिक कंपनियां इकाइयां स्थापित करने को तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में इन्वेस्ट यूपी की राउंडटेबल बैठक

**अमृत विचार :** प्रदेश में 18 से अधिक कंपनियों ने सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) इकाइयां स्थापित करने में गहरी दिलचस्पी दिखायी है। इन फर्मों ने सामूहिक रूप से यहां इस क्षेत्र में 3,000 करोड़ से अधिक के निवेश की रुचि दिखाई है। इनमें ग्रीनको, एएम ग्रीन्स, ई20 ग्रीनफ्यूल्स, न्यू एरा क्लीन टेक और मालब्रोस ग्रुप समेत डेढ़ दर्जन से अधिक कंपनियां शामिल हैं। इससे राज्य के वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनने का मार्ग और प्रशस्त होगा।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) के विनिर्माण में अवसरों की खोज के उद्देश्य से इन्वेस्ट यूपी ने रविवार को लखनऊ के ताज होटल में एक उच्च-स्तरीय राउंडटेबल का आयोजन किया। इस बैठक में प्रमुख निवेशक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और नीति विशेषज्ञ शामिल हुए, जिन्होंने इस उभरते हुए हरित ऊर्जा क्षेत्र की संभावनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।


**किसानों को मिलेगा सीधा लाभ :** इस नीति के अमल में आने के बाद स्थानीय कृषि क्षेत्रों से सीधे कच्चा माल खरीदने से, यह क्षेत्र ग्रामीण आय को बढ़ाने और बेहतर मूल्य दिलाने में मददगार होगा। मनोज कुमार सिंह ने कहा, यह नीति हमारे हरित ऊर्जा क्षेत्र में तेजी लाएगी।

### यूपी में लंबित जीएसटी मामलों का होगा समाधान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में निवेशकों को सुविधाएं प्रदान करने और नीति संबंधी बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में इन्वेस्ट यूपी ने रविवार को लखनऊ के ताज होटल में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) से जुड़े मुद्दों पर एक उच्च-स्तरीय सत्र का आयोजन किया। इस दौरान मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को लंबित जीएसटी प्रतिपूर्ति मामलों को एक निश्चित समय-सीमा के भीतर शीघ्रता से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्योगों को मिलने वाले प्रोत्साहन और जीएसटी प्रतिपूर्ति में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य निवेशकों के लिए एक सहज और सुविधाजनक वातावरण बनाना है। जीएसटी मुद्दों का शीघ्र समाधान उद्योग के विश्वास को मजबूत करेगा और हमारी नीतियों को ठोस परिणामों में बदलने में मदद करेगा। इस सत्र का उद्देश्य निवेशकों की लंबित जीएसटी संबंधी चिंताओं को हल करना, राज्य के प्रोत्साहन तंत्र में स्पष्टता लाना और उत्तर प्रदेश को उद्योग-अनुकूल निवेश गंतव्य के रूप में और अधिक सशक्त बनाना था। बैठक में प्रमुख उद्योग जगत के हितधारकों, अग्रणी जीएसटी विशेषज्ञों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। वरुण बेवरेजेज, बलरामपुर चीनी मिल्स और पसवाड़ा पेपर्स लिमिटेड सहित कई प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि, साथ ही पिकअप और इन्वेस्ट यूपी के अधिकारी भी इस चर्चा में शामिल हुए।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 4075 स्थानों पर होगा सामूहिक योग

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 4,075 स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास होगा। इसके पहले 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान जनपद, तहसील, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम, सेमिनार, कार्यशाला, संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं स्लोगन प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर योग के प्रचार-प्रसार के लिए 5000 प्रशिक्षित योग ट्रेनर तैयार किए गए हैं, जो प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में योगाभ्यास करवाएंगे। योग प्रशिक्षकों और आयुष महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों द्वारा विभिन्न समितियों का गठन कर योग सप्ताह की व्यापक तैयारी की गई है। इन समितियों के माध्यम से चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय, व्यावसायिक शिक्षा महाविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के बीच योग से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।


प्रदेश के नवनियुक्त कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण ने रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

# योगी के लिए इस बार खास होगा जन्मदिन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य अतिथि होंगे योगी
- मान्यता है इसी तिथि को हुई थी द्वापर युग की शुरुआत

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए विश्व पर्यावरण दिवस हर वर्ष खास रहा है, लेकिन इसबार इसी दिन योगी अयोध्या स्थित राम मंदिर के राम दरबार सहित पूरक मंदिरों में अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। यही नहीं, मुहूर्त इसे और खास बना रहे हैं। मसलन यह कृष्ण के द्वापर युग की आरंभ तिथि है।

योगी के जन्मदिन 5 जून को ज्येष्ठ शुक्ल दशमी की तिथि है। यह मोक्षदायिनी, जीवनदायिनी, दुनिया के सबसे पुरानी सभ्यताओं का पालना रही भारतीय परंपरा में सबसे पवित्र एवं पूज्यनीय गंगा नदी के धरा पर अवतरण की भी तिथि है। उनका अवतरण सतयुग में हुआ था। इस तिथि पर गंगा दशहरा का आयोजन होता है। त्रेता में भगवान श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई करने के पूरे रामेश्वरम की स्थापना भी इसी तिथि पर की थी। इस तरह इस तिथि का विस्तार सभी युगों तक है। योगी ने राम मंदिर के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अयोध्या के कायाकल्प के लिए खजाने का मुंह खोल दिया था।

# अर्थव्यवस्था बढ़ाने में वित्त आयोग से उम्मीद

## मुख्यमंत्री ने शीर्ष अधिकारियों के साथ 4 जून की प्रस्तावित बैठक को लेकर की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अगले पांच वर्ष का तय होगा खाका, योगी सरकार करों में हिस्सेदारी बढ़ाने की रखेगी मांग

**अमृत विचार :** 16वें वित्त आयोग से प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में वित्तीय सहायता मिलने की बड़ी उम्मीद है। यहां दौरे पर आ रही आयोग की टीम 4 जून को बैठक करेगी, इसे लेकर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शीर्ष अधिकारियों की तैयारी बैठक हुई। इसमें अगले पांच वर्ष में केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाने की रणनीति बनाई गई।

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में टीम यूपी में 3 जून सीधे अयोध्या में रामलला का दर्शन-पूजन और विकास कार्यों का निरीक्षण करने के बाद शाम को लखनऊ आ जाएगी। यह आयोग 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच वर्षों की अवधि के लिए अपनी सिफारिशें देगा। आयोग का मुख्य काम केंद्र और राज्यों के बीच करों की आय का विभाजन निर्धारित करना है। यह आयोग राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के सिद्धांतों और मात्रा को भी निर्धारित करेगा। योगी सरकार को उम्मीद है कि आयोग से राज्य को वित्तीय सहायता मिलेगी ताकि विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा सके।

मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को आयोग की बैठक के मद्देनजर आवास पर हुई तैयारी बैठक में केंद्रीय करों में राज्य हिस्सेदारी बढ़ाने पर मंथन किया। सूत्रों के अनुसार आयोग के साथ होने वाली बैठक में राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय करों में यूपी की हिस्सेदारी बढ़ाने की मांग रखी जाएगी। वर्ष 2015 तक राज्य को मिलती रही करों में 19.7 प्रतिशत हिस्सेदारी फिर से दिए जाने की मांग पर सरकार का अधिक फोकस रहेगा। राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी के लिए तय 41 प्रतिशत धनराशि को और बढ़ाने की मांग भी रखी जाएगी।

### विभागों व राजनीतिक दलों के साथ भी बैठक करेगी टीम

केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 13 सदस्यीय टीम चार जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक करेगी। इसके बाद शाम चार बजे से होटल रेनेशा में आयोग की टीम चार बैठकें करेगी। यह बैठकें नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, राजनीतिक दलों के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ होगी। 5 जून को सुबह टीम का वाराणसी में विकास योजनाओं का निरीक्षण व भ्रमण करके अगले दिन वापस दिल्ली जाएगी।

# सीसीटीवी कैमरों के बावजूद मिलीं खामियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया सीतापुर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

**अमृत विचार :** प्रदेश में 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के बावजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को औचक निरीक्षण के दौरान सीतापुर जिला अस्पतालों में अव्यवस्थाओं का अंबार मिला। एक के बाद एक खामियां मिलने पर उन्होंने अस्पताल प्रशासन फटकार भी लगायी। अब स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल में संसाधन जुटाने शुरू कर दिए हैं, स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा मरीजों के लिए अनुमन्य सभी दवाओं की उपलब्धता समेत 25 बिन्दुओं का पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर व अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को जारी कर, कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।

सीतापुर जिला अस्पताल अपवाद नहीं है, कमोवेश प्रदेश के अधिकांश अस्पतालों के हालात यही होने की संभावना है। इसके बाद इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर सेवा की उपयोगिता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

सीतापुर जिला अस्पताल भी स्वास्थ्य महानिदेशालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर एंड कंट्रोल रूम (हेल्थ ऑनलाइन पैरामीटर इवोल्यूशन, होप) से संबद्ध है और डेढ़ दर्जन कैमरों के माध्यम से 24 घंटे अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की निगरानी भी हो रही है। बावजूद ओपीडी में डॉक्टर की अनुपस्थिति मिली, डॉक्टर द्वारा लिखी दवाएं मरीज बाहर से खरीदने के लिए मजबूर हैं, पर्चा काउंटर पर मरीजों को लंबी-लंबी लाइन में जूझना पड़ रहा है, परिसर में अधिकांश जगह सड़क खराब मिलीं, जिन्हें तत्काल सही कराने के निर्देश दिए गए हैं। इमरजेंसी में मरीजों को दुश्वारियों से बचाने व समय पर तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं। इसके लिए दो सुरक्षा गार्ड भी तैनात करने की सलाह दी गई है। यही नहीं, अस्पताल में कई एसी खराब मिले, फायर फाइटिंग सिस्टम के सिलिंडर आदि सयंत्रों पर तिथि खत्म हो गयी थी, जिन्हें दुरुस्त कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### जेट स्कीइंग के आनंद में बाधा गोमती की दुर्गंध : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि सपा के बनाए गोमती रिवरफ्रंट में आम जनता के स्वस्थ मनोरंजन के लिए जेट स्कीइंग का आनंद तब और बढ़ जाएगा, जब प्रदूषित गोमती नदी और दुर्गंध आनंद में बाधा नहीं बनेगी। भाजपा सरकार को कोई समझाए कि शुद्धीकरण से ही सौंदर्यीकरण की शुरुआत होती है।

सपा प्रमुख ने रविवार को जारी बयान में कहा कि जांच के नाम पर भाजपाइयों ने सपा द्वारा बनवाए गए गोमती रिवरफ्रंट का विकास ही रोक दिया। जब जांच में भी कुछ हाथ नहीं लगा तो भाजपाइयों ने जांच-पर-जांच का खेल शुरू करवा दिया। उन्होंने कहा, अच्छा होता कि भाजपा सरकार अपने शासनकाल में चोरी हुए उन विदेशी फाउंटेन की जांच करवा ले।

# किसानों के साथ मिलकर प्रदर्शन करेंगे बिजली कर्मी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 16 किसान संगठनों का मिला समर्थन

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी 4 जून को किसानों के साथ मिलकर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। आंदोलनरत बिजली कर्मियों को 16 किसान संगठनों का समर्थन मिला है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश व किसान संगठनों के बीच रविवार को हुई वर्चुअल बैठक में समर्थन की घोषणा की गई।

बैठक में क्रांतिकारी किसान यूनियन, किसान संग्राम समिति, किसान मजदूर परिषद, आल इंडिया किसान फेडरेशन, अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा, किसान एकता केंद्र, किसान विकास मंच, क्रांतिकारी किसान मंच, भारतीय किसान संगठन, भाकियू श्रमिक जनशक्ति यूनियन, सोशलिस्ट किसान सभा, कृषि भूमि बचाओ मोर्चा, खेत मजदूर किसान संग्राम समिति व इंकलाबी मजदूर केंद्र के करीब 30 किसान नेताओं ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया कि सभी जिला मुख्यालयों पर किसान संगठन संयुक्त रूप से विरोध-प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन के दौरान जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## सार-संक्षेप

### मुफ्त राशन योजना के लाभार्थियों का फीडबैक लेगी सरकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार मुफ्त राशन योजना के लाभार्थियों का फीडबैक लेगी। खाद्य विभाग का एक सॉफ्टवेयर विकसित हो रहा है, जिसमें लाभार्थियों से पांच सवाल पूछे जाने हैं। जवाब के आधार पर आगे की योजना में बदलाव किए जाएंगे। राज्य में 15 करोड़ 23 लाख लोगों के लिए मुफ्त राशन दिए जाने की कवायद चल रही है। इस योजना में 64.43 प्रतिशत शहरी और 79.53 प्रतिशत ग्रामीण आबादी शामिल है। योजना के तहत निशुल्क खाद्यान्न वितरण से लाभार्थी संतुष्ट हैं या नहीं, यह फीडबैक समय-समय पर सरकार लेगी। फोन से पूछा जाएगा कि उन्हें पूरा राशन मिल रहा है या नहीं। कोटेदार का व्यवहार कैसा है। कोई अन्य असुविधा तो नहीं हो रही है। उन्हें खाद्यान्न वितरण में कोई गड़बड़ तो नहीं दिख रहा है। प्रत्येक कोटेदार के क्षेत्र के कुछ लाभार्थियों से हर माह फीडबैक लिया जाएगा।

### आसियान देशों का प्रतिनिधिमंडल आज से प्रदेश के भ्रमण पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** विदेश मंत्रालय व भारत सरकार के सहयोग से पांच आसियान देशों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार 2 जून से 7 जून तक 'फैम ट्रिप' अंतर्गत उप्र. के बौद्ध सर्किट का भ्रमण करेगा। बोधि यात्रा नाम से शुरू फैम ट्रिप यात्रा में कंबोडिया, लाओ, पीडीआर, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जिनमें ट्रैवल एजेंट्स, सोशल मीडिया, इन्फ्लुएंसर तथा बौद्ध भिक्षु शामिल हैं। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को दी। उन्होंने बताया कि विदेशी प्रतिनिधि विश्व प्रसिद्ध छह बौद्ध स्थलों का भ्रमण करेंगे, जिनमें श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कुशीनगर, सारनाथ, वाराणसी, लखनऊ तथा आगरा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल पहले दिन दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सीधे आगरा पहुंचेगा और दूसरे दिन ताजमहल देखने के बाद लखनऊ आयेगा।

वन भूमि हस्तांतरण और क्षतिपूरक वनीकरण में मिली नई दिशा

### 868 करोड़ की कैम्पा निधि से किया क्षतिपूरक वनीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के वन एवं वन्यजीव विभाग ने विकास कार्यों के लिए वन भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया और क्षतिपूरक वनरोपण में समन्वय स्थापित कर नई दिशा दी है। परिवेश 2.0 पोर्टल के माध्यम से अब तक जारी कुल 226 अंतिम स्वीकृतियों में से 142 स्टेज-2 की स्वीकृतियां पिछले 5 माह में हुई है। साथ ही 868 करोड़ रुपये की कैम्पा निधि से क्षतिपूर्ति वनीकरण का कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन एवं वन्य जीव विभाग ने परिवेश 2.0 पोर्टल के माध्यम से विकास कार्यों के लिए वन भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया तेजी लाई गई है। विभाग के डैशबोर्ड के अनुसार प्रदेश के विभिन्न वन प्रभागों में प्रकरणों की संख्या में विविधता और तीव्र गति से निस्तारण देखने को मिला है। विभाग के डैशबोर्ड के अनुसार, फतेहपुर वन प्रभाग में 24, मुरादाबाद में 17, और संभल में 9 प्रकरण दर्ज हैं। इसी प्रकार देवरिया वन प्रभाग में 8, सहारनपुर में 7, शिवालिक में 5 और सिद्धार्थनगर वन प्रभाग में 4 प्रकरण हैं। जिनका अन्य कार्यदायी संस्थाओं के साथ नियमित बैठक कर तीव्रगति से निस्तारण किया जा रहा है। यह डैशबोर्ड परिवेश 2.0 पोर्टल के माध्यम से वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा दे रहा है। साथ ही सड़क निर्माण-मरम्मतीकरण, रेल लाईन, विद्युत पारेषण लाइन, बांध और नहरों का निर्माण जैसे विकास कार्यों को भी गति प्रदान कर रहा है। प्रदेश के वन एवं वन्य जीव विभाग ने विकास कार्यों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संतुलन स्थापित किया है। विभाग ने कार्यदायी संस्थाओं के साथ नियमित बैठकों के माध्यम से शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया है। वन भूमि हस्तान्तरण के उपरांत कैम्पा निधि का उपयोग कर वन संरक्षण के विभिन्न कार्यों को पूरा किया गया है। कैम्पा निधि के लगभग 868 करोड़ रुपये क्षतिपूरक वनीकरण, 5.79 करोड़ रुपये जल ग्रहण क्षेत्र शोधन के साथ अन्य स्थल-विशिष्ट परियोजनाओं के लिए 416 करोड़ रुपये व्यय किए हैं।

उम्मीदवारी — राज्य सरकार और केंद्र की स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष खरा उतरने में सक्षम

# स्थाई डीजीपी बनने का मुकाम भी हासिल करेंगे राजीव कृष्ण!

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- फिलहाल कई वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों से जूनियर हैं राजीव
- स्वास्थ्य, समयावधि और साहस तीनों मानदंडों को कर रहे पूरा

**अमृत विचार :** सबकुछ ठीक रहा तो आने वाले महीनों में आईपीएस राजीव कृष्ण कार्यवाहक डीजीपी से स्थाई डीजीपी बनने का मुकाम भी हासिल कर लेंगे। ऐसे में इस मुद्दे पर विपक्ष जहां शांत पड़ जाएगा वहीं, यूपी को भी ऐसा स्थायी डीजीपी मिल जाएगा जो कई मायनों में खरा उतरेगा। यानी राजीव कृष्ण फिलहाल भले तमाम वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों से जूनियर हों लेकिन वे स्वास्थ्य, समयावधि और साहस, उन तीनों मानदंडों को पूरा कर रहे हैं, जो भविष्य में उन्हें स्थायी डीजीपी बनाने में सहायक होगा।

स्वाभाविक है इससे पहले उन्हें राज्य सरकार और केन्द्र की स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष खरा उतरना ही होगा। राज्य सरकार की स्क्रिनिंग कमेटी का अभी गठन होना है और केंद्र में यूपीएससी व डीओपीटी हैं ही। इसे स्पष्ट तरीके से समझें तो पाते हैं कि डीजीपी के चयन को लेकर परंपरागत प्रक्रिया के मुताबिक राज्य सरकार संघ लोक सेवा आयोग को इस पद के काबिल अफसरों के नाम भेजती है। संघ लोक सेवा आयोग से पहले केंद्र का डिपार्मेंट ऑफ पर्सनल ट्रेंनिंग यानी डीओपीटी तीन वरिष्ठतम अधिकारियों का पैनल बनाकर भेजता है। इन अफसरों का कम से कम कार्यकाल 2 साल का बचा होना चाहिए। राज्य सरकार उन अफसरों के नाम नहीं भेजती है, जिनका कार्यकाल 6 महीने से कम का हो। संघ लोक सेवा आयोग से भेजे गए तीन अफसरों के नाम में एक अफसर को डीजीपी बनाया जाता है।

इससे पहले अब उत्तर प्रदेश सरकार स्थायी डीजीपी का चयन करने से पूर्व हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में गठित कमेटी करेगी। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नामित एक व्यक्ति, उप्र. लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष या वहां से नामित व्यक्ति, प्रमुख सचिव गृह, एक रिटायर्ड डीजीपी जिसने उत्तर प्रदेश पुलिस में काम किया हो, यह कमेटी स्थायी डीजीपी का चयन करेगी। कैबिनेट से पारित प्रस्ताव के अनुसार, नई व्यवस्था में बनाए गए डीजीपी का कार्यकाल दो साल का होगा।

### चार साल का बचा है कार्यकाल

अब सवाल उठता है कि राजीव कृष्ण ही स्थायी डीजीपी कैसे बनेंगे? दरअसल, राजीव कृष्ण का कार्यकाल अभी लगभग चार साल का बचा है। इस बीच राज्य सरकार राजीव कृष्ण को तब तक कार्यवाहक बनाए रखेगी, जब तक कि अगले वर्ष फरवरी के बाद वह अन्य वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के रिटायरमेंट के साथ ही टॉप थ्री की रेस ऊपर नहीं आ जाते। इस बीच राज्य सरकार स्तर की कमेटी का गठन भी हो जाएगा, जिससे स्वीकृत पैनल केंद्र को भेजा जाएगा। राज्य सरकार की मजबूत पैरवी, राजीव कृष्ण की योग्यता और उनके राजनीतिक रिश्तों के चलते स्थायी डीजीपी बनने स्थिति मजबूत है।

### कानून का राज स्थापित करना नए पुलिस प्रमुख के लिए चुनौती : मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि कानून का राज स्थापित करना नए पुलिस प्रमुख के सामने चुनौती है। उन्होंने कहा कि कानून का राज स्थापित करने के लिए राज्य सरकार व सत्ताधारी दल को भी सक्रियता दिखानी चाहिए। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में खासकर उत्तर प्रदेश में सामंती व अपराधिक तत्वों का वर्चस्व होने से जातिवादी व सांप्रदायिक द्वेष, हिंसा, अन्याय-अत्याचार और लोगों को उजाड़ने की कार्रवाई से यह साबित है कि यहां कानून का राज सही से नहीं चल रहा है।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं
स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास"
... भी है।...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

## मौसम

बादलों की आवाजाही बनी रहेगी, उमस होगी।

38.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- चिनहट स्थित माध्यमिक विद्यालय में समर कैंप, 7:00 बजे।
- विकास भवन के लोहिया सभागार में पत्रों के निस्तारण की समीक्षा, 11:00 बजे।
- गोसाईंगंज ब्लॉक के बहरौली, आदमपुर मितौली, अनैया खरगापुर के पंचायत भवन में कैंप सुबह 10 बजे।
- ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में नैक मूल्यांकन टीम का आगमन सुबह 9 बजे।
- बीबीएयू में रिवर योग का आयोजन गोमती नदी के किनारे सुबह 6.30 बजे।
- अहिल्याबाई होलकर के जीवन प्रसंग पर पुनर्वास विवि में कार्यक्रम सुबह 10 बजे।
- कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ कार्यालय में बैठक शाम 5 बजे।

# फलों के राजा 'दशहरी' की खुशबू से महक उठा बाजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश-विदेश और आम का इंतजार कर रहे लोगों के लिए खुशखबरी! फलों के राजा दशहरी ने बाजार में दस्तक दे दी है। रविवार को मलिहाबाद मंडी में 'दशहरी' की खुशबू से महक उठी। आम की आवक से बाजार गुलजार हो गया है। पहले दिन में थोक का भाव 25 से 30 रुपये किलो खुला है। थोक भाव में दशहरी की पहली खेप दिल्ली भेज दी गई है। इसके अलावा, महाराष्ट्र, आंध प्रदेश, गुजरात आदि राज्यों से आए व्यापारियों ने आर्डर दिए।

मलिहाबाद हाइवे किनारे लगी आम मंडी में जून के पहले सप्ताह से दशहरी की आवक शुरू हो गई। बागों से काफी मात्रा में आम आढ़तों पर पहुंचा। आम की गुणवत्ता और आकार पहले से बेहतर दिखा। पहले दिन बाजार में आम खरीदने की होड़ रही। मुंबई, दिल्ली, भोपाल, नागपुर, जयपुर, हरियाणा, पंजाब, जालंधर, बिहार, गुजरात, झारखंड, आंध्र प्रदेश, कोलकाता जम्मू आदि से बड़े व्यापारी आए और आढ़तों पर आम की गुणवत्ता देख आर्डर दिए।


मलिहाबाद मंडी में आम की खरीदारी करते व्यापारी। अमृत विचार


आढ़त पर रखी दशहरी की खेप। अमृत विचार

- दिल्ली भेजी गई पहली खेप
- गुणवत्ता बेहतर, 25 से 30 रुपये किलो थोक भाव में बिका आम
- महाराष्ट्र, आंध प्रदेश, गुजरात सहित कई राज्यों को जाएगा

### 30 रुपये किलो खुला पहले दिन के आम का भाव

पहले दिन आम का भाव 25 से 30 रुपये किलो रहा। 22 किलो की कैरेट 500 से 600 रुपये तक बिकी। पहली खेप आढ़तियों ने दिल्ली भेजी। वहां से दिल्ली की मंडियों के अलावा आसपास जिलों में आम भेजा जाएगा। इधर, मंडी में दिनभर खरीदारी का दौर चला। इससे बाजार में भीड़भाड़ रही। खरीदारों का आनाजाना लगा रहा।

**मौसम में बदलाव से बढ़ी मिठास :** आढ़ती अहमद उल्ला ने बताया कि इस बार आम की गुणवत्ता और पैदावार अच्छी है। आकार भी पहले से बड़ा है। मौसम में आए बदलाव से फसल को फायदा हुआ है। बीच में हुई बारिश से दशहरी की मिठास बढ़ी है और आम जल्द पकेगा। आम की आवक होने से कारोबार शुरू हो गया है। दो माह तक मंडी में इसी तरह रौनक रहेगी। देशभर की प्रमुख मंडियों में यहां से आम भेजा जाएगा। आढ़ती आतिफ खान ने कहा कि शुरुआत में आम की 22 किलो की कैरेट 500 से 600 में बिकी है।

# 2504 एकड़ में बसेगा नैमिष नगर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 3,500 एकड़ क्षेत्रफल किया गया था चयनित
- योजना में आ रहा आबादी क्षेत्र किया बाहर

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) बीकेटी में नैमिष नगर जल्द बसाएगा। यह आवासीय योजना 2504 एकड़ में विकसित की जाएगी। इससे क्षेत्र में लोगों का आशियाना पाने का सपना पूरा होगा। योजना में 14 गांवों की भूमि अधिग्रहित की जाएगी। इसकी कार्ययोजना प्राधिकरण ने तैयार कर ली है। बोर्ड बैठक में भी प्रस्ताव पास हो चुका है।

एलडीए नैमिष नगर योजना बीकेटी में सीतापुर, रैथा रोड पर विकसित करेगा। इस योजना में ग्राम भौली, लक्ष्मीपुर, पूरब गांव, पुरवा, सैरपुर, फर्रुखाबाद, कोड़री भौली, कमलाबाद, कमलापुर, पलहरी, गोपरामऊ, बारूमऊ, धतिंगरा व सैदापुर की भूमि अधिग्रहित की जाएगी। कुल 3,500 एकड़ में इस योजना का प्रस्ताव तैयार किया था। जो बोर्ड बैठक में स्वीकृत होने के बाद क्षेत्र का ड्रोन व स्थलीय सर्वे कराया गया। इसमें 996 एकड़ पर आबादी निकली। जिसे छोड़ते हुए 2504 एकड़ भूमि योजना के लिए चिह्नित की गई है। अब यह प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस योजना से बीकेटी क्षेत्र में लोगों का आशियाना पाने का सपना पूरा होगा। किसानों से जमीन उनकी सहमति, लैंड पूलिंग और अधिग्रहण करके ली जाएगी।

### पहले आओ, पहले पाओ मिनी किट और अनुदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में खरीफ फसलों के बीज और अनुदान पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर वितरित किए जाएंगे। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने खरीफ फसलों के बीजों की उपलब्धता राजकीय बीज गोदामों पर है। पंजीकृत किसानों को धान, उड़द, अरहर, मूंग, ढेंचा, तिल के बीज 50 फीसद अनुदान पर 2 हेक्टेयर जोत सीमा तक दिया जाएगा। जबकि उड़द, मूंग, अरहर, ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदा व मडुआ के बीजों की मिनी किट निशुल्क बांटी जाएगी। वितरण शुरू हो गया है। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किसान लाभ उठाएं।


चारबाग रेलवे स्टेशन पर उमड़ी परीक्षार्थियों और यात्रियों की भीड़।

## रेलवे स्टेशनों पर दिखी अभ्यर्थियों की भीड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के रेलवे स्टेशनों और बस स्टेशनों पर रविवार शाम को बीएड प्रवेश परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों की भीड़ दिखाई पड़ी। चारबाग रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर सबसे अधिक भीड़ रही। परीक्षा के लिए देर रात से ही अभ्यर्थी स्टेशन के परिसर में बैठे नजर आए। वहीं परीक्षा समाप्त होने पर स्टेशन पर पहुंचे अभ्यर्थी प्लेटफार्म पर ट्रेन आते ही सीट कब्जाने के लिए खिड़कियों से घुसकर अंदर पहुंचे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पीएसी व आरपीएफ-जीआरपी ने मोर्चा संभाला। मनमाने रुपये वसूले वहीं परीक्षा केंद्रों के बाहर जब अभ्यर्थी पहुंचे तो उनके बैग और मोबाइल रखने का कोई भी इंतजाम परीक्षा केंद्रो पर नहीं था। ऐसे में केंद्रों के आस पास स्थित दुकानदारों ने उनके बैग और मोबाइल सुरक्षित रखने के नाम पर मनमाने रुपये वसूले।

# राजधानी के 22 केंद्रों पर हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बीएड कक्षाओं में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा लखनऊ के 22 केंद्रों पर दो पालियों में ली गई। सुबह 9 से 12 बजे तक और अपरान्ह 2 बजे से 5 बजे शाम तक यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। इन केंद्रों पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए और प्रदेश के बाहर बिहार झारखंड तक परीक्षार्थी आए हुए थे। करीब 10 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने कड़ी जांच और सीसीटीवी निगरानी के बाद परीक्षा में शामिल हुए। चिलचिलाती गर्मी और तेज धूप में कई महिला अभ्यर्थियों को परेशान देखा गया जो अपने नन्हें-मुन्ने बच्चों के साथ परीक्षा देने आई थी।

रविवार को आयोजित बीएड प्रवेश परीक्षा में प्रश्नपत्र औसतन मॉडरेट रहा। जबकि कुछ अभ्यर्थियों ने बताया कि इस बार व्याकरण के सवालों की भरमार रही। सुभाष चंद्र बोस महाविद्यालय अलीगंज परीक्षा देने आए कुशाग्र मिश्रा और रोहित उपाध्याय ने बताया कि पेपर आसान था लेकिन रिजनिंग के सवालों ने काफी उलझाया। तो वहीं नेशनल पीजी कॉलेज में परीक्षा देने बिहार से आई सुष्मिता, बेबी कुमारी ने बताया कि आसान सवाल थे लेकिन मेरिट हाई जाएगी ऐसे में सरकारी कॉलेज मिलना मुश्किल होगा।


केकेसी कॉलेज से संयुक्त बी एड प्रवेश परीक्षा देकर निकलते अभ्यर्थी। अमृत विचार

- बिहार और झारखंड से परीक्षा देने आए अभ्यर्थी
- दो पालियों में परीक्षा शांति पूर्वक सम्पन्न हुई

### इन विश्वविद्यालयों में हुई परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय, महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी, महात्मा गांधी काशी विद्या पीठ, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, एएसयू इलाहाबाद, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, सिद्धार्थनगर विश्वविद्यालय, ख्वाजा मोई द्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय, राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय।

### निगेटिव मार्किंग होगी मेरिट में

इस परीक्षा में प्रत्येक गलत उत्तर पर 0.33 अंक काटे जाएंगे जबकि सही उत्तर पर पूरे 2 अंक मिलेंगे। प्रत्येक पाली की 3 घंटे की परीक्षा में पहले प्रश्न पत्र में सामान्य ज्ञान और भाषा से 50-50 प्रश्न पूछे गए। जबकि दूसरे पाली की परीक्षा में सामान्य अभिरुचि परीक्षण और एक विषय संबंधित परीक्षा के प्रश्न कुल 100 प्रश्न रहे। पहले प्रश्न पत्र में उत्तर प्रदेश से संबंधित प्रश्न अधिक पूछे गए।

## एक नजर

### निरस्त किए तीन उर्वरक लाइसेंस, एक को नोटिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि विभाग ने उर्वरक की बिक्री व स्टॉक में गड़बड़ी मिलने पर निलंबित किए गए तीन फुटकर विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं। साथ ही इस खेल में शामिल एक थोक विक्रेता पर कार्रवाई की तैयारी है। पिछले सप्ताह जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह व अपर जिला कृषि अधिकारी हर्षित त्रिपाठी ने बीकेटी की उर्वरक दुकानों में छापा मारा था। इस दौरान तीन फुटकर विक्रेताओं के यहां यूरिया का स्टॉक और बिक्री में काफी अंतर पाया था। मौके पर नोटिस जारी करके लाइसेंस निलंबित किए थे। विक्रेताओं द्वारा बिक्री के साक्ष्य नहीं दिए गए न नोटिस का जवाब दिया। ऐसे में तीनों के लाइसेंस निरस्त कर दिए। साथी इस खेल में शामिल एक थोक विक्रेता को नोटिस जारी किया। जिन पर कार्रवाई की तैयारी है।

# तेज धूप और उमस ने किया परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** तेज धूप और उमस ने रविवार को लोगों का परेशान किया। दोपहर 1:30 बजे तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं गर्म हवा के थपेड़ों का भी लोगों को सामना करना पड़ा। सुबह बादल छाए हुए थे। 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवा चली। वहीं शाम को तेज हवाएं चलने पर लोगों को थोड़ी राहत मिली।

पिछले कई दिनों से चल रही नम पूर्वी हवा का प्रभाव अब खत्म हो गया है। सुबह से ही पश्चिमी हवा चल रही।फिर से भीषण गर्मी का दौर अगले कुछ दिनों में शुरू होने के आसार हैं। रविवार को अधिकतम तापमान तापमान 39.7 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 0.5 डिग्री कम था। वहीं न्यूनतम तापमान 28.0 डिग्री दर्ज हुआ जो कि सामान्य से 1.8 अधिक था।


गर्मी से बचने के लिए छाता लगाकर अपने गंतव्य को जाती युवतियां। अमृत विचार

### लखनऊ में बनी रहेगी बादलों की आवाजाही

मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले कुछ दिनों तक लखनऊ में इसके आसपास के इलाकों में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। बादल छाए रहेंगे कई जगहों पर हल्की बारिश की संभावना हैं। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कुछ इलाकों में आज बारिश की संभावना है।

## तकनीकी खामी के चलते नहीं हो रही सुनवाई उपभोक्ता परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** तकनीकी खामी के चलते उपभोक्ताओं की शिकायतों के बना बिजली विभाग का हेल्पलाइन नंबर 1912 रविवार सुबह बंद हो गया। इसके चलते उपभोक्ता अपनी बिजली संबंधी को दर्ज कराने के लिए परेशान रहे। वहीं हेल्पलाइन नंबर में आई तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए बीएसएनएल की टीम सुबह 8 बजे से जुटी हुई है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के राजधानी सहित यूपी के 19 जिलों के उपभोक्ताओं की रविवार सुबह से बिजली शिकायतों की सुनवाई के लिए बना 1912 तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह समस्या हुसैनगंज स्थित 1912 कॉल सेंटर में तकनीकी खामी आने से शुरू हुई। इसके कारण उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के कॉल रिसीव नहीं हो पा रही है। इसके कारण उनकी समस्याओं का निराकरण भी नहीं हो पा रहा है। तकनीकी खराबी को दूर करने के कंपनी के एक्सपर्ट इस कार्य में लगे हुए है।

# भारत गौरव पर्यटक ट्रेन कराएगी पांच धार्मिक स्थलों के दर्शन

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** आईआरसीटीसी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन से पांच धार्मिक स्थलों का दर्शन कराएगा। यह ट्रेन गोरखपुर से 7 जून को चलेगी और उसी दिन शाम 7.55 बजे लखनऊ में पहुंचेगी। यात्रा का समापन 18 जून को होगा। श्रद्धालुओं एवं अन्य पर्यटकों को यह मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, तिरुपति बालाजी मंदिर, मीनाक्षी मंदिर मदुरै, रामेश्वरम और कन्याकुमारी के धार्मिक स्थलों का दर्शन कराएगी।

12 दिन के लिए चलने वाली इस ट्रेन में चढ़ने व उतरने के लिए गोरखपुर, मनकापुर, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, प्रयागराज संगम, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन (झांसी) और ललितपुर स्टेशनों पर सुविधा है।पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इस गाड़ी में यात्रा के लिए लखनऊ, गोमतीनगर स्थित आईआरसीटीसी के कार्यालय से अथवा बेवसाइट www.irctctourism.com पर टिकट बुक कराया जा सकता है। इस ट्रेन में स्लीपर के 9, एसी थर्ड का एक और एसी सेकेंड का एक कोच होगा। पेंट्रीकार भी रहेगी।




### डीआरएम ने किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे, लखनऊ के मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने मण्डल के अन्य अधिकारियों के साथ विंडो ट्रेलिंग करते हुए लखनऊ-उतरेटिया- ट्रांसपोर्ट नगर-आलमनगर-लखनऊ रेलखंड की संरक्षा व्यवस्था को परखा एवं मार्ग में उतरेटिया-ट्रांसपोर्ट नगर-आलमनगर स्टेशनों का निरीक्षण किया। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक कुलदीप तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि डीआरएम ने उतरेटिया रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का गहन निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफार्म, शौचालय, टिकट वितरण काउंटर, सर्कुलेटिंग एरिया, पैनल रूम एवं उद्घोषणा प्रणाली तथा सेकंड एंट्री की ओर चल रहे निर्माण कार्यों को देखा और संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

# रिवर योग अभियान में बीबीएयू शिक्षकों और छात्रों ने लिया भाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमती नदी के किनारे हुआ विहंगम योगाभ्यास कार्यक्रम

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के पहले ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय योगमय हो गया है। विश्वविद्यालय की ओर से गोमती नदी के किनारे गौघाट पर आयोजित 'रिवर योग' अभियान में कुलपति समेत शिक्षकों और छात्रों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पर्यावरण बचाने और स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। विश्वविद्यालय द्वारा 60 दिवसीय अभियान पिछले 21 अप्रैल से आरंभ किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य योग और घाटों की सफाई के माध्यम से जनजागरुकता फैलाना है।

रिवर योग अभियान का संचालन 137 कंपोज़िट इकोलॉजिकल टास्क फोर्स बटालियन (टेरिटोरियल आर्मी), 39 गोरखा राइफल्स की गोमती टास्क फोर्स द्वारा किया जा रहा है। अभियान को लखनऊ नगर निगम, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय और राज्य स्वच्छ गंगा मिशन (एसएमसीजी यूपी) का सक्रिय सहयोग प्राप्त है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक दिन गौघाट पर योगाभ्यास के उपरांत घाट पर सफाई अभियान का आयोजन किया जा रहा है। विशेष रूप से 27 मई से 6 जून तक यह गतिविधि गौ घाट पर केंद्रित की गई है, जिसमें नागरिकों, छात्रों, एनएसएस स्वयंसेवकों और प्रशासनिक प्रतिनिधी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर बीबीएयू कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के साथ पर्यावरण विज्ञान विभाग, बीबीएयू के विभागाध्यक्ष व पर्यावरणविद् प्रो. वेंकटेश दत्ता व 137 कंपोज़िट इकोलॉजिकल टास्क फोर्स बटालियन की ओर से मेजर कंवरदीप सिंह नागी भी उपस्थित रहे।


रिवर योग अभियान में हिस्सा लेते कुलपति व अन्य। अमृत विचार

बुरा हाल

फटकार के बाद भी नहीं हटी आम मंडी, कारोबार शुरू

# मैडम कमिश्नर ... अवैध आम की मंडी लग रही वहीं पर


मलिहाबाद में लखनऊ-हरदोई हाईवे किनारे आम लोड करने से लगा जाम। अमृत विचार


मलिहाबाद में अवैध मंडी का निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। (फाइल फोटो)

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मंडलायुक्त ने निरीक्षण के दौरान दिए थे अवैध आम मंडी को तत्काल हटाने के निर्देश
- मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन नहीं करा पाया पुलिस-प्रशासन

**अमृत विचार :** सड़क हादसे के बढ़ते ग्राफ को देखते हुए मुख्यमंत्री का सख्त आदेश है कि हाईवे किनारे किसी तरह का कारोबार नहीं किया जाएगा और न ही मार्ग पर वाहन खडे.होंगे। इसके बाद भी मलिहाबाद में हाईवे किनारे अवैध आम मंडी मनमाने तरीके से रविवार को शुरू हो गई। मंडलायुक्त (कमिश्नर) डॉ. रोशन जैकब की फटकार का भी असर नहीं दिखा। आढ़तियों की जिद और स्थानीय पुलिस-प्रशासन के संरक्षण के आगे वह भी बेबस दिखीं। जिनकी फटकार और निर्देश के बावजूद अवैध मंडी समय रहते नहीं हटाई गई। अब इस अवैध कारोबार से किसी की जान जाए, घंटों जाम लगे या राजस्व को करोड़ों रुपये की चपत लगे इसकी जिम्मेदारों को कोई परवाह नहीं है।

इसे पुलिस-प्रशासन की अनदेखी नहीं बल्कि संरक्षण कहा जाए तो गलत न होगा। जिनकी आंखों के सामने ही मलिहाबाद में हाईवे किनारे अवैध आम मंडी सजी और कार्रवाई करने के बजाय जिम्मेदार चुपचाप देखते रहे। मंडी समिति और आढ़तियों ने अवैध आम मंडी से नुकसान बताकर खुलकर विरोध किया और आवंटित दुकानें वापस करने तक की चेतावनी दी। फिर भी कोई फर्क नहीं पड़ा।

शुक्रवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने स्वयं अवैध आम मंडी का निरीक्षण किया था और एसडीएम को फटकार लगाकर तत्काल मंडी हटाने के निर्देश दिए थे। विशिष्ट मंडी के आढ़तियों की समस्याओं से जिलाधिकारी को फोन पर अवगत भी कराया था। इसके बाद भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। नतीजा यह हुआ कि 1 जून से हाईवे किनारे अवैध आम मंडी में कारोबार शुरू हो गया। पहले दिन कारोबार हल्का रहा लेकिन, पल-पल हाईवे पर जाम के हालात रहे।

# कोरोना के आंकड़े नहीं दे पा रहा स्वास्थ्य विभाग

## राजधानी में अब तक मिले चार में से तीन संक्रमित मरीज निजी केंद्रों के

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




**अमृत विचार :** शहर में कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं। लोग निजी केंद्रों पर जांच करवा रहे हैं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग इसको लेकर सुस्त रवैया अपना रहा है। कोरोना के आ रहे मामलों के आंकड़े तक विभाग के पास नहीं हैं। इसके पीछे की वजह निजी केंद्रों की ओर से आंकड़ें साझा न करने की बात सामने आ रही है। स्वास्थ्य विभाग के अफसर अब निजी केंद्र पर सख्ती करने की तैयारी कर रहे हैं।

शहर में अभी तक चार मामले कोरोना के सामने आ चुके हैं। इनमें से उत्तराखंड से लौटे एक बुजुर्ग पुरुष मरीज (60) की जांच पीजीआई में हुई थी। पीजीआई के डॉक्टरों ने मरीज में कोरोना के नए वैरिएंट जेएन-1 की पुष्टि की थी। वहीं, आशियाना रुचिखंड की महिला (53) को निजी केंद्र में जांच में कोरोना की पुष्टि हुई। इन दोनों मरीज की ट्रैवेल हिस्ट्री मिली थी। दोनों ही लोग अलग-अलग तारीख में उत्तराखंड की धार्मिक यात्रा करके लौटे थे।

इसके अलावा डालीगंज के लाहौरगंज की वृद्धा (68) और गोमती नगर विश्वास खंड के युवक (20) में भी कोरोना की पुष्टि हुई है। दोनों ही मरीज की लक्षण के आधार पर परिवारीजनों ने निजी केंद्र पर जांच करवाई। दोनों को कोरोना की पुष्टि हुई, लेकिन सीएमओ कार्यालय के अफसर और खुद सीएमओ इस जानकारी से अनभिज्ञता जताते रहे। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने दो नए मरीज मिलने की जानकारी से शनिवार रात को इनकार किया। फिर भी रविवार को सीएमओ कार्यालय से एक मरीज में ही कोरोना वायरस होने की जानकारी की पुष्टि की। एक अन्य मामले की उन्हें जानकारी भी रविवार को ही हो सकी।

ऐसे में यह साफ है कि निजी केंद्र सीएमओ कार्यालय को कोरोना की जानकारी देने में आनाकानी कर रहे हैं। सीएमओ कार्यालय के अफसर भी सुस्त हैं। एसी से निकलकर केंद्रों के निरीक्षण में करने में हीलाहवाली कर रहे हैं। निजी केंद्रों पर कोरोना की जांच रिपोर्ट की जानकारी साझा न करने पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।


जिला प्रोबेशन अधिकारी व आरएसएस के सुधीर गुप्ता समेत कोविड से प्रभावित महिलाएं।

### कोविड में अनाथ बच्चों को जीडी गोयनका देगा ट्रेनिंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** कोविड महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों को जीडी गोयनका ग्रुप निशुल्क कौशल विकास की ट्रेनिंग देगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े सेवाभारती के सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में कोविड प्रभावित परिवारों की महिताओं ने जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह से मुलाकात किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास ने बताया कि जीडी गोयनका ग्रुप द्वारा ऐसे बच्चे जिनकी उम्र 17 वर्ष हो चुकी है और योग्यता इंटरमीडिएट हो ऐसे बच्चों को 6-12 माह की अवधि के लिए कंम्प्यूटर, हास्पिटैलिटी, होटल मैनेजमेंट, डिजिटल मार्केटिंग, एकाउंट और फायर सेफ्टी का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। ट्रेनिंग के बाद 15 हजार से 20 हजार के बीच वेतन भी दिया जाएगा।

# फ्रैक्चर हाथ में था ट्यूमर चिकित्सकों ने की सफल सर्जरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में पहली बार हुआ बोन ट्यूमर का ऑपरेशन
- चार घंटे की सर्जरी बाद ट्यूमर को निकालकर वहां पर प्लेट लगाई गई

**अमृत विचार :** महिला के फ्रैक्चर हाथ में बोन ट्यूमर की ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल में सफल सर्जरी हुई है। अस्पताल प्रशासन का दावा है कि पहली बार अस्पताल में इस तरह का ऑपरेशन किया गया है।

सीतापुर की रहने वाली मोमिना (26) के तीन माह पहले बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया। पति उस्मान ने बताया नजदीकी डॉक्टर को दिखाने पर उसने प्लास्टर चढ़ा दिया। एक माह बाद प्लास्टर खुला, लेकिन राहत नहीं मिली। हाथ ने भी काम करना बंद कर दिया था। महिला ने परिजनों के साथ करीब 10 दिन पहले ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय की ओपीडी में दिखाया। आर्थोपैडिक सर्जन डॉ. कर्मवीर ने मरीज को देखा और जरूरी जांच कराई। जांच रिपोर्ट में महिला के हाथ में बोन ट्यूमर होने की पुष्टि हुई। डॉक्टर ने ऑपरेशन की सलाह दी। परिजन ऑपरेशन के लिए राजी हो गए। अस्पताल सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया बोन ट्यूमर की वजह से महिला के हाथ की हड्डी गल गई थी। इससे हाथ ने काम करना बंद कर दिया था। बताया चार घंटे की सर्जरी बाद ट्यूमर को निकालकर वहां पर प्लेट लगाई गई है। ट्यूमर को जांच के लिए भेजा गया है। बताया अस्पताल में बोन ट्यूमर से जुड़ी पहली सर्जरी हुई है।

### एक नजर

#### लखनऊ में शुरू हुआ देश का पहला गोल्ड लीज़िंग सेंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश के पहले फिजिकल गोल्ड लीज़िंग सेंटर का शुभारंभ लखनऊ में हुआ है। होमग्रोन फिनटेक स्टार्टअप माई गोल्ड नाम से इसे शुरु किया गया है। यहां पर मशीन कैरेट मीटर के जरिए सोने की शुद्धता जांचती है। इस स्टार्टअप का उद्देश्य है देश के 25,000 टन निष्क्रिय सोने को सक्रिय बनाना और उसे एक कमाई का ज़रिया बनाना।

#### समाचार पत्र वितरक की माता का निधन



**अमृत विचार, लखनऊ :** 1 जून को इंजीनियरिंग कॉलेज सेंटर के समाचार पत्र वितरक विकास मंच के नगर प्रभारी शिव प्रसाद सिंह की माता सरस्वती देवी का उनके निज आवास पर प्रातः लगभग 10 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वह लगभग 90 वर्ष की थी। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। वितरक विकास मंच के अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने गहरा शोक जताते हुए कहा कि मां के अंतिम संस्कार के लिए उन्हें रविवार को लगभग 12 बजे उनके गृह जनपद मिर्जापुर ले जाया गया। जहां पर उनके पैतृक गांव में स्थित गंगा घाट पर उनका विधिवत अंतिम संस्कार किया गया। इस दुख की घड़ी में लखनऊ वितरक विकास मंच के अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट व पदाधिकारियों तथा अवध समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के अध्यक्ष मान सिंह, इंजीनियरिंग कॉलेज सेंटर के वितरक साथियों सहित पूरे लखनऊ के वितरक भाइयों की ओर से गहरा शोक व्यक्त किया गया।

#### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजाजीपुरम में जानलेवा हमले के आरोपित को तालकटोरा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। राजाजीपुरम सी- ब्लॉक निवासी नंदू देवी ने बीते दिसंबर में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह बेटे राजीव के साथ अपने घर के बाहर खड़ी थी। तभी अरविंद रावत ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनपर फायरिंग कर दी। किसी तरह वह वह बाल-बाल बच गए। इंस्पेक्टर तालकटोरा के मुताबिक हरदोई कासिमपुर के अरविंद रावत को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# 80 रोगियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता, लखनऊ

- डॉ. संदीप श्रीवास्तव द्वारा निशुल्क कपिंग, निडलिन एवं एक्साइज कराया गया



रोगी की जांच करते डॉक्टर।

**अमृत विचार:** श्री चित्रगुप्त सेवा समिति ट्रस्ट राजाजीपुरम परिक्षेत्र के द्वारा आयोजित दो दिवसीय चिकित्सा शिविर का रविवार को समापन हो गया। शिविर में लगभग 80 रोगियों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार कराया गया तथा निशुल्क सुविधाओं का लाभ लिया गया।

पायनियर पैथालोजी द्वारा निशुल्क ब्लड की जांचें की गईं। डॉ. संदीप श्रीवास्तव द्वारा निशुल्क कपिंग, निडलिन एवं एक्साइज कराया गया साथ ही पापुलर होम्योपैथिक स्टोर द्वारा निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। श्री चित्रगुप्त सेवा समिति ट्रस्ट राजाजीपुरम, परिक्षेत्र के अध्यक्ष ओम प्रकाश श्रीवास्तव महामंत्री गोपी कृष्ण श्रीवास्तव सदस्य आनंद किशोर सक्सेना, सदस्य पूरमिल खरे, अलोक कुमार, विवेक श्रीवास्तव मनीषा श्रीवास्तव सचिन श्रीवास्तव, रूचि श्रीवास्तव, रमेशं कुमार श्रीवास्तव, डा. पद्मनी श्रीवास्तव मनजुपा खरे, आलोक खरे आदि द्वारा शिविर में आये डाक्टर्स पैथालोजिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट का सम्मान एवं आभार व्यक्त किया गया।

### रामकृष्ण मठ में 21 जून तक चलेगा योग शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** निराला नगर स्थित रामकृष्ण मठ में विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक आयुर्विज्ञान संस्थान के योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विभाग की ओर से रोजाना सुबह 5:45 से 6:45 तक योग शिविर का संचालन किया जा रहा है। यह निरंतर 21 जून तक चलता रहेगा। रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने लखनऊ के नागरिकों से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के कारण ही संयुक्त राष्ट्र ने 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। योग की इस वैश्विक मान्यता भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का सुबूत है। उन्होंने कहा कि योग महज एक अभ्यास नहीं है। यह संपूर्ण राष्ट्र के लिए स्वास्थ्य, आंतरिक शांति और वैश्विक कल्याण के लिए एक आंदोलन है।

# बाहर की दवाएं लिखने की जांच करेगी कमेटी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में बाहर से दवा लिखने मामले का स्वास्थ्य विभाग ने लिया संज्ञान
- एडी मंडल के निर्देश पर बनाई गई दो सदस्यीय जांच कमेटी


पर्चा एक रुपये का, दवाएं एक हजार की

अमृत विचार में प्रकाशित खबर

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों को बाहर की दवाएं लिखने के मामले की अमृत विचार में प्रकाशित खबर का स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लिया है। जांच के लिए एडी मंडल के निर्देश पर दो सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया गया। रिपोर्ट के आधार पर सम्बंधित चिकित्सक के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल के टीबी एंड चेस्ट विभाग में शनिवार को एक डॉक्टर ने कई मरीजों को बाहर की दवाएं लिखीं। साथ ही अस्पताल के बाहर एक चिह्नित मेडिकल स्टोर के बारे बताकर वहीं से दवा लेने की बात कही। एक मरीज ने बाहर से दवा लिखे जाने की शिकायत अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह से की थी। सीएमएस ने डॉक्टर को नोटिस जारी किया है।

अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही आरोपी डॉक्टर को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। पर्चे की डिटेल के आधार पर पीड़ित मरीज और तीमारदारों को बुलाकर उनके भी बयान लिए जाएंगे।

स्वास्थ्य विभाग के लखनऊ मंडल के एडी मंडल डॉ. जीपी गुप्ता ने बताया कि ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल में मरीजों को बाहर की दवाएं लिखने के मामले में दो सदस्यीय जांच कमेटी बना दी गई है। कमेटी के रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।


प्रदर्शनी का अवलोकन करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य। अमृत विचार

# शुरू हुई अनिल रिसाल सिंह की तस्वीरों की प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिनेप्स इंटरनेशनल आर्ट गैलरी और सेंट्रम होटल ने संयुक्त रूप से प्रख्यात फोटोग्राफर अनिल रिसाल सिंह की एकल फोटोग्राफी प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नीलाब्जा चौधरी ने किया। यह प्रदर्शनी 15 जून तक लोगों के अवलोकनार्थ खुली रहेगी।

प्रदर्शनी के उदघाटन के मौके पर फिल्म अभिनेता और वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी, कला एवं शिल्प महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. जय कृष्ण अग्रवाल, मैराथन धावक और शिक्षाविद सर्वेश गोयल, ज्योत्सना अरुण, नमित अग्रवाल, पद्म भूषण पूर्णिमा वर्मन, अखिलेश निगम, राकेश कुमार मौर्य तथा भगवती पंत की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

गैलरी के संस्थापक और निदेशक राकेश कुमार मौर्य ने द रेजीडेंसी थाउजेंड स्टोरीज विदिन नामक प्रदर्शनी के बारे में बताया कि यह प्रदर्शनी फोटोग्राफी के माध्यम से संभावनाओं की गहन खोज है। गैलरी में 30 फोटोग्राफिक कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं, जो कलाकार की रचनात्मक अभिव्यक्ति को दर्शाती हैं, क्योंकि वह अपने कैमरे के माध्यम से द रेजीडेंसी के सार को खोजता, विश्लेषण और कैप्चर करता है।

रेजीडेंसी की ये तस्वीरें प्रख्यात फोटोग्राफर अनिल रिसाल सिंह द्वारा बनाए गए अलगाव, दृश्य और अवधारणा को उजागर करती हैं। अपनी तस्वीरों के माध्यम से उनका उद्देश्य एक आंतरिक दृष्टि को प्रकट करना है, कुछ असाधारण बनाना है जो कैमरे के लैंस के माध्यम से देखने पर जीवंत हो जाता है। वह इस वातावरण में मौजूद शानदार रेखाओं, ऊर्जा और स्थानों पर जोर देते हैं, स्थिरता और गति के बीच संतुलन प्राप्त करते हैं, जो उन्हें लगातार सौंदर्य संभावनाओं का पता लगाने के लिए प्रेरित करती है।

### ठेकेदारों रात के अंधेरे में काट दिया आम का पेड़

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा, काकोरी, दुबग्गा क्षेत्र में रात के अंधेरे में एक आम के पेड़ को काटने का मामला प्रकाश में आया है। पारा के सरोसा भरोसा इलाके में स्थित यह आम का पेड़ फलों से लदा हुआ था। जो कुछ ठेकेदारों की मदद से रात के अंधेरे में इस हरे-भरे पेड़ को काट डाला। वहीं जब इसकी सूचना सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद वन विभाग की टीम के वन दरोगा मंगतू प्रसाद और फॉरेस्ट गार्ड शिल्पी सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। और टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पेड़ काटने वालों की पहचान की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चे की मौत मामले की गुत्थी उलझी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दुबग्गा के निजी अस्पताल में फोड़े के ऑपरेशन के बाद हो गई थी बच्चे की मौत



फोड़े के ऑपरेशन के बाद बच्चे की मौत, हंगामा

रविवार के अंक में प्रकाशित खबर।

**अमृत विचार :** दुबग्गा के निजी अस्पताल में फोड़े के ऑपरेशन के बाद बच्चे की मौत प्रकरण की गुत्थी सुलझने के बजाय उलझ गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में वजह साफ न होने के कारण विसरा सुरक्षित किया गया है। रिपोर्ट आने बाद मौत की वजह साफ होगी। वहीं अस्पताल प्रशासन बच्चे की मौत दिल का दौरा पड़ने से होने का दावा किया था।

हरदोई के बेनीगंज निवासी किसान बैजनाथ मौर्या का बेटा प्रांजल (5) के सीने में फोड़ा था। परिजनों ने पहले हरदोई के कोथावां स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से दुबग्गा के अंधे की चौकी स्थित न्यू वेदांता हॉस्पिटल रेफर किया गया था। परिजनों ने शुक्रवार दोपहर बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां डॉक्टरों ने फोड़ा का ऑपरेशन किया।

ऑपरेशन के एक घंटे के अंदर ही बच्चे की मौत हो गई थी। मां रूबी ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हंगामा शुरू किया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बच्चे के मौत की वजह साफ नहीं हो सकी है। वहीं पुलिस ने सीएमओ को पत्र भेजकर जांच करके रिपोर्ट मांगी है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है पुलिस के जरिये भेजे गए शिकायती पत्र के आधार पर जांच होगी।



रक्तदान शिविर में मौजूद वी हेल्प फाउंडेशन के सचिव व अन्य। अमृत विचार

### वी हेल्प फाउंडेशन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** वी हेल्प फाउंडेशन के सचिव नावेद अहमद की ओर से वेलेंसिया इंटरनेशनल स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 30 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। संस्था की ओर से रक्तदाताओं को खाने पीने और आराम करके घर वापस जाने की व्यवस्था कराई गई थी। वी हेल्प फाउंडेशन के सचिव नावेद अहमद ने बताया कि यह रक्तदान मिशन सिंदूर में घायल हमारे फौजियों के लिए राष्ट्र को समर्पित है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अब्बास अली मेहंदी वाइस चांसलर एरा यूनिवर्सिटी, उदय प्रताप रिटायर्ड डीईजी, अम्मार अनीश नागरानी, प्रोफेसर सईदुल हसन वी हेल्प फाउंडेशन के सदस्य, उबेद अहमद, जावेद अहमद, मुकेश, साजन, आरिफ हाशमी, रही नवाज, मोहसिन चौधरी मौजूद थे।

# फैजुल्लागंज में निकली पीडीए संदेश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



पीडीए यात्रा निकालते समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** रविवार को फैजुल्लागंज में पीडीए संदेश यात्रा निकाली गई। ममता त्रिपाठी के नेतृत्व में घैला रोड स्थित मौर्या मार्केट से श्याम विहार कॉलोनी स्थित प्रजापति टावर तक सैकड़ों लोगों ने पीडीए संदेश यात्रा में भागीदारी की।

यात्रा के दौरान घर-घर जनसंपर्क कर लोगों से पीडीए नायक अखिलेश यादव के पक्ष में एकजुट होने की अपील की गई। एक निजी लान में पीडीए संदेश यात्रा को संबोधित करते हुए समाजवादी ममता त्रिपाठी ने बताया कि पीडीए 90 फीसदी जनता की एक जुटता का नाम है, पीडीए संविधान और आरक्षण की ढाल है। ममता त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने महिलाओं, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए जो अधिकार दिए यह उन संविधान प्रदत्त अधिकारों को बचाए रखने का वक्त है। आज बेरोजगारी व महंगाई से आम जनता परेशान है। ऐसे में आशा की किरण सिर्फ अखिलेश यादव हैं। हर बेरोजगार युवक उम्मीद की नजर से आज अखिलेश यादव की तरफ देख रहा है। उन्होंने सभी लोगों से अखिलेश यादव के पक्ष में एकजुट होने की अपील की इस दौरान समाजवादी पार्टी लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र के महासचिव सुधीर मौर्या, सपा वार्ड अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, दुर्गा वाहिनी की अध्यक्ष गुड़िया सिंह, आरएस गुप्ता, शिवेंद्र मिश्र, अमित तिवारी, सविता तिवारी, अभिषेक मिश्र, प्रियंका बाजपेई, प्रदीप अवस्थी, गोपाल तिवारी, संतोष राठौर, सविता यादव, पूनम जायसवाल, इशरत जहां, सोनी सिंह, पूनम गुप्ता, केतकी, तारा श्रीवास्तव, सर्वेश वर्मा, सियाराम यादव, उमेश चन्द्र मौर्या, संतोष कुमार गुप्ता, मोहम्मद यूनुस, राजेश वर्मा, मुरली प्रसाद वर्मा, सदानंद कुशवाहा, सुरेन्द्र कुमार, अविनाश, एसके श्रीवास्तव, अदनान खान, वागीश सक्सेना, प्रदीप कुमार, अभय प्रताप सिंह, नीतू, प्रीति वर्मा, श्वेता वर्मा, पूनम शर्मा, बेबी सिंह, सदावती वर्मा, सरोज यादव, ज्ञानवती शर्मा, रामविलास शर्मा, जगतपालसिंह, विनोद सिंह और दिनेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

DIRECT/COUNSELLING ADMISSION OPEN
CITY GROUP OF COLLEGES
(Affiliated to A.K.T.U. & Lucknow University, Approved by PCI, BCI, UPSMF)
LL.B. (3 &5 Years) | LL.M. | D.Pharm. (College Code : 2395) | B.Pharm. (College Code : 939) | B.Com.
B.Com. (H) | B.B.A. | B.C.A. | B.Sc. (Ag.) | M.B.A.
M.C.A. | M.Com. 6306233816, 9369638650
B.Sc. (Nursing) | B.M.L.S. | A.N.M. | G.N.M. | E.T.C.T.
O.T. Tech. 9918985809, 9369638650
CHINHAT | JANKIPURAM | ANSAL | AASHIYANA | BARABANKI

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मैंने अपनी पुत्री का पूर्व नाम निवरिति से बदलकर शताक्षी रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना-पहचाना जाये। **निधि चतुर्वेदी पत्नी अनुज कुमार शुक्ला नि0 म0 नं0 -4 तुलसीविला, बिचपुरीरोड, बोदला शाहगंज, जिला- आगरा, उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 1296261 वर्ष 2011 का अंक पत्र सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **अरविन्द कुमार पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम अमेठिया पो0 हरिहरपुर थाना टडियांवा जिला हरदोई।**

**सूचना**

सूच्य हो कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड में पॉलिसी संख्या 13071261 में मेरा नाम YOGESH KUMAR YADAV S/O SHIV PRAKASH लिखा हुआ है। जबकि अन्य अभिलेखों में YOGESH S/O SHIV PRASAD लिखा है। यह दोनों मेरे एक ही व्यक्ति के नाम है और मुझे दोनों नाम से जाना पहचाना और समझा जाता है। YOGESH S/O SHIV PRASAD R/O LALAU KHEDA, DEEH, UNNAO, UP-209801

**सूचना**

मैंने अपना नाम धर्मेश कालड़ा पुत्र श्याम सुंदर से बदलकर राधव कुमार पुत्र श्याम सुंदर कर लिया है। भविष्य में मुझे राधव कुमार के नाम से ही जाना और पहचाना जाए। **राधव कुमार पुत्र श्याम सुंदर निवासी 5 ई-40 बी.पी. थर्ड फ्लोर सूर्या हॉस्पिटल के पास फरीदाबाद हरियाणा।**

**सूचना**

सूचित हो कि कुन्दन पुत्र बुधई के छह बेटे हैं। जिसमें पुत्र लक्ष्मन और बहू शकुंतला परिवार के लोगों को प्रताड़ित कर रहे हैं। साथ ही परिवार के काम में कोई सहयोग नहीं कर रहे हैं। लक्ष्मन और शकुंतला का चाल चलन भी ठीक नहीं है। जिसके चलते बेटे व बहू को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अब दोनों के द्वारा किए गए कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। परिवार के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। **कुन्दन पुत्र बुधई निवासी ग्राम तप्पेसिपाह मथुरापुरवा थाना जरवल रोड बहराइच।**

**सूचना**

मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश Versh Trivedi (वर्षा त्रिवेदी) नाम दर्ज हो गया था। जबकि सही नाम varsha (वर्षा) हैं जोकि अन्य सभी अभिलेखों में दर्ज है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **विवेक कुमार त्रिवेदी निवासी - ग्रा. एकडला, विजुआमऊ पो. लालपुर कमलापुर सीतापुर**

**आयोजन** इप्टा के दास्तानगो शहज़ाद रिज़वी और फरजाना महदी ने की दास्तानगोई

# दास्तान-ए-अशफ़ाक को सुन लोग पहुंच गये काकोरी ट्रेन एक्शन तक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


शहज़ाद रिज़वी और फरजाना महदी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) की ओर से कैफ़ी आज़मी अकादमी में दास्तान-ए-अशफ़ाक का आयोजन किया गया। इप्टा के दास्तानगो शहज़ाद रिज़वी और फरजाना महदी ने काकोरी एक्शन के नायक अशफाक उल्ला खां पर फोकस दास्तान-ए-अशफ़ाक पेश की जिसे असगर मेंहदी ने लिखा था।

कार्यक्रम की शुरुआत रंगकर्मी अनिल रस्तोगी, आलोचक वीरेंद्र यादव और प्रो. नदीम हसनैन, राकेश वेदा और वीना राना ने कैफ़ी आज़मी की मूर्ति पर दीप जलाकर की। एक युवा बच्ची तनिषा ने इप्टा और बापू के लोग द्वारा देश भर में चलाए जा रहे सद्भाव अभियान में शामिल होने की अपील करते हुए दिया जलाया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए इप्टा की राष्ट्रीय कमेटी के सदस्य दीपक कबीर ने दर्शकों को दास्तान की भूमिका और दास्तानगो से परिचय कराते हुए कहा कि ये दास्तान आज के दौर में भी जगह-जगह करने की जरूरत है।

दास्तान की शुरुआत करते हुए शहज़ाद रिज़वी ने कहा :- बिस्मिल और अशफाक को शायरी ही नहीं बल्कि उनकी सोशलिज्म के प्रति मुहब्बत भी करीब लाई। फरजाना महदी ने काकोरी एक्शन के एक-एक पहलू को बताते हुए ऐसा मंजर खींचा कि लोगों को लगा जैसे वो सब कुछ अपने सामने होता हुआ देख रहे हैं। इस दास्तान में मौलवी अहमदुल्ला के वाक़िये से शुरू करके शाहजहांपुर के नौजवान मैनपुरी केस, काकोरी केस, उसके मुकदमे, उनकी फरारी पर दिलचस्प अंदाज में सुनाया गया।

जब दास्तान अपने उरूज़ पर फांसी के वाक़िये तक पहुंची तो लोगों की आंख में आंसू आ गए। अशफ़ाक उल्ला के वकील हजेला साहेब से जिरह भी लोगों को बहुत जानकारियों से भरी थी। एक घंटे लंबी इस दास्तान को देखने सुनने शहर भर से लोग रजिस्ट्रेशन करा के आए थे। जिनमें बड़ी संख्या में कलाकार, छात्र, बुजुर्ग, साहित्यकार शामिल थे। जिनमें शिक्षिका उपमा चतुर्वेदी, अंशु केडिया, रॉबिन वर्मा, संगीता जायसवाल, वेदा राकेश, सुनीता, ज्ञान चंद्र शुक्ला, राजेश श्रीवास्तव, राजू पांडे, रिजवान अली, फरीद, महिंदर पाल, भारतेंदु कश्यप, राकेश वर्मा और विश्वास यादव आदि प्रमुख थे।

### बकरीद में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करे सरकार : अनीस मंसूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि बकरीद पर्व को लेकर प्रदेश भर में समुचित प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि बकरीद के अवसर पर पशुपालन, खरीद-फरोख्त और कुर्बानी से जुड़े अधिकतर लोग पसमांदा मुस्लिम समाज से आते हैं। यह कार्य उनके जीवन यापन का मुख्य साधन है, जिससे हजारों परिवार प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने हाल ही में अलीगढ़ में कुरैशी बिरादरी के चार मीट व्यवसाइयों पर हुए जानलेवा हमले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं समाज में भय व आतंक का माहौल पैदा करती हैं।

# ये 'ग्रीन पार्क' नहीं, सीवर के पानी में उगी जलकुंभी है...

## फैजुल्लागंज के श्याम विहार कॉलोनी में सीवर का पानी भरने से उगी जलकुंभी, कच्चे रास्ते और जलभराव से परेशान नागरिक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जमीन और प्लाटों पर दूर तक फैली हरियाली देख इसे ग्रीन पार्क समझने की भूल कतई न करें। यह राजधानी के फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड के श्याम विहार कॉलोनी की तस्वीर है। कॉलोनी हो या इसके बीच में खाली पड़े प्लाट इनमें सीवर का पानी भरने के साथ ही जलकुंभी पहुंच गई। हाल यह रहा कि इतनी तेजी से जलकुंभी फैली कि लंबी दूरी तक ग्रीन पार्क सरीखी नजर आने लगी। हाल यह है कि लोग इसी में रास्ता ढूंढकर आगे बढ़ते हैं। यहीं नहीं वार्ड की अन्य प्रमुख समस्याओं में बरसात होने वाली है ऐसे में कच्चे रास्ते लोगों के समक्ष आवागमन में दिक्कतें बढ़ाने वाली है।

वहीं, जलभराव और कूड़े से पटे प्लाट मच्छरजनित बीमारियों के प्रसार में सहायक बन रहे हैं। ''अमृत विचार आपके द्वार'' टीम रविवार को यहां लोगों की समस्याएं जानने पहुंची तो लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोगों ने टीम को कॉलोनी का भ्रमण कराकर प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया।


फैजुल्ला गंज श्याम विहार कालोनी में सीवर के एक्त्र पानी में उगी जलकुम्भी। अमृत विचार

### घरों में घुस रहे हैं जहरीले सांप-बिच्छू

लोगों का कहना है कि गनीमत है कि जलकुंभी उग आई, नहीं तो सीवर के पानी से और बीमारियां फैलतीं। दुर्गंध से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा। इतना ही नहीं यहां गंदगी के कारण आए दिन लोगों के घरों में सांप और बिच्छू जैसे जहरीले कीड़े घुस आते हैं। लोगों के मुताबिक करीब 10 दिन पहले एक विषखोपड़ा घर मे घुस गया था। जिसे काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका।

### चलती है कॉलोनी में अवैध डेयरी, खुले में फेंका जाता है गोबर

कॉलोनी में अवैध डेयरी का संचालन भी किया जा रहा है। आरोप है डेयरी संचालक मवेशियों का गोबर खुले प्लाट में ही डंप करता है। इससे हर समय दुर्गंध आती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि डेयरी हटवाने को लेकर कई बार नगर निगम में शिकायत की जा चुकी लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। वहीं, विरोध पर डेयरी संचालक अभद्रता करता है।

### बांग्लादेशी रोहिंग्या ठेलिया चालक कर रहे कूड़ा कलेक्शन


ममता त्रिपाठी

श्याम विहार कॉलोनी में घनी आबादी के बीच पिछले आठ वर्षों से सीवर ओवरफ्लो होने से एक बडा इलाका तालाब नुमा बन गया है जिसके कारण इलाके में मच्छर जनित रोग फैलता है। विधायक डॉ. नीरज बोरा का जनता की परेशानियों से कोई वास्ता नहीं है। पूरी कॉलोनी में गंदगी व्याप्त है। भाजपा महिला पार्षद घर से बाहर नहीं निकलती, महिला पार्षद का प्रतिनिधि सफाई व्यवस्था में भ्रष्टाचार कर रहा है। महापौर की सख्ती के बाद भी वार्ड में तथाकथित बांग्लादेशी रोहिंग्या प्राइवेट ठेलिया से कूड़ा कलेक्शन कर रहे हैं, इनके जरिए माल कमाया जा रहा है। ठेलिया चालक बताते हैं कि प्रति ठेलिया दो हजार रुपये कमीशन देना पड़ता है।

–ममता त्रिपाठी, सामाजिक कार्यकर्ता

**अमृत विचार आपके द्वार**

टीम : पंकज द्विवेदी, नीरज अभिषेक
छायाकार : राजकुमार वाजपेयी

### समस्याओं पर बोले लोग


खाली पड़े प्लॉट पर सीवर की पानी में उगी जलकुंभी ने जीना मुश्किल कर दिया है। कॉलोनी में बदबू और मच्छरों ने आंतक मचा रखा है। नगरनिगम और पार्षद से समस्या का हल निकालने के लिए कई बार गुहार लगाई है। हल नहीं निकला। –बालेंद सिंह


25 साल पुरानी इस कॉलोनी के अधिकांश रास्ते अब तक कच्चे पड़े हैं। वहीं नियमित सफाई न होने के कारण यहां संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना रहता है। बावजूद इसके यहां न तो दवा का छिड़काव किया जाता है और न फागिंग की जाती है। – प्रदीप अवस्थी


पूरी कॉलोनी में अभी तक वाटर लाइन तक नहीं डाली गई है। सफाई न होने के कारण चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सरकारी अधिकारियों और पार्षद से कई बार अपनी समस्या से अवगत करा चुके है, सुनवाई नहीं हो रही है। – गुड़िया सिंह


नगरनिगम की गाड़ी कभी कूड़ा लेने कॉलोनी में नहीं आती है। इसके कारण लोग मजबूर होकर खाली पड़े प्लाटों में कूड़ा डाल रहे हैं। नगरनिगम और पार्षद दोनों ही समस्या को हल निकालने के लिए गंभीर नहीं है। –रामविलास


यहां बनी नालियों की नगर निगम कभी सफाई नहीं कराता है। इसके कारण अधिकांश नालियां चोक हैं। गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इसके कारण यहां आए दिन कोई न कोई बीमार बना रहता है। नगरनिगम को टैक्स से नेता को वोट से। – अभिषेक मिश्रा


जलकल विभाग हम लोगों से वाटर टैक्स तो ले रहा है, लेकिन सुविधाएं देने में काफी पीछे है। वर्षों निकल गये क्षेत्र में वाटर लाइन डालने की गुहार लगाते– लगाते, लेकिन कार्रवाई के नाम पर आज भी सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। –ओमप्रकाश


बारिश के पानी की निकासी के लिए कोई इंतजाम नहीं किया गया है। इसके कारण लोग बारिश होने से पहले परेशान हो रहे हैं। जलभराव के कारण कहीं इस बार भी लोगों को घरों में कैद न होना पडे। बच्चे स्कूल तक नहीं जा पाते। –मुकेश मिश्रा


नगर निगम की गाड़ी आए दिन बाहर से कूड़ा लाकर यहां पर डंप कर रही है। विरोध करने पर सफाईकर्मी लड़ने पर आमादा हो जाते है। कई बार नगरनिगम अधिकारियों और पार्षद को इस समस्या से रुबरु करा चुके हैं, हालात नहीं बदल रहे। –संतोष कुमार


कॉलोनी में कई जगह अवैध डेयरी का संचालन किया जा रहा है। ये डेयरी संचालक जानवरों की गंदगी को खुले प्लॉट और सड़कों पर फेंकते हैं। इससे होने वाली दुर्गंध और मच्छरों ने जीना मुश्किल कर रखा है। संबंधित विभागों में शिकायत की गई। कार्रवाई का इंतजार है। –जगन्नाथ त्रिपाठी


कॉलोनी में अभी भी कई गलियां ऐसी हैं जहां बिजली विभाग ने पोल तक नहीं लगाया है। ऐसें में लोगों ने बल्लियों के सहारे केबिल लटकाकर सप्लाई लेने को मजबूर हैं। बारिश में करंट आने का खतरा बना रहता है। लेकिन अभी बिजली विभाग चेत नहीं रहा है। –रवि वाल्मीकि


कॉलोनी के बीचोबीच जलकुंभी होने के कारण इसमें कई खतरनाक कीड़े मकौड़े और सांप पल रहे हैं। इसके कारण हर समय कोई न कोई दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। जलकुंभी को साफ कराने के लिए नगरनिगम में प्रार्थना पत्र दिया गया है। –माया राठौर


श्याम विहार कॉलोनी में सफाई, पानी, बिजली और और कच्चे रास्ते मुख्य समस्या हैं। तमाम शिकायतों के बाद भी न तो विभाग जागा, और न ही पार्षद चेता। इसके कारण लोग इन समस्याओं के बीच ही रहने को मजबूर है। –सत्यप्रकाश शर्मा


वार्ड में सबसे बड़ी समस्या पानी की है। टैक्स लेने के बाद भी जलकल विभाग आज तक वाटर लाइन नहीं डाल पाया है। शिकायत करने पर जल्द वाटर लाइन डालने का आश्चासन मिला है, पूरा कब होगा यह अधिकारी ही जानें। – गीता शर्मा


चारों तरफ गंदगी फैले होने के कारण बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं आए दिन संक्रामक रोग का शिकार हो रहे हैं। इसके बाद भी नगरनिगम और पार्षद दोनों ही न तो क्षेत्र में फागिंग करा रहे हैं, और न ही दवा का छिड़काव करा रहे है। –मनोज


फैजुल्ला गंज श्याम विहार कालोनी में खाली पडे प्लॉट में फैला कूड़ा।

### कच्चे रास्ते और खाली प्लॉट बने कूड़ा घर

लोगों के मुताबिक करीब 25 साल पुरानी इस कॉलोनी के 90 फीसदी रास्ते अभी भी कच्चे हैं। नगरनिगम की गाड़ी नियमित कूड़ा उठान नहीं करती। लोग मजबूर होकर खाली प्लाटों में कूड़ा डालते हैं।

### नगर निगम की टीम कॉलोनी में डंप कर रही कूड़ा

कॉलोनी के बीच में सीवर का पानी भरने के कारण खाली जमीन एक बड़े तालाब में तब्दील हो चुकी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम की गाड़ी अक्सर बाहर से कूड़ा लाकर यहां डंप कर जाती हैं। विरोध करने पर कर्मी अभद्रता करते हैं।


मैदान मे भरे सीवर के पानी के बीच पड़े विद्युत कार्य में उपयोग आने वाले डिब्बे।

### बरसात में घरों में कैद होने को मजबूर

स्थानीय लोगों के मुताबिक बारिश के पानी निकास को लेकर कोई व्यवस्था नहीं की गई है। बारिश में जलभराव होने से लोग घरों में कैद होकर रह जाते हैं। बच्चे स्कूल तक नहीं जा पाते।


बहते सीवर के बीच निकलते स्थानीय लोग। अमृत विचार

### नहीं पड़ी वाटर लाइन खरीद रहे पानी

स्थानीय लोगों ने बताया कि पूरे क्षेत्र में पानी सप्लाई के लिए लाइन नहीं डाली गई है। जबकि सभी लोग वाटर टैक्स भी दे रहें हैं। पानी के लिए लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। सक्षम लोगों ने तो घरों में सबमर्सिबल लगा रखा है, लेकिन जरूरतमंद पानी खरीदने को मजबूर हैं।


सीवर से बहते पानी से फांद कर निकलते क्षेत्रीय निवासी।

### बल्लियों के सहारे बिजली आपूर्ति

कॉलोनी में अभी कई गलियां ऐसी हैं जहां बिजली के पोल नहीं लगे हैं। लोगों ने बल्लियों के सहारे केबिल लटकाकर बिजली आपूर्ति ले रहे हैं। इससे बरसात में करंट आने का खतरा रहता है।

### नालियां चोक, नहीं लगती झाड़ू

लोगों के मुताबिक जो नालियां बनी भी हैं, उनकी नगर निगम सफाई नहीं कराता है। इससे नालियां चोक होकर गंदा पानी खुले में बह रहा। साथ ही पूरे कॉलोनी में सफाई व्यवस्था भी चौपट है। शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं होती।


घर से निकले भवन समग्री को डाल कर मार्ग के गढ्ढो को समतल करने का प्रयास करते क्षेत्रीय निवासी।

---

**एक नजर**

### फैजुल्लागंज और माल में आज रहेगा बिजली संकट

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के कई क्षेत्रों मे बिजली के खंभे, केबिल तार, ट्रांसफार्मरों की रिपेयरिंग सहित कई मेंटीनेंस के काम सोमवार को किए जायेंगे। इसके चलते कई इलाकों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। फैजुल्लागंज की मामा कॉलोनी और जैन कॉलोनी की बिजली आपूर्ति सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। इसके साथ ही माल उपकेंद्र से होने वाले कई क्षेत्रों में मेंटीनेंस का काम किया जायेगा। इसके चलते इन इलाकों की बिजली आपूर्ति सुबह 10 से शाम 4 बजे तक प्रभावित रहेगी।

### अजय बने राज्य उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव को सेवानिवृत्त होने के बाद उप्र राज्य उपभोक्ता आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया और भवन का निरीक्षण किया। कर्मचारियों से भेंट की और कहा सुलभ और जल्द न्याय आम जन को मिले इसके लिए सभी को परिश्रम से काम करने की आवश्यकता है।

### 5 दिवसीय सफीर-ए-हुसैन का मातम शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** पैगम्बर–ए–इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन के दूत हजरत मुस्लिम बिन अकील की शहादत के सिलसिले में दरगाह हजरत अब्बास में रविवार से सफीर–ए–हुसैन का मातम शीर्षक से मजलिसों का सिलसिला रविवार को शुरू हुआ। यह सिलसिला 5 दिन तक चलेगा। पहली मजलिस को मौलाना आबिद बिलग्रामी ने खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन बरके हैदरी ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की।

# आवेदन का बैंक अधिकारियों ने लिया संज्ञान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बैंको की उदासीनता के कारण युवा उद्यमियों को लोन प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अमृत विचार में छपी खबर के माध्यम से अधिकारी चेते है और जिन उद्यमियों का लोन नहीं हो रहा था उन्हें बैंक ने बुलाकर सारी प्रक्रिया पूरी की।


उद्यमी तो तब बनें जब मिले बैंक से लोन

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

पिछले दो महीनों मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के आवेदनकर्ता बैंकों के चक्कर लगा रहे थे। बैंक अधिकारी उन्हें अगली बार आने को कहकर टाल देते थे। इससे आवेदनकर्ताओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। अमृत विचार ने प्रमुखता से आवेदनकर्ताओं की समस्या को छापा था जिसका संज्ञान लेते हुए एलडीएम मनीष पाठक ने बैंक मैनेजर को अवगत कराते हुए स्पष्टीकरण मांगा। जिसके फलस्वरूप आवेदनकर्ताओं को फोन करके बची हुई औपचारिकता को पूर्ण करा दिया गया। आलमबाग निवासी अवधेश कुमार पाल ने बताया कि बैंक मैनेजर का फोन आया और बोला गया कि बैंक आकर बची हुई औपचारिता को पूर्ण करा लें। जल्द ही आपका लोन हो जायेगा। बैंक जाने पर सभी कागजी कार्रवाई पूरी हो गई है। उम्मीद है जल्द ही धनराशि प्राप्त हो जायेगी। वहीं राजेन्द्र नगर निवासी विनय शुक्ला ने बताया कि हलवासिया में स्थित एसबीआई कार्यालय बुलाकर अधिकारियों ने सभी लोन संबंधी दस्तावेज पूरे करा लिये है। जहां कुछ दिन पहले तक बैंक के चक्कर लगा रहें थे वहीं अब बैंक ने खुद बुलाकर खानापूर्ति पूरी कर ली।

### इब्जा ने दी नए डीजीपी को बधाई

**अमृत विचार, लखनऊः** इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (इब्जा)के नार्थ इंडिया हेड अनुराग रस्तोगी ने उत्तर प्रदेश के नए डीजीपी राजीव कृष्ण को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि आपके अनुभव और नेतृत्व क्षमता के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे और राज्य में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाएंगे। ज्वेलरी उद्योग के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए संगठन उत्सुक है। आपकी नियुक्ति से राज्य में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था मजबूत होगी और प्रदेश को एक सुरक्षित और समृद्ध राज्य बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# सफाई कर्मचारियों के सृजित हों नए पद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ की प्रान्तीय कार्यकारिणी बैठक में ठेकेदारी समाप्त कर अस्थायी सफाई कर्मचारियों को नियमित किये जाने का प्रस्ताव पारित हुआ।

लखनऊ भीमराव अम्बेडकर महासभा भवन में सभी श्रेणी के सफाई कर्मचारियों की प्रतिनिधि प्रान्तीय उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ की प्रान्तीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में प्रान्तीय उपाध्यक्ष सुभाष गोस्वामी की ओर से प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित करते हुए उत्तर प्रदेश के शहरी स्थानीय निकायों आदि प्रतिष्ठानों में वर्षों से संचालित गैरकानूनी ठेकेदारी को अधिकतम एक माह की अवधि के अन्दर समाप्त करके सभी अस्थायी सफाई कर्मचारियों को नये पदों के सृजन द्वारा नियमित करने की मांग उत्तर प्रदेश सरकार से की गई। प्रान्तीय अध्यक्ष महेश काजू की अध्यक्षता और प्रान्तीय महामंत्री अश्वनी कुमार के संचालन में मंत्री सतीश कुमार छजलाना के साथ ही प्रान्तीय उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद, प्रान्तीय कोषाध्यक्ष आरसी बाल्मीकि और प्रान्तीय महामंत्री ने भी प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि मानव जीवन की सुरक्षा के लिए संचालित सफाई व्यवस्था नियमित प्रकृति का निरन्तर चलने वाला कार्य है जिसमें ठेकेदारी के आधार पर सफाई कर्मचारी रखकर उनका विविध प्रकार से उत्पीडन भी किया जा रहा है। प्रान्तीय महामंत्री अश्वनी कुमार बाल्मीकि ने प्रदेश के ठेका सफाई कर्मचारियों को नियमित करने के लिए नये पदों का सृजन करते समय आबादी के अनुपात में नये पद बढ़ाने पर विशेष बल दिया।

**आयोजन** आकाशवाणी से अनुमोदित कलाकारों ने गीत प्रस्तुत किए

# बिम्ब कला केंद्र ने सजाई ओपी नैयर की याद में एक शाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सांस्कृतिक और साहित्यिक संस्था बिम्ब कला केंद्र ने रविवार की शाम को होटल गोमती के बैंक्वट हॉल में मशहूर संगीतकार ओपी नैयर की स्मृति स्वरूप मस्ती भरे गीतों की शाम, ओपी नैयर के नाम का आयोजन किया। इसमें बिम्ब के ही आकाशवाणी से अनुमोदित कलाकारों ने गीत प्रस्तुत किये।



मशहूर संगीतकार ओपी नैयर की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध गायिका पदमा गिडवानी ने आओ हुजूर तुमको सितारों में ले चलूं... और मेरा नाम चिन चिन चूं... से की। प्रख्यात कवि व गायक राजेश अरोरा शलभ ने लाखों हैं यहां दिलवाले पर प्यार नहीं मिलता... और आप के हसीन रुख़ पे आज नया नूर है... गाकर समां बांध दिया।

गायक रज्जन लाल ने चल अकेला, तेरा मेला पीछे छूटा... गाकर वाहवाही लूटी। दिनेश श्रीवास्तव ने जवानियां ये मस्त मस्त बिन पिए... अवधेश श्रीवास्तव ने मेरी जान तुम पे सदके..., नीलिमा दत्त ने जाइए आप कहां जाएंगे..., अशोक कुमार ने पुकारता चला हूं मैं...गाकर पुराने दौर के संगीत की यादें ताज़ा कर दीं। इन्हीं कलाकारों ने एक से बढ़कर एक युगल गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंतिम गीत ये देश है वीर जवानों का... ने देशभक्ति का माहौल तैयार कर दिया कार्यक्रम में वादक कलाकारों में की बोर्ड पर विजय सैनी, स्पेनिश गिटार पर राकेश आर्या, ऑक्टोपैड पर राजेश तिवारी, ढोलक पर दीपक और हारमोनियम पर दिनेश श्रीवास्तव ने शानदार संगत दी। कार्यक्रम से पूर्व संस्था के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अरोड़ा शलभ ने बताया कि बिम्ब कला केंद्र पिछले 45 वर्षों से बिना किसी सरकारी अनुदान के साहित्यिक, सांस्कृतिक, रंगकर्म और समाज सेवा चारों क्षेत्रों में समान गति से निरंतर कार्य कर रहा है।

# संयुक्त परिवार में सभी भाई समृद्ध हों तो सब करें कुर्बानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दारुल उलूम निजामिया फिरंगीमहल की ओर से संचालित की जा रही ईद-उल-अजहा हेल्पलाइन के चौथे दिन लोगों ने कुर्बानी, हज व उमरा और अन्य धार्मिक समस्याओं से सम्बंधित सवालों के जवाब हासिल किये। इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली की अध्यक्षता में धर्मगुरुओं के पैनल ने सवालों के जवाब दिये।

हेल्पलाइन पर पूछा गया कि अगर साझा परिवार हो और सब भाई कमाने वाले हों, ऐसी सूरत में सब भाईयों की तरफ से कुर्बानी की जाएगी या सिर्फ परिवार के मुखिया की तरफ से कुर्बानी की जाएगी? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि सभी भाइयों की तरफ से कुर्बानी की जाएगी। एक व्यक्ति ने सवाल पूछा कि अगर कुर्बानी का जानवर गुम जाए तो क्या करें? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि अगर आर्थिक रूप से समृद्ध हैं तो दूसरा जानवर खरीद कर कुर्बानी करें। एक सवाल आया कि अगर बकरा एक साल से एक दिन कम का हो तो क्या उसकी कुर्बानी कर सकते हैं? जवाब में कहा गया कि अगर एक दिन भी कम हो तो कुर्बानी नहीं होगी। इसके लिए साल पूरा होना जरूरी है। हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि एक औरत के शौहर का निधन हो गया है वह आर्थिक रूप से समृद्ध है, क्या वह अपने दामाद के साथ हज करने जा सकती है? इसके जवाब में बताया गया कि इद्दत गुजरने के बाद दामाद के साथ हज के सफर पर जा सकती है।

## एक नजर

### ऑटो चालक की मौत हत्या का आरोप

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** गोसाईंगंज के सदरपुर करोरा में ऑटो चालक की मां ने बहू पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। तीन दिन पहले ड्राइवर ने फांसी लगाई थी। मां का आरोप है कि बहू ने मारपीट कर हत्या की है। सदरपुर करोरा निवासी उर्मिला रस्तोगी के मुताबिक बेटे गोपाल रस्तोगी (50) को बहू प्रताड़ित करती थी। गुरुवार की रात भी झगड़ा हुआ था। जिसके बाद उर्मिला को बेटे की मौत होने का पता चला। आरोप है कि बहू ने ही हत्या करने के बाद शव को फंदे से लटका दिया। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिग आई है।

### गोमती में कूदे युवक का मिला शव

**अमृत विचार, चौक :** ठाकुरगंज के घैला स्थित गोमती नदी में शनिवार की शाम कूदे शुभम कश्यप (23) का शव शनिवार को एसडीआरएफ और पुलिस टीम ने करीब तीन घंटे की खोजबीन के बाद बरामद किया। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के मुताबिक, बसंतकुंज निवासी 23 वर्षीय शुभम कश्यप ट्यूमर की बीमारी से परेशान था। इसी वजह से उसने नदी में कूदकर जान दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

### ताला तोड़कर जेवर और नकदी चोरी

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** गोसाईंगंज के पहाड़नगर टिकरिया गांव स्थित पूर्वांचल सिटी के एक मकान में दरवाजा तोड़कर लाखों रुपये के जेवर व नकदी चोरी कर लिये गये। पीड़ित ने गोसाईंगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पूर्वांचल सिटी कालोनी की पूजा यादव के मुताबिक, शुक्रवार देर रात को चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर सोने की चेन, अंगूठी व 30 हजार रुपये नकदी चोरी कर लिया। पीड़िता के मुताबिक, करीब दो लाख रुपये का सामान चोरी हुआ है। चोरों की तस्वीर भी सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है।

# डीसीएम ने दादी और पोती को मारी टक्कर, मौत

## काकोरी के दुर्गागंज पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचार :** काकोरी के दुर्गागंज स्थित पेट्रोल पंप के सामने रविवार दोपहर को पेड़ की छांव में बैठी श्याम दुलारी (60) और पोती सोनिया (4) को बेकाबू डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में दादी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सोनिया की ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हुई। हादसे के बाद चालक डीसीएम लेकर भाग निकला। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से डीसीएम की तलाश कर रही है।


श्याम दुलारी


सोनिया

मलिहाबाद के कनार गांव निवासी दौलत रैदास मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। दौलत के अनुसार, रविवार दोपहर अपनी मां श्याम दुलारी और चार वर्षीय बेटी सोनिया के साथ तेलीबाग स्थित बहन पदमा के घर बाइक से जा रहे थे। रास्ते में हरदोई रोड़ दुर्गागंज के पास सड़क के दूसरी तरफ स्थित पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल भरवाने के लिए जाते समय मां श्याम दुलारी और बेटी को सड़क के किनारे पेड़ की छांव में बिठा दिया। तभी मलिहाबाद की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित डीसीएम के चालक ने सड़क के किनारे बैठी दादी और पोती को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बुजुर्ग दादी का सिर फट गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि मासूम पोती के सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने सोनिया को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरों से डीसीएम की तलाश की जा रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि लोगों ने डीसीएम चालक को दौड़ा कर पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह पलक झपकते ही फरार हो गया।

### ई-रिक्शा पलटने से चालक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव इलाके में शनिवार को एक ई-रिक्शा का पिछला पहिया अचानक निकल गया। जिसके कारण ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में मड़ियांव सबेरी होटल निवासी चालक स्वामी दीन मौर्य (60) की मौत हो गई। मूलत: लखीमपुर के सुभाषनगर का स्वामी दिन मौर्य दामाद जितेंद्र के घर पर रहता था। बेटे पिंटू ने बताया कि शनिवार को ई-रिक्शा चलाने गया था। भिठौली क्रासिंग के पास पिछला पहिया निकलने के कारण रिक्शा पलट गया। स्वामी दीन सड़क पर गिर गया। सिर पर चोट आई। पुलिस ने ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। परिवार में पत्नी चंद्रावती और तीन बेटियां हैं।

# तीन भाइयों को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ दुबग्गा के अंधे की चौकी के पास हुआ हादसा, बाइक से घर जा रहे थे तीनों

**अमृत विचार :** दुबग्गा के अंधे की चौकी के पास शनिवार देर रात को बाइक से घर जा रहे तीन भाइयों को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रुप से घायल हो गये। मृतक भाई ही बाइक चला रहा था।

रहीमाबाद अंटाखेड़ा जमुलिया गांव निवासी दिलीप ने बताया कि चचेरा भाई अशोक (24), बड़े भाई अनिल और सुनील के साथ मजदूरी करने जाता था। शनिवार को तीनों काम करके बाइक से घर लौट रहे थे। अंधे की चौकी के पास बाइक की सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। तीनों भाई घायल हो गए। बाइक, कार में फंसकर घिसटती हुई काफी दूर तक चली गई। आरोपी चालक कार छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को ट्रामा सेंटर पहुंचाया। मोबाइल में मिले नंबर से परिजन को सूचना दी। इलाज के दौरान अशोक की मौत हो गई। वहीं अनिल व सुनील की हालत गंभीर बताई जा रही है। अशोक के परिवार में पिता भगवानदीन और मां गंगा देई हैं।

# महिला से छेड़छाड़ विरोध पर पीटा

**अमृत विचार, गोसाईगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में पैदल घर जा रही महिला को युवकों ने जबरदस्ती कार में बैठाने का प्रयास किया। विरोध करने पर उसके साथ छेड़छाड़ और मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी शराब के नशे में धुत थे। दोनों की तलाश की जा रही है।

सुशांत गोल्फ सिटी की रहने वाली महिला के मुताबिक, शनिवार दोपहर अहिरन ढकवा के तेजपाल और शिवराम यादव रास्ते में मिले। दोनों बाइक से थे। महिला के मुताबिक, दोनों ने शराब पी रखी थी। गाड़ी रोककर उसे जबरदस्ती गाड़ी पर बैठाने लगे। विरोध करने पर छेड़छाड़ की। शोर मचाया तो उसकी मां और भाई आ गये। दोनों ने विरोध शुरू किया तो उन पर हमला कर दिया।

# डीएम बनकर छात्रा के खाते से उड़ाई रकम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ गौतमपल्ली थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार :** साइबर जालसाज ने खुद को डीएम सिद्धार्थनगर बनकर गौतमपल्ली निवासी छात्रा को कॉल किया। इसके बाद बातों में उलझाकर खाते से 90 हजार रुपये साफ कर दिये। पीड़िता ने गौतमपल्ली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गोरखपुर के खजनी की नेहा लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ती है। नेहा के मुताबिक, 28 मई को शाम चार बजे उनके पास फूफा की कॉल आई थी। फूफा ने उनसे कहा कि डीएम सिद्धार्थनगर तुम्हारे पते पर फर्नीचर पार्सल कर रहे हैं। वह उसे रिसीव करने के बाद 90 हजार का भुगतान कर दें। फूफा ने उन्हें एक बैंक खाते की डिटेल भेजी। छात्रा ने रकम खाते में भेज दी। छात्रा और फूफा ने जब डीएम से संपर्क किया तो उन्होंने कॉल करने और पार्सल भेजने से इनकार किया।

### बिना चेक लगाए किसान के खाते से 9.65 लाख पार

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर के नटकुर निवासी किसान राकेश कुमार के खाते से जालसाजों ने 9.65 लाख रुपये साफ कर दिये। यह रकम पांच चेक के जरिये निकाला गया। जबकि किसान राकेश के मुताबिक उनको चेक बुक मिली ही नहीं है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। नटकुर निवासी राकेश के मुताबिक उनका खाता यूनियन बैंक गौरी शाखा में है। अक्टूबर 2024 में मीरानपुर पिनवट निवासी बजरंग के जरिये जमीन बेची थी। रकम ट्रांसफर करने के लिए खाता खोला था। आरोप है कि उसकी चेक पर फर्जी तरीके से दस्तखत किये गये। यह रकम 27 दिसंबर 2024 से 28 जनवरी 2025 के बीच पांच बार में निकाली गई। इसमें बैंक कर्मचारियों की भी मिली भगत है।

### एटीएम कार्ड बदलकर खाते से उड़ाये 51 हजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम शिवानी हॉस्पिटल के पास रहने वाले संत कुमार के मुताबिक, वह 29 मई को एटीएम बूथ पर रुपये निकालने गये थे। रुपये निकालने के बाद वह गिनने लगे। इसी दौरान पीछे से आये व्यक्ति ने एटीएम कार्ड बदल लिया। इसके बाद खाते से तीन बार में 51 हजार रुपये की खरीदारी कर ली। उनके एटीएम से जो रकम ट्रांसफर की गई वह विशेष ट्रेडर्स बद्री सर्राफ के खाते में किया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रही है।

# चालक बनकर साथ रहा, 80 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ हिस्ट्रीशीटर व उसके साथी पर गुडंबा थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** गुडंबा के कल्याणपुर निवासी दिव्यांग रियल एस्टेट कारोबारी से बाराबंकी के हिस्ट्रीशीटर और उसके साथी ने 80 लाख रुपये की ठगी की। पीड़ित कारोबारी के मुताबिक जमीन का सौदा कराने के नाम पर रुपये लिये। इसके बाद अपने नाम से जमीन खरीद ली। हिसाब मांगा तो धमकी देने लगा। पीड़ित की तहरीर पर गुडंबा थाने में रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

कल्याणपुर निवासी दिव्यांग शकील अहमद का हिन्द प्रापर्टी के नाम से दफ्तर है। वर्ष 2016 में बाराबंकी सफदरगंज निवासी राजू उर्फ इरशाद काम मांगने आया था। जिसे चालक बनाकर शकील ने अपने साथ रखा। वह इरशाद के साथ ही जमीनों का सौदा करने के लिए जाते थे। कई दिनों से साथ होने के कारण शकील का इरशाद पर भरोसा बढ़ता चला गया। इसका फायदा उठाते हुए आरोपित ने साथी गुड़बा नेवाजपुर निवासी रमेश कुमार के साथ मिल कर जमीन का काम शुरू कर दिया। शकील की जमीनों का बैनामा इरशाद ने अपने ही रिश्तेदार और परिचितों के नाम पर कर दिया। करीब 80 लाख रुपये की जमीन लिखाए जाने का पता शकील को कई दिन बाद हुआ। हिसाब मांगने पर हत्या करने की धमकी दी पीड़ित के मुताबिक गड़बड़ी का पता चलने पर इरशाद से हिसाब मांगा गया। इस पर आरोपित धमकी देने लगा। पता चला कि इरशाद सफदरगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ डकैती के साथ गैंगस्टर एक्ट का मामला भी दर्ज है। आरोपित ने पहचान छिपा कर शकील के पास नौकरी की थी। पीड़ित के मुताबिक मौजूदा वक्त में भी इरशाद नाम बदल कर रह रहा है। फर्जी आधार कार्ड भी बनवा रखे हैं।

# हमले के चश्मदीदों के आज दर्ज होंगे बयान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ अधिकारियों के बीच मारपीट का मामला

**अमृत विचार:** आयकर मुख्यालय में गुरुवार को उपायुक्त गौरव गर्ग पर हुए हमले के मामले में पुलिस सोमवार को मौके पर मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों व अन्य लोगों के बयान दर्ज करेगी। इसके लिए पुलिस ने रिटायर्ड प्रमुख आयकर आयुक्त शौर्य शाश्वत शुक्ला, आयकर आयुक्त ऋचा रस्तोगी, पीआरओ समेत कई लोगों को तीन दिन पहले नोटिस भेजा था। बयान शनिवार को ही दर्ज कराने थे। लेकिन एक अधिकारी के रिटायर्ड होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया था। जिसके कारण बयान दर्ज नहीं हो सके।

**ये था मामला :** गुरुवार दोपहर 3:30 बजे उपायुक्त गौरव गर्ग अफसरों के साथ कक्ष में बैठे थे। इस बीच संयुक्त आयुक्त योगेंद्र मिश्र पहुंचे। उन्होंने उनसे गाली-गलौज की थी। विरोध पर कांच का गिलास तोड़कर उनके ऊपर हमला किया। ताबड़तोड़ घूंसे से मुंह-नाक पर प्रहार किया था। जूते से प्राइवेट पार्ट पर हमला किया था। गंभीर रूप से घायल गौरव गर्ग को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# कबाड़ के ढेर में लगी आग, मची अफरातफरी

## दमकल की दो गाड़ियों ने ढाई घंटे में पाया काबू

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर के बद्री नगर में रविवार शाम को कबाड़ के ढेर में आग लग गई। आग की लपटें निकलीं तो आसपास अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची सरोजनीनगर फायर स्टेशन की टीम ने दो गाड़ियों की मदद से ढाई घंटे में आग पर काबू पा लिया।


कबाड़ में लगी आग बुझाने में जुटे दमकल कर्मी। अमृत विचार

एफएसओ सरोजनीनगर सुमित प्रताप सिंह के मुताबिक, बद्रीनगर में एमए खान और शमशेर अहमद कबाड़ का काम करते हैं। घर के पास खाली प्लॉट में लकड़ी व प्लाई का कबाड़ जुटा रखा है। रविवार शाम 4.30 बजे अचानक आग लग गई। तेज लपटें निकलती देख लोगों ने फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। एफएसओ के मुताबिक मौके पर दमकल की दो गाड़ियां भेजी गई। ढाई घंटे की मशक्कत के बाद करीब सात बजे आग पर काबू पाया गया।

### होटल में आग, धुआं फैलने से दहशत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर इलाके में स्थित 4सीजन होटल में सगाई का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान शार्ट सर्किट से मीटर में आग लग गई। धमाके के साथ मीटर फट गया। धुआं और तेज आवाज के कारण होटल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। होटल कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पा लिया। मोहनलालगंज के हरी खेड़ा निवासी विजय बहादुर यादव की बेटी और पीजीआई के बाबू खेड़ा निवासी रमेश यादव के बेटे की रविवार को सगाई और बरीक्षा थी।

## सार-संक्षेप

### वसुंधरा ग्रुप के एमडी समेत दो पर 23 लाख ठगने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** मऊ के रहने वाले सुरेंद्र प्रसाद चौहान मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने वसुंधरा ग्रुप के एमडी सुधीर सिंह और एजेंट अखिलेश वर्मा पर 23 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है। पीड़ित के मुताबिक, उसने 2017 में वसुंधरा ग्रुप के आर्चिड वैली नाम के प्रोजेक्ट में 13.10 लाख रुपये जमीन के लिए निवेश किया था। आठ वर्ष बाद भी उनको भूखंड नहीं मिला। सुरेंद्र के मुताबिक, आठ वर्ष का ब्याज लेकर कुल 23.10 लाख रुपये कंपनी वापस नहीं कर रही है। विभूतिखंड पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### वाटर पार्क के एमडी ने दर्ज कराई ठगी की रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर इलाके में स्थित एमजे फनसिटी वॉटर पार्क के निदेशक ने ठेकेदार के खिलाफ ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि पेंटिंग और फाइबर का काम करने के लिए मुंबई से मजदूर आये थे। वह लगातार रुपये लेते रहे लेकिन काम अधूरा छोड़कर चले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एमजे फनसिटी वॉटर पार्क मैनेंजिग डायरेक्टर मो. जुनैद सिद्दीकी के मुताबिक पेंटिंग और फाइबर के काम के लिए मुंबई गोरेगांव निवासी पीर अली शेख, सांताक्रूस निवासी राजाराम गुप्ता और बलरामपुर निवासी मुबारक अली को ठेका दिया गया था। ऑनलाइन और नगद मिला कर करीब तीन लाख रुपये लिए गए। इसके बाद भी काम पूरा नहीं हुआ। मौका पाकर ठेकेदार और उसके साथी काम खत्म किए बिना ही चले गए।

### दहेज नहीं मिला तो पति ने दिया तीन तलाक, की दूसरी शादी

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर के राजीवनगर निवासी आरजू बानों ने पति व दो जेठ के खिलाफ गाजीपुर थाने में दहेज प्रताड़ना, तीन तलाक व धोखे में रखकर दूसरी शादी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरजू बानो के मुताबिक 30 अक्तूबर 2022 को उनका निकाह बलरामपुर के पचपेड़वा महादेव नगर बसंतपुर निवासी इंजीनियर सलमान खान से हुआ था। शादी के बाद जब वह ससुराल पहुंची तो पति व दो जेठ नियामत खान और अदनान खान कम दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। कुछ दिन बाद पति नौकरी के लिए मुंबई चला गया। घर पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। इस बीच आरजू ने दिल्ली के एक अस्पताल में नौकरी कर ली। आरोप है कि एक दिन पति मुंबई से दिल्ली आया। उस पर नौकरी छोड़कर ससुराल में रहने का दबाव डाला। इनकार किया तो पति ने मारपीट की। उसे तीन तलाक दे दिया। आरजू का आरोप है कि सलमान ने तलाक देने के बाद दूसरा निकाह कर लिया है।

### सब्जी विक्रेता ने ग्राहक व उसके बेटे को पीटा, हालत गंभीर

**अमृत विचार, आशियाना :** आशियाना में सब्जी विक्रेता रुपये के लेनदेन को लेकर ग्राहक से भिड़ गया। सब्जी विक्रेता ने अपने पुत्र व उसके साथियों के साथ मिलकर ग्राहक व उसके बेटे को पीट दिया। आरोप है कि धारदार हथियार से हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल पिता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर है। वहीं बेटे का हाथ टूट गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सरोजनीनगर के मुंशी खेड़ा ट्रांसपोर्टनगर में सर्वेश रावत परिवार के साथ रहते हैं। सर्वेश के मुताबिक, उसके पिता कन्हई लाल आशियाना के न्यू गरौड़ा में अंडे की दुकान लगाते हैं। गुरुवार रात साढ़े 10 बजे वह दुकान बंद कर घर वापस आ रहे थे। तभी रास्ते में पड़ने वाली सेक्टर-ओ मानसरोवर योजना सब्जी मंडी में राजकरन यादव की दुकान से सब्जी खरीदने लगे। लेनदेन को लेकर दोनों की कहासुनी हो गयी। इसी बात पर भड़ककर राजकरन ने अपने बेटे मयंक को फोन कर दिया। देखते ही देखते वहां उसके साथी आदर्श यादव, निखिल पंडित, सचिन मौर्या समेत आधा दर्जन से अधिक युवक आ गये। जातिसूचक गालियां देते हुए पिता पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

### छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराने पर दुष्कर्म का प्रयास, पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा इलाके में रहने वाली महिला ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया था। इसी बात से नाराज होकर कुछ दबंग उसके घर में छत के रास्ते घुस गये और पीड़िता से दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला ने शोर मचाया तो परिजन जग गए। विरोध किया तो उनकी पिटाई की। जिसमें पति चोटिल हो गया। शोर-शराबा सुनकर पड़ोसी बाहर निकले तो दबंग धमकाते हुए भाग निकले। पीड़िता ने गुडंबा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आधारखेड़ा निवासी युवक के मुताबिक 30 मई की रात पत्नी छत पर सो रही थी। इस बीच पड़ोसी सुनील छत से घर में दाखिल हुआ। आरोपित ने महिला के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। पीड़िता के शोर मचाने पर परिवार के सदस्यों को आते देख सुनील भाग गया। 31 मई की दोपहर सुनील के साथ योगेश, लकी, सरवन व कुछ अन्य लोग रॉड से लेकर युवक के घर में घुस गए। विरोध करने पर युवक और उसकी पत्नी को पीटा। बीच बचाव करने पर युवक के भाई पर का सिर फोड़ दिया। झगड़ा होते देख युवक की भाभी, मां और बहन ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया। इस पर आरोपितों ने गर्भवती को भी नहीं बख्शा। उसे बुरी तरह से पीटा गया। मां और बहन को भी चोटें आई।

### रिटायर्ड इंस्पेक्टर समेत 13 पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा थाने में रिटायर इंस्पेक्टर शगुन और ई-रिक्शा चालक के अलावा 12 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने यह कार्रवाई बल्दीखेड़ा के रहने वाले सुरेंद्र लोधी की तहरीर पर की है। सुरेंद्र का एक हफ्ते पहले ई-रिक्शा चालक से विवाद और मारपीट हुई थी। सुरेंद्र का आरोप है कि पारा पुलिस ने रिटायर्ड इंस्पेक्टर के दबाव में जेल भेज दिया। रिहा होने के बाद वीडियो व अन्य साक्ष्य दिखाए। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की। सुरेंद्र के मुताबिक, हमले के दौरान सोने के चेन और 5300 रुपये भी लूट लिए थे। इसके बाद शगुन के प्रभाव में पुलिस ने पहले शांति भंग में जेल भेज दिया था। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि पहले सुरेंद्र ने कोई लिखित में तहरीर नहीं दी थी। हमले में परशुराम और शगुन को चोटें ज्यादा आई थीं। इसलिए उसे सुरेंद्र पर शांति भंग की कार्रवाई की गई थी।

# महिला और युवक ने की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ बाजारखाला में पति से विवाद के बाद पत्नी ने दी जान

▶▶ बीकेटी में बीमार युवक ने लगाया फंदा

**अमृत विचार :** बाजारखाला के भदेवा निवासी राधा कश्यप उर्फ मीनू (34) ने पति से विवाद के बाद फंदे से लटककर जान दे दी। वहीं, बख्शी का तालाब स्थित रामपुर देवरई गांव निवासी रामराज यादव (40) ने फंदे से लटककर जान दे दी। वह काफी दिनों से बीमार चल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



ठाकुरगंज निवासी कमल कश्यप के मुताबिक बहन राधा कश्यप उर्फ मीनू ने वर्ष 2020 में बाजारखाला भदेवा निवासी आर्यन सक्सेना के साथ प्रेम विवाह किया था। आर्यन कोयले की दुकान चलाता है। वह नशे का आदी है। शनिवार रात 12 बजे आर्यन ने फोन कर बताया कि राधा ने फंदा लगा लिया है। वह उसके घर पहुंचे तो राधा मृत हालत में बिस्तर पर पड़ी थी। आनन-फानन में राधा को ट्रामा सेंटर ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर बाजारखाला बृजेश सिंह के मुताबिक पति से विवाद के बाद फंदा लगाने की बात सामने आ रही है। अभी इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

उधर, बीकेटी के रामपुर देवरई में रामराज यादव ने फंदा लगा लिया। परिवार के लोग नैमिषारण्य धाम दर्शन कर घर लौटे तो शव फंदे से लटका हुआ था। रामपुर देवरई निवासी रामराज यादव नशे का आदी था। उनका नशा मुक्ति का इलाज चल रहा था। शुक्रवार को पत्नी व परिवार के सभी लोग नैमिषारण्य धाम दर्शन करने गए थे। पत्नी के मुताबिक शनिवार दोपहर में पति रामराज से बात हुई थी तो उन्होंने बताया था कि खाना खाकर आराम कर रहे हैं। रविवार को वह लोग घर पहुंचे तो रामराज का शव कमरे में पंखे से साड़ी के फंदे के सहारे लटका हुआ था। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय कुमार सिंह के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### समीक्षा अधिकारी की पत्नी को कर रहा तंग, दी धमकी

**अमृत विचार, आशियाना :** आशियाना में रहने वाले समीक्षा अधिकारी की पत्नी को युवक काफी दिनों से परेशान कर रहा है। वह लगातार कॉल कर उनकी पत्नी से अश्लील बातें करता है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। पीड़िता ने आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उत्तर प्रदेश सचिवालय में तैनात समीक्षा अधिकारी अपने परिवार संग आशियाना में रहते हैं। उनकी पत्नी के मुताबिक, शुक्रवार को उनके नंबर पर एक युवक का फोन आने लगा और बार-बार वह अश्लील बातें कर रहा था। उन्होंने नंबर ब्लॉक कर दिया तो वह घर के दूसरे नंबरों पर फोन कर परेशान करने लगा।

# वकील के भाई को पीटा रुपये व बाइक लूटी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विभूतिखंड के वेब मॉल के पास वकील के भाई पर दबंगों ने हमला कर दिया। उससे 15 हजार रुपये, बाइक व सोने की चेन लूट ली। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक घटना को अंजाम देने का आरोप रिकवरी कंपनी के एजेंटों पर लगा है। मामले की जांच की जा रही है।

रामबाग कॉलोनी निवासी संयोग कुमार मिश्रा हाइकोर्ट में अधिवक्ता है। उनका छोटा भाई संजय विभूतिखंड स्थित पेटीएम ऑफिस में काम करता है। शनिवार की सुबह संजय बाइक से कार्यालय जा रहा था। पॉलीटेक्निक चौराहे से वेब मॉल के पास पहुंचा था। तभी बाइक सवारों ने संजय की बाइक में टक्कर मार दी। उसके गिरते ही बाइक पर पीछे बैठे युवक ने संजय के गले में पड़ी चेन खींच ली। मारपीट करते हुए पर्स में रखे 15 हजार रुपये भी निकाल लिए। सरेराह लूट को अंजाम देने के बाद आरोपित बाइक भी लूट ले गए।

आरोपितों ने कहा कि तुमने किस्तें जमा नहीं की है। फाइनेंस कम्पनी ने हमें रिकवरी के लिए रखा है। तुम्हारी बाइक ले जा रहे हैं। घर लौट कर संजय ने बड़े भाई संयोग को दी। जिसके बाद विभूतिखंड थाने में साईं एसोसिएट के सुशील जायसवाल, मोहित और सचिन कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुआ।

# मॉल गया था परिवार चोरों ने साफ किया घर

संवाददाता, आशियाना

▶▶ आशियाना के रुचिखंड की घटना, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी कैमरों के फुटेज

**अमृत विचार :** आशियाना के रुचिखंड निवासी व्यापारी गुरदीप सिंह परिवार के साथ लूलू मॉल घूमने गये थे। खाली घर पाते ही चोर घुस गये। पीड़ित के मुताबिक, करीब पांच लाख रुपये नकदी व लाखों के जेवरात गायब हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि मूलतः आर्य नगर के रहने वाले व्यापारी गुरदीप सिंह परिवार के साथ रुचिखंड में रहते हैं। गुरुवार को वह शाम को परिवार के साथ लूलू मॉल घूमने चले गये। देर रात करीब 10.30 बजे वापस आये तो देखा कि अंदर के सभी दरवाजों के ताले टूटे पड़े हैं। सभी कमरों में पंखे और लाइट जल रही है। गुरदीप ने पुलिस को बताया कि वह करीब तीन घंटे तक घर में नहीं थे। इस दौरान चोरों ने उनके कमरों में रखी आलमारियों, सिंगारदान के लॉक तोड़कर 4.70 लाख रुपये नकदी, पत्नी के आलमारी से 30 हजार रुपये व तीन लाख रुपये अधिक के जेवरात चोरी कर लिया। यहां तक मंदिर में रखे चढ़ावे को भी नहीं छोड़ा। बच्चों के गुल्लक तोड़कर 5500 रुपये उठा ले गये।

### दवा कारोबारी के घर से लाखों की चोरी

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर के पंडित खेड़ा निवासी दवा कारोबारी के घर की ग्रिल काटकर लाखों के जेवर व नकदी चोरी कर लिये गये। सीसीटीवी कैमरे में दो संदिग्ध बाइक से आते दिखे। चोरी के बाद बाइक वहीं छोड़कर भाग निकले। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। शुभम सिटी पंडित खेड़ा कृष्णानगर निवासी इंद्रपाल सिंह दवा कारोबारी हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम करीब 7 बजे परिवार के साथ बाजार गए थे। वहां से करीब 11.50 बजे वापस लौटे, तो घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। घर में रखे 80 हजार रुपये व 4 लाख के जेवर गायब थे। सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# दवा बदलने गए पुलिसकर्मी पर हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राम मनोहर लोहिया संस्थान के पास एक दुकान पर दवा बदलने गए पुलिसकर्मी पर दो दबंगों ने हमला कर दिया। हमले में पीड़ित का हाथ टूट गया। पीड़ित पुलिसकर्मी की तहरीर पर विभूतिखंड पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है। बीबीडी स्थित लक्ष्मी सिटी में सुनील कुमार सिंह परिवार समेत रहते हैं। सुनील ने बताया कि शुक्रवार शाम को राम मनोहर लोहिया संस्थान के पास स्थित अवध मेडिकल स्टोर पर दवा बदलने के लिए गए थे। दो लोगों ने पीड़ित के साथ मारपीट की। पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर आरोपित वहां से भाग गए। पीड़ित के मुताबिक, कुछ देर बाद आरोपित फिर से लौट कर आए। उन लोगों ने पीड़ित के सिर और हाथ पर डंडे से वार कर दिया। इस हमले में पीड़ित का हाथ टूट गया।

### पटरी दुकानदारों में पथराव, बांके से हमला

**अमृत विचार, पीजीआई :** पीजीआई के तेलीबाग सेक्टर पांच में बताशे का ठेला लगाने वाले देवेंद्र पर पड़ोसी दुकानदार खालिद ने पथराव जमकर किया और बांका लेकर दौड़ाया। घटना में देवेंद्र के रिश्तेदार संजय को भी चोट आई है। आरोपित खालिद जो बर्फ की सिल्ली बेचता है, शनिवार को देवेंद्र को ठेला लगाने से मना किया था। विरोध करने पर खालिद ने हमला कर दिया। पीड़ित ने तहरीर दी है। घटना के बाद आरोपित फरार हो गया। इंस्पेक्टर धीरेंद्र ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### कर निरीक्षक को कार सवार दबंगों ने पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम जोन-3 में तैनात कर निरीक्षक मो. इमरान खां को कार सवार दबंगों ने कार में टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए पीट दिया। पीड़ित कर निरीक्षक ने जानकीपुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ऑफिस से घर लौट रहे थे। जानकीपुरम अटल चौराहे पर आरोपियों ने लाल रंग की कार से ओवरटेक कर इमरान की कार रोक ली। कहा कि तुम कार में टक्कर मार कर भागे हो। एक युवक ने रॉड से हमला कर दिया। जिससे सिर और कंधे में चोट लग गई। स्थानीय व्यापारी मदद के लिए दौड़े, इस पर हमलावर भाग निकले।

## एक नजर

### 12 जुलाई तक शिया पीजी कॉलेज रहेगा बंद

अमृत विचार, लखनऊ : शिया पीजी कॉलेज में आज 2 जून से आगामी 12 जुलाई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। इस दौरान शिक्षण संबंधित समस्त गतिविधियां बंद रहेंगी। जबकि पूर्व से घोषित सभी परीक्षाएं जारी रहेंगी। महाविद्यालय आगामी 14 जुलाई दिन सोमवार को अपने नियत समय से खुलेगा।

### दिव्यांगजनों के विधिक अधिकारों पर हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ : दिव्यांग बच्चों के लिए समर्पित संस्था जयति भारतम् जानकीपुरम के परिसर में रविवार को नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (एनएबी) की ओर से दृष्टिबाधित और दिव्यांग जनों के विधिक अधिकारों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला जज रेखा अग्निहोत्री तथा विशिष्ट अतिथि दिव्यांग आयुक्त प्रो. हिमांशु शेखर झा ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में एनएबी के विमल डेंगला, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, जयति भारतम् से डॉ. रेनू अग्निहोत्री, रंजना अग्निहोत्री तथा बड़ी संख्या में दिव्यांगजन व अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

# महिला महाविद्यालयों को छात्राओं का इंतजार

## अब 15 दिन बचे, एक चौथाई भी नहीं आए आवेदन, आधी से अधिक सीटें रह सकती है खाली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** न सीयूईटी, न प्रवेश परीक्षा, सीधे स्नातक कक्षा में प्रवेश और सबसे कम फीस में स्नातक की हो सकती है पढ़ाई, फिर भी राजधानी के ऐसे महाविद्यालयों से विद्यार्थी रूठ गए हैं। करीब एक माह से अधिक समय से लखनऊ के महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है लेकिन अब तक एक चौथाई भी आवेदन नहीं आ पाए हैं। जबकि लखनऊ विश्वविद्यालय के लर्न के तहत आवेदन की सीमा बढ़ाए जाने के बाद अब 15 दिन का समय शेष बचा है।

कई प्रकार के व्यावसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रमों के आने के बाद से परंपरागत पाठ्यक्रमों में छात्र-छात्राओं की संख्या लगातार घटती जा रही है। सबसे खस्ता हालत राजधानी के महिला कॉलेजों की है जहां उपलब्ध सीटों को पूरा भरने के लिए आवेदन के साथ ही बिना किसी प्रवेश परीक्षा के प्रवेश ले रहे हैं। पिछले सत्र में महिला कॉलेजों में उपलबध सीटों की तुलना में छात्राएं नहीं मिल पाई जिसके कारण सैकड़ों की संख्या में सीटे खाली रह गई थी। जबकि इन कॉलेजों में विश्वविद्यालय या अन्य संस्थानों की तुलना में फीस काफी कम है।

**क्यों घट रही है छात्राओं की संख्या :** व्यावसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रमों की तरफ रुझान, परंपरागत स्नातक के बाद नौकरी के सीमित अवसर, कॉलेजों की बढ़ती संख्या, सेमेस्टर परीक्षा में एसाइनमेंट, प्रोजेक्ट आदि, ऑनलाइन पढ़ाई के उपलबध होते विकल्प।

### खुनखुन जी कॉलेज

यहां पर गत वर्ष बीए में 225 प्रवेश हुए थे। इस वर्ष प्रवेश के लिए आवेदन पत्र मार्च के अंतिम सप्ताह से आरंभ हो गए। सभी पाठ्यक्रमों में कुल 900 सीटें हैं जिसमें 385 बीए के विभिन्न विषयों में है और अबतक महज 132 आवेदन फार्म बिके हैं जबकि 52 एडमिशन हुए हैं। बीकॉम की 60 सीट पर महज 21 आवेदन फार्म बिके है और 7 एडिमशन हुए हैं। यहां पर एमए शिक्षा शास्त्र की 60 सीटें हैं। इस बार समाजशास्त्र परास्नातक कक्षाओं के लिए भी आवेदन लिए जा रहे हैं। स्नातक कक्षाओं के लिए वार्षिक शुल्क और परीक्षा शुल्क कुल महज 4 से 5 हजार रुपए है।

### नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज

यहां पर भी प्रवेश प्रक्रिया जारी है। यहां पर बीए में अबतक 26 एडमिशन हुआ है जबकि कुल 560 सीट हैं। बीए कोर्स में अधिकतम शुल्क बेहद कम महज 3403 रुपए है। बीएससी में कुल 100 सीट के मुकाबले अब तक 18 एडमिशन हुआ है। यहां पर बीएससी की फीस 5158 रुपए है। बीकॉम में 80 सीट हैं जबकि अब तक सिर्फ एक एडमिशन हुआ है। जिसकी फीस 13,500 रुपए है। एमए हिंदी में यहां पर 80 सीटें उपलब्ध है। कैसरबाग में होने के कारण यह छात्राओं के आवागमन के लिए बिलकुल अनूकूल कॉलेज है।

### महिला महाविद्यालय

अप्रैल प्रथम सप्ताह से प्रवेश के लिए आवेदन शुरु हुए। यहां भी बिना किसी प्रवेश परीक्षा के एडमिशन लिया जा रहा है। इस महाविद्यालय में परास्नातक पाठ्यक्रम नहीं है, जबकि स्नातक में प्रवेश के लिए 480 विज्ञान की सीटें हैं और कला वर्ग में करीब 800 सीटें हैं। कुल फीस करीब 4 से 5 हजार। लेकिन अब तक सीटों की तुलना में एक चौथाई भी आवेदन फार्म नहीं बिका है।

### अवध महिला महाविद्यालय

आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन चालू है। जिसके लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 900 रुपया रखा गया है। यहां पर बीए में 10 विषयों में कुल 460 सीटें हैं। बीकॉम में 240 और एमए अंग्रेजी में 60, शिक्षा शास्त्र में 40, भूगोल में 40 और राजनीति शास्त्र में कुल 50 सीटें हैं। बीए की 460 सीटों की तुलना में यहां पर अबतक कुल 60 आवेदन हुआ है जबकि करीब 30 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है।

# भाषा विवि के नैक मूल्यांकन का कल पहला दिवस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तीन वर्षों से विश्वविद्यालय में चल रही है तैयारी
- तीन दिनों तक टीम करेगी मापदंडों पर परीक्षण

**अमृत विचार:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में त्रिदिवसीय नैक मूल्यांकन राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा आरम्भ हो रहा है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) द्वारा प्रत्येक पांच वर्ष में विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन किया जाता है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा हाल ही में विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में मूल्यांकन यात्राएं की गई हैं। इन यात्राओं का उद्देश्य संस्थानों की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान, बुनियादी ढांचे और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का मूल्यांकन करना है। इसी श्रृंखला में हरदोई सीतापुर रोड अवस्थित ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में कल से नैक मूल्यांकन किया जा रहा है।

भाषा विवि के कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन में नैक मूल्यांकन ऑनलाइन और भौतिक दोनों प्रकार से किया जायेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने बताया कि परिसर की सुंदरता, स्वच्छता, शैक्षणिक प्रस्तुतियों और अन्य तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया गया है। आईक्यूएसी निदेशक प्रो. सौबान सईद ने बताया की नैक मूल्यांकन के प्रथम दिवस पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। जिसके बाद आईक्यूएसी कमेटी के साथ बातचीत की जाएगी। उसके बाद दोपहर के समय विश्वविद्यालय के सभी विभागों का प्रस्तुतिकरण भी होगा।

# प्रशिक्षु सैन्य अधिकारियों ने पॉवर ग्रिड का किया भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



प्रशिक्षु सैन्य अधिकारियों को सम्मानित करती उपमहाप्रबंधक किरण सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में प्रशिक्षणरत सैन्य अधिकारियों ने अपने त्रैमासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पॉवर ग्रिड उपकेंद्र कुर्सी रोड का भ्रमण किया। इस अवसर पर पॉवर ग्रिड स्टेशन के एचआर हेड रमन कलोत्रा एवं उपमहाप्रबंधक किरण सिंह ने सभी अधिकारियों का स्वागत किया। यूपीएसआईएफएस के उप महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा ने बताया कि वर्तमान में सेना के अधिकारियों को यूपीएसआईएफएस द्वारा साइबर एवं फारेंसिक विषयों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

विद्युत् परिचालन देश कि एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है जिस पर देश की विकास व्यवस्था निर्भर करती है आज देश के समस्त महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर साइबर अपराधियों व दुश्मन देशों की नजर है। हमें सभी महत्वपूर्ण संस्थानों को साइबर अपराधियों से बचाने के लिए लगातार सजग रहने की आवश्यकता है। उप महा प्रबंधक किरण सिंह ने कहा कि पावर ग्रिड बिजली को जनरेट करने, ट्रांसमिट करने और डिस्ट्रीब्यूट करने के लिए एक इंटरकनेक्टेड नेटवर्क है। इस अवसर पर यूपीएसआईएफएस के जनसंपर्क अधिकारी संतोष कुमार तिवारी ने संस्थान के बारे में बताया और पॉवर ग्रिड स्टेशन के अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। साइबर विशेषज्ञ मनीष राय और गिरिजेश राय भी उपस्थित रहे।

### कल्पना फाउंडेशन ने 10 विकेट से दर्ज की जीत

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. अंशुल आलोक मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत रविवार को दो मुकाबले खेले गए। आर्यवर्त ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने आर्यवर्त क्रिकेट एकेडमी 10 विकेट से बुरी तरह हराकर जीत दर्ज की। वहीं योगानंद क्रिकेट ग्राउंड पर एलडीए कोचिंग सेंटर ने लखनऊ क्रिकेट फाउंडेशन को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आर्यवर्त क्रिकेट एकेडमी ने 31.3 ओवर में 88 रन का लक्ष्य विरोधी टीम के सामने रखा। उत्कर्ष पाल ने टीम के लिए सर्वाधिक 25 रन का योगदान दिया। कल्पना फाउंडेशन की ओर से शिवेंद्र शुक्ला और मो. जैद ने तीन-तीन विकेट झटके तो अरशद अली ने दो विकेट अपने नाम किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कल्पना क्रिकेट के सूर्याश चौहान के नाबाद 41 रन और कृष्ण कुमार वर्मा के नाबाद 39 रन की बदौलत यह मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया।

# खुशियों की पाठशाला में बच्चों ने कागज पर उकेरी प्रकृति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


कार्यशाला के दौरान चित्रकारी करते बच्चे। अमृत विचार

अमृत विचारः राज्य संग्रहालय की ओर से शैक्षिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में ग्रीष्मकाल कार्यक्रम हैप्पी अवर्स (खुशियों की पाठशाला) की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में फूडीकस डे केयर स्कूल कानपुर रोड के लगभग 30 बच्चों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को संग्रहालय भ्रमण कराया गया, ताकि वह संग्रहालय की कलाकृतियों से परिचित हो सकें। बच्चों के बौद्धिक एवं कलात्मक विकास के लिए उन्हें कागज और रंग उपलब्ध कराए। बच्चों को हैप्पी अवर्स विषय एवं उनके अपने अनुभवों को उकेरने के लिए प्रोत्साहित किया।

बच्चों ने स्माइली, पेड़, फूल, पौधे, जानवर, पहाड़, घर और आसपास की प्रकृति को कागज पर बनाया। जिससे बच्चों का प्रकृति से जुड़ाव अभिव्यक्त होता है। 3 से 12 साल उम्र के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# कोडिंग और एआई में निपुण होंगे बेसिक विद्यालयों के छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में में अब कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं को कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में निपुण बनाने के लिए डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस नई पहल के तहत, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्रवक्ताओं को आईआईआईटी में कोडिंग, एआई और डिजिटल लिटरेसी की विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। ये प्रवक्ता प्रशिक्षण हासिल करने के बाद मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य करेंगे और परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को इन विषयों की बारीकियां सिखाएंगे। इसका अंतिम लक्ष्य छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे आधुनिक तकनीक का प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकें।

बेसिक शिक्षा विभाग के मुताबिक निजी स्कूलों की तर्ज पर परिषदीय स्कूलों में भी स्मार्ट कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। तकनीक का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। एआई और कोडिंग को कक्षा छह से आठ तक के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। छात्रों को इन विषयों का बेहतर और सतर्कता से उपयोग करना सिखाया जाएगा।

# यूपी बोर्ड के सभी अनुभाग में शुरू होंगे ई-ऑफिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विद्यार्थियों या विद्यालयों द्वारा भेजी जाने वाली समस्याओं के निराकरण में आएगी तेजी

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड के सभी अनुभाग में ई-ऑफिस शुरू होंगे। इसके लिए कर्मचारियों की ऑनलाइन ट्रेनिंग कराई जा रही है। इससे विद्यार्थियों या विद्यालयों द्वारा भेजी जाने वाली समस्याओं के निराकरण में तेजी आएगी।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को छोड़कर बोर्ड के सभी कर्मचारियों की ऑनलाइन ट्रेनिंग हो रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी विभागों और कार्यालयों में कार्यों को अधिक कुशल, प्रभावी और पारदर्शी बनाने के ई-ऑफिस योजना शुरू की है।इसी क्रम में सरकार ऑनलाइन ट्रेनिंग में बोर्ड के 200 से अधिक कर्मचारियों को ई-ऑफिस से संबंधित कार्यों के लिए प्रशिक्षण दे रही है।

ई-ऑफिस के शुरू हो जाने से विद्यार्थियों को अधिक लाभ मिलेगा। सबसे अधिक मामले प्रमाण पत्र व अंकपत्र में जन्म तिथि, परीक्षार्थी का नाम, माता-पिता के नाम में संशोधन के आते हैं। ऑफलाइन होने के कारण कई बार फाइलें दबी रह जाती हैं, जिससे परीक्षार्थियों को बोर्ड ऑफिस के चक्कर काटने पड़ते हैं और फाइलें घूमती रहती हैं।

बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि ई-ऑफिस व्यवस्था पूरी तरह से लागू होने के बाद जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही भी तय हो सकती है। मामलों के निस्तारण में विलंब होने पर जवाब भी देना पड़ सकता है। वहीं, बोर्ड के अनुभागों के कार्यों में और तेजी आएगी। डाक अनुभाग प्राप्त डाक को फाइलों के बजाय संबंधित अनुभाग को ऑनलाइन भेज देगा। इससे समस्या समाधान में और तेजी आएगी और समय भी बचेगा। साथ ही कहां देरी हो रही है, यह भी पता करना आसान होगा।

### बेस्ट आइडिया कम्पीटिशन के ऑनलाइन नामांकन 15 जून से, कक्षा 6 से 10 तक के सभी बोर्ड के विद्यार्थी होंगे पात्र

अमृत विचार, लखनऊ : केन्द्र सरकार के विज्ञान एवं प्रद्योगिकी विभाग (डीएसटी) में राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान (एनआईएफ) द्वारा प्रतिवर्ष कक्षा 6 से 10 तक सभी बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन माध्यम से खेली जाने वाली बेस्ट आइडिया कंपीटिशन 2025-26 में नामांकन 15 जून से प्रारम्भ होंगे। मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि इस योजना में ऑनलाइन नामांकन के पात्र होंगे, नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2025 रखी गयी है। लखनऊ मण्डल के 6 जनपदों (लखीमपुरखीरी, हरदोई, सीतापुर, लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली) के सभी बोर्ड से मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय इंस्पायर अवार्ड मॉनक पोर्टल पर बनी अपनी स्कूल आई डी को लॉगिन कर के अपने अपने स्कूल की प्रत्येक शाखा से अधिकतम 5 नामंकन करवा सकते हैं डॉ. दिनेश कुमार ने बताया नामांकन के पश्चात जनपद स्तरीय प्रदर्शनी में चयन होने पर प्रत्येक चयनित छात्र छात्रा को केन्द्र सरकार की ओर से प्रोत्साहन स्वरूप प्रति छात्र प्रति बेस्ट आइडिया की दर से रुपये दस हजार उनके खाते में डी एस टी के प्रदान किये जाते हैं।

# इस्लाम में इंसाफ की बड़ी अहमियत : असद यावर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मौलाना अतहर और अशफाक की बरसी पर मजलिस का आयोजन

**अमृत विचार :** विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित शिया कॉलेज (आर्ट्स) में मौलाना मिर्ज़ा मोहम्मद अतहर और मौलाना मिर्ज़ा मोहम्मद अशफ़ाक की बरसी के मौक़े पर मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस से पहले शायर-ए-अहलेबैत नय्यर मजीदी, एजाज़ ज़ैदी और बनारस के प्रो. अज़ीज़ हैदर ने अपने कलाम पेश किए। प्रो. हैदर ने अपने कलाम में दोनों धर्मगुरुओं के अंदाज़-ए-बयां, उनके ज्ञान और धार्मिक सेवाओं का जिक्र किया।

मुज़फ़्फ़रपुर (बिहार) के मौलाना असद यावर ने मजलिस को ख़िताब किया। उन्होंने इस्लाम में इंसाफ़ की अहमियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया में मज़लूमों और कमज़ोर तबक़ों पर ज़ुल्म हो रहा है। लेकिन यह सिलसिला इमाम-ए-ज़माना के ज़ुहूर के बाद ख़त्म होगा। उन्होंने कहा कि इमाम मेहदी की हुकूमत में हर इंसान को बराबरी का इंसाफ़ मिलेगा। मौलाना असद यावर ने मौलाना मिर्ज़ा मोहम्मद अतहर और मौलाना अशफ़ाक की धार्मिक और शैक्षिक सेवाओं का जिक्र करते हुए कहा कि ये दोनों धर्मगुरु पूरी दुनिया में मजलिसें पढ़ते थे और हर जगह अल्लाह, इस्लाम, कुरआन, रसूल और अहलेबैत का ज़िक्र करते थे।

# आईसीएमआई के अध्यक्ष बने रंजीत सिंह


नई कार्यकारिणी गठन में उपस्थित आईसीएमई के सदस्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- द इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट अकाउन्टेंट्स ऑफ इंडिया लखनऊ चैप्टर की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ

**अमृत विचारः** द इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट अकाउन्टेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमई) लखनऊ चैप्टर की 51वीं वार्षिक आम बैठक और नई कार्यकारणी के गठन की घोषणा की गई। इसके बाद लखनऊ चैप्टर के वरिष्ठ सदस्यों को सीएमए के स्तम्भ के रूप में सम्मानित किया गया। जिसमे सीएमए सुधांशु, सीएमए बीएम जिंदाल, सीएमए सुनील कुमार सिंह, सीएमए आईपी सक्सेना, सीएमए सुनील कुमार पांडेय और सीएमए रामा शंकर शामिल हुए।

इस दौरान द इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट अकाउन्टेंट्स ऑफ इंडिया, लखनऊ चैप्टर के नई कार्यकारणी में निर्वाचित सदस्यों को चुना गया। सीएमए रंजीत सिंह अध्यक्ष, सीएमए जूही उपाध्याय उपाध्यक्ष, सीएमए अभिषेक मिश्रा सचिव, सीएमए नरेन्द्र कुमार कोषाध्यक्ष, सीएमए अमित यादव, नैन्सी गुप्ता, सदस्य सीएमए कविता तिवारी, सदस्य सीएमए पल्लवी अग्रवाल, सदस्य सीएमए सूर्या प्रकाश पांडेय निर्वाचित सदस्य के रूप में चयनित किये गए। इस दौरान नव चयनित सदस्यों ने कहा कि यह नई कार्यकारणी लखनऊ चैप्टर के उज्वल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और हम उम्मीद करते हैं कि इसके माध्यम से हम समुचित रूप से अध्ययन, प्रशिक्षण और उन्नति का काम करेंगे।

# शानदार प्रदर्शन कर शायला ने तीन स्वर्ण पदकों पर किया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केएन कपूर मेमोरियल 66वीं सीनियर यूपी स्टेट तैराकी चैंपियनशिप

**अमृत विचारः** गौतमबुद्धनगर की शायला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केएन कपूर मेमोरियल 66वीं सीनियर यूपी स्टेट तैराकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन तीन स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के स्वीमिंग पूल में आयोजित इस चैंपियनशिप में शायला ने यह सफलता 100 मीटर फ्रीस्टाइल, 200 मीटर इंडिविजुअल मिडले और 400 मीटर की फ्रीस्टाइल में अर्जित की।

इसके अलावा वाराणसी के अनुराग आर. सिंह ने दो नए रिकार्ड के साथ दोहरे स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह उपलब्धि उन्होंने 1500 मीटर और 400 मीटर के फ्रीस्टाइल में पहला स्थान हासिल कर अर्जित की। वहीं गोरखपुर के अभिषेक कनौजिया ने 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक के साथ 200 मीटर इंडिविजुअल मिडले में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इसके साथ उन्होने 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में कांस्य पदक को भी अपने नाम किया। शनिवार को पुरुष 100 मीटर बैक स्ट्रोक में गौतमबुद्धनगर के वेदांत चंद्रा और महिला 100 मीटर बैक स्ट्रोक में झांसी की जिया यादव ने नए कीर्तिमान बनाए।


तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। अमृत विचार

**समर कार्निवाल** | लोकनृत्य के साथ भोजपुरी गीतों ने समां बांधा

# सांस्कृतिक संध्या में रही लोकगीतों की धूम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण, जेटेक और प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वावधान में यूपी दर्शन पार्क में चल रहे समर कार्निवाल की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में लोकनृत्य के साथ भोजपुरी गीतों ने समां बांधा।

समर कार्निवाल की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में मिष्ठी श्रीवास्तव, अंतरा जायसवाल, पीहू चौधरी, आन्या चौधरी और श्वेता आसेरी ने ओ री चिरैया पर आकर्षक लोक नृत्य प्रस्तुत किया। मधुलिका बोस ने बड़ो लोकेर बेटी लो पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुत कर बंगाली संस्कृति की छटा बिखेरी।

प्रिया पाल ने गणेश वंदना के जरिये कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। तोहरा बलम कप्तान हो जैसे अन्य भोजपुरी गीतों की रस सरिता से भी उन्होंने लोगों को प्रभावित किया।

इस अवसर पर विनोद कुमार सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सम्पूर्ण शुक्ला ने किया।


समर कार्निवाल के सांस्कृति मंच पर नृत्य करते प्रतिभागी। अमृत विचार


प्रस्तुति के दौरान नृत्य करती प्रतिभागी। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनाहूत: प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम:॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है।

## संपादकीय

# शुद्ध एफडीआई में गिरावट

भारत जहां तेजी से विकास कर रहा है, वहीं चिंता की बात है कि विदेशी कंपनियां भारत में निवेश किए गए धन को वापस अपने देश ले जा रही हैं। यह प्रवृत्ति भारत में शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के स्तर को कम कर रही है। इसका मतलब है कि भारत में विदेशी निवेश की शुद्ध मात्रा कम हो रही है। एफडीआई को लेकर हाल के सरकारी आंकड़ों से स्पष्ट है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में शुद्ध एफडीआई सिर्फ 0.4 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 10.1 अरब डॉलर था। यानी इसमें करीब-करीब 96 फीसदी की गिरावट आई है। दूसरी ओर, सकल एफडीआई यानी कुल विदेशी निवेश में 13.7 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है, जो अब 81 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। नेट एफडीआई में गिरावट से साफ है कि भारत में भले ही निवेश आया हो, लेकिन उसी समय बड़ी मात्रा में पैसा बाहर भी गया है। सवाल उठता है कि क्या विदेशी कंपनियों में धन वापस भेजने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यानी कुछ कंपनियां भारतीय बाजार में अपनी हिस्सेदारी कम कर रही हैं। हालांकि एफडीआई में कमी सिर्फ भारत की समस्या नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक ट्रेंड है, लेकिन यह प्रवृत्ति भारत के लिए एक चिंता का विषय है क्योंकि यह भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है। शुद्ध एफडीआई की कमी से भारत में रोजगार सृजन, आर्थिक विकास और नवाचार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

वास्तव में, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किसी देश की अर्थव्यवस्था का एक आवश्यक चालक है क्योंकि ये नौकरी बाजार, तकनीकी ज्ञान के आधार को बढ़ावा देते हैं और गैर-लोन वित्तीय संसाधन प्रदान करते हैं। 1991 के आर्थिक संकट के बाद भारत में आर्थिक उदारीकरण शुरू हुआ और तब से भारत में एफडीआई में लगातार वृद्धि हुई है, जिसके बाद करोड़ से अधिक नौकरियां पैदा हुईं। सरकार ने एफडीआई को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियां और प्रोत्साहन भी दिए हैं, जैसे 'मेक इन इंडिया' पहल। साथ ही देश में एफडीआई को आकर्षित करने के लिए कई कारकों पर ध्यान दिया जाता है जैसे कि गतिशील कारोबारी माहौल और उदार क्षेत्रीय नीतियां। निवेश में गणितीय अवधारणाओं को समझना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह निवेश निर्णयों में मदद करता है और जोखिमों को कम करता है। निवेश नीतियों में सुधार करने से निवेशकों को बेहतर निर्णय लेने और जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। जब तक विदेशी कंपनियों के अनुकूल देश में इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार नहीं करेंगे, तब तक बहुत अधिक निवेश की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

# बदलते भारत को चाहिए तेज, तकनीकी रक्षा रणनीति



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल रणनीतिक इरादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी कार्यवाही, ठोस निवेश, पारदर्शी तंत्र और तत्काल क्रियान्वयन की जरूरत है, क्योंकि यदि आज की रक्षा जरूरतें पूरी नहीं हुई तो आने वाला कल शायद देश के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

भारत की वायुशक्ति और रक्षा तैयारियों को लेकर हाल के दिनों में कुछ गंभीर सवाल उठाए गए हैं और ये सवाल किसी और नहीं, बल्कि स्वयं देश के सर्वोच्च वायुसेना अधिकारी ने उठाए हैं। एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह का यह बयान कि 'एक भी रक्षा परियोजना समय पर पूरी नहीं होती' केवल एक क्षोभ नहीं, बल्कि उस हताशा और यथार्थ का प्रतिबिंब है, जिसे भारतीय सशस्त्र बल दशकों से झेल रहे हैं। घरेलू रक्षा उत्पादन को लेकर किए गए वादों, घोषणाओं और नीतियों की पोल अब खुलकर सामने आ रही है, खासकर तब, जब देश को अपने पड़ोसी देशों के साथ लगातार बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके जवाब में सात मई को भारत द्वारा पाकिस्तान के भीतर किए गए हवाई हमले के बाद उपजे हालात ने इस बात को और स्पष्ट कर दिया कि भारत को तत्काल और निर्णायक सैन्य क्षमताओं की आवश्यकता है। भारत-पाकिस्तान के बीच तीन दिनों तक चले ड्रोन हमले, मिसाइल वार और सीमाओं पर भारी गोलाबारी के बाद दोनों देशों ने भले ही 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा कर दी, लेकिन इस टकराव ने देश की सामरिक तैयारी को लेकर एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

इस पूरे परिदृश्य में वायुसेना प्रमुख का यह कथन कि 'हम ऐसा वादा क्यों करें, जो पूरा ही नहीं हो सकता?' बहुत कुछ कहता है। भारत वर्षों से 'मेक इन इंडिया' के जरिए रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन वास्तविकता यही है कि आज भी भारत को अपने हथियारों, लड़ाकू विमानों, टैंकों और यहां तक कि इंजन तक के लिए विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह का बयान ऐसे समय आया है, जब भारत में 83 तेजस एमके-1 ए विमानों की डिलीवरी पहले ही देरी का शिकार हो चुकी है। 2021 में हुए समझौते के अनुसार हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इन्हें डिलीवर करना था, लेकिन अभी तक एक भी विमान वायुसेना को नहीं मिला है। इसी तरह 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमानों की डिलीवरी भी सितंबर 2025 तक पूरी होनी थी, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि इसमें भी देरी तय है। वायुसेना प्रमुख का कहना है कि केवल निर्माण नहीं, बल्कि 'डिजाइन इन इंडिया' की आवश्यकता है यानी भारत को सिर्फ असेंबलिंग नहीं, स्वदेशी तकनीक और नवाचार के जरिए रक्षा क्षेत्र को खड़ा करना होगा। रक्षा विशेषज्ञ राहुल बेदी का आकलन और अधिक चिंता बढ़ाने वाला है। उनके अनुसार, रक्षा मंत्रालय की व्यवस्था इतनी धीमी और जटिल है कि किसी भी रक्षा परियोजना को पूरा होने में औसतन 7-10 साल लग जाते हैं।

> एयर चीफ मार्शल के बयान का अर्थ केवल यह नहीं है कि घरेलू डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी में देरी हो रही है, बल्कि यह भी है कि वर्तमान जरूरतों को देखते हुए यदि घरेलू उत्पादन सक्षम नहीं है, तो विदेशी विकल्पों को प्राथमिकता दी जाए। उनका स्पष्ट संकेत है कि आज की जरूरत आज ही पूरी होनी चाहिए, भविष्य की योजनाओं से वर्तमान की रक्षा नहीं की जा सकती।

मिसाल के तौर पर एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) की मंजूरी अभी हाल में ही दी गई है, जो भारत का पहला पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ फाइटर जेट है, अभी भी प्रोटोटाइप चरण में है। पहला प्रोटोटाइप 2029 तक तैयार होने की उम्मीद है और उत्पादन 2035 से शुरू होने की संभावना है। उसके बाद इसे वायुसेना में शामिल होने में कम से कम तीन साल और लगेंगे। इसका सीधा और स्पष्ट अर्थ है कि यदि सबकुछ ठीक रहा तो भी इस परियोजना को पूरा होने में 13 वर्ष लगेंगे। भारत और रूस के बीच 2007-08 में शुरू हुआ एफजीएफए परियोजना का करार भी नाकाम रहा। भारत ने इस परियोजना पर 11 साल तक समय और धन खर्च किया, लेकिन 2018 में इससे बाहर हो गया। वहीं रूस ने इस परियोजना को आगे बढ़ाया और आज 'सुखोई-57' के रूप में उसका स्टेल्थ फाइटर सामने है। यदि भारत इससे जुड़ा रहता तो आज उसके पास भी एक उन्नत स्टेल्थ लड़ाकू विमान होता। जब हम भारतीय वायुसेना की स्क्वाड्रन की संख्या को देखते हैं, तो यह स्थिति और गंभीर हो जाती है। 42 स्क्वाड्रन की स्वीकृति के बावजूद वर्तमान में वायुसेना के पास केवल 30 स्क्वाड्रन ही हैं, जिनमें से दो से तीन स्क्वाड्रन अगले एक-दो वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाली है यानी निकट भविष्य में वायुसेना की ताकत केवल 28 स्क्वाड्रन तक सीमित रह सकती है। यह संख्या चीन और पाकिस्तान के संयुक्त खतरे को देखते हुए बेहद अपर्याप्त है।

वायुसेना ने 2018-19 में 114 लड़ाकू विमानों की तत्काल आवश्यकता का प्रस्ताव रखा था, लेकिन छह वर्ष बाद भी उस प्रस्ताव पर कोई निर्णायक प्रगति नहीं हुई है। इसका मतलब है कि हमारी सुरक्षा जरूरतें नीति-निर्धारकों की प्राथमिकता में नहीं हैं। राफेल लड़ाकू विमान की खरीद की कहानी भी देरी और जटिलताओं का उदाहरण है। 2007-08 में इसकी प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन अनुबंध पर हस्ताक्षर 2016 में हुए और डिलीवरी 2018 से शुरू हुई। इसी तरह तेजस लड़ाकू विमान पर बातचीत 1981 में शुरू हुई थी, लेकिन इसके पहले वर्जन को आने में 40 साल लग गए और वह भी तब, जब उसका 45 प्रतिशत हार्डवेयर आज भी इंपोर्टेड है। इसका इंजन अमेरिका से आता है और सबसे अहम बात यह है कि अब तक भारत अपने किसी भी प्रमुख लड़ाकू विमान, टैंक या हेलीकॉप्टर के लिए स्वदेशी इंजन विकसित नहीं कर पाया है।

एयर चीफ मार्शल के बयान का अर्थ केवल यह नहीं है कि घरेलू डिफेंस सिस्टम की डिलीवरी में देरी हो रही है, बल्कि यह भी है कि वर्तमान जरूरतों को देखते हुए यदि घरेलू उत्पादन सक्षम नहीं है, तो विदेशी विकल्पों को प्राथमिकता दी जाए। उनका स्पष्ट संकेत है कि आज की जरूरत आज ही पूरी होनी चाहिए, भविष्य की योजनाओं से वर्तमान की रक्षा नहीं की जा सकती। ग्लोबल फायर पावर की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है, जबकि पाकिस्तान 12 वें स्थान पर है। भारत के पास 22 लाख से अधिक सक्रिय सैनिक, 4,201 टैंक, लगभग डेढ़ लाख बख्तरबंद वाहन और 3,975 तोपें हैं। वायुसेना के पास 2,229 विमान हैं, जिनमें 513 लड़ाकू विमान शामिल हैं, लेकिन फिर भी स्क्वाड्रन की संख्या जरूरत से कम है। यही वह अंतर है, जो तकनीकी और रणनीतिक तैयारियों की कमी को दर्शाता है। भारत का रक्षा बजट 2025-26 के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये हैं, जिसमें से केवल 1.80 लाख करोड़ रुपये आधुनिकीकरण और नए हथियारों की खरीद के लिए निर्धारित हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह राशि चीन जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए अपर्याप्त है।

बहरहाल एयरचीफ मार्शल की यह टिप्पणी कि 'अब समय है डिजाइन इन इंडिया का' अपने आप में एक नई सोच को जन्म देती है, जब तक हम केवल 'असेंबलिंग' करते रहेंगे, आत्मनिर्भरता दूर का सपना ही बनी रहेगी। 'मेक इन इंडिया' का सपना तभी साकार होगा, जब भारत स्वदेशी रक्षा उत्पादन की संपूर्ण प्रणाली (डिजाइन, विकास, उत्पादन और परीक्षण) को सक्षम बनाएगा, लेकिन जिस तरह की देरी, नीति-निर्धारण में अनिर्णय और तकनीकी निर्भरता अब तक देखी गई है, उससे स्पष्ट है कि भारत को एक 'बोल्ड डिफेंस रिफॉर्म' की जरूरत है। स्वदेशी तकनीक और स्वदेशी रणनीतिक औद्योगिक क्षमताएं विकसित करने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र, अनुसंधान संस्थानों और सेना, सभी को मिलकर एक ठोस रोडमैप बनाना होगा।

इस पूरे विमर्श में एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि वायुसेना प्रमुख की चेतावनी को केवल बयान भर न समझा जाए, यह देश की सुरक्षा नीति के लिए एक निर्णायक क्षण है। भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल रणनीतिक इरादों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी कार्यवाही, ठोस निवेश, पारदर्शी तंत्र और तत्काल क्रियान्वयन की जरूरत है, क्योंकि यदि आज की रक्षा जरूरतें पूरी नहीं हुई तो आने वाला कल शायद देश के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

## प्रसंगवश

# जेठ

जेठ शब्द 'ज्येष्ठ' का तद्भव है, जो 'बड़े' के अर्थ में प्रयुक्त होता है। हिंदू कलेंडर में इस नाम का एक महीना होता है। साथ ही यह एक रिश्ते का भी नाम है। किसी स्त्री के पति के बड़े भाई को जेठ कहते हैं। जेठ महीना हिंदू वत्सर का तीसरा मास है और यह नामकरण इसलिए हुआ, क्योंकि इसकी पूर्णिमा को चंद्र देव ज्येष्ठा नक्षत्र पर होते हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय गर्मी चरम पर होती है। जायसी कवि 'पद्मावत' में कहते हैं," जेठ जरै जग चलै लुवारा। उठहिं बवंडर परहिं अंगारा"।। और उनकी वियोगिनी रानी नागमती की स्थिति यह है: "चारिउ पवन झकोरै आगी। लंका दाहि पलंका लागी।।" इस मास में यदि खूब तपन हो, तभी सही रहता है। बारिश अच्छी होती है।

घाघ कहते हैं,"जेठ मास जब तपै निरंता। तब जानौ वरषा बलवंता", किंतु यदि इसमें पुरवाई हवा चलें, तो वर्षा क्षीण होती है,'जब जेठ चलै पुरवाई। तब सावन धूरि उड़ाई"। जेठ में जब थोड़ा पानी बरस जाता है, तो उसे 'दवंगरा' कहते हैं। पहले यातायात के साधन न के बराबर थे। पैदल या बैलगाड़ी ही थी, अतः इस महीने में यात्राएं वर्जित थीं। जहां तक जेठ के रिश्ते की बात है, तो इसकी बड़ी मर्यादा स्थापित है। छोटे भाई की पत्नी न केवल उन्हें घूंघट काढ़ती है, बल्कि वह उस पाटा पर भी नहीं बैठ सकती, जिस पर ज्येष्ठ भोजन आदि के लिए बैठे हो। इतना ही नहीं, उनका नाम लेना तो दूर, जेठ शब्द कहने पर भी दोष लग जाता है।

एक कथा के अनुसार एक महिला के जेठ का नाम 'कपूर' था। वह पंसारी की दूकान पर कपूर खरीदने गई। अब न तो वह कपूर शब्द कह सकती थी और न ही जेठ। अतः वह कुछ यों बोली,"बैसाखै ऊपर उइ लगैं, जिनकी हमैं है लाज। ऐ बनिया! हमैं वो देव, जामें आवै षास सुवास"।। दुकानदार समझ नहीं पा रहा था। संयोग से वहां एक कवि खड़े थे,तो वे समझ गए और दुकानदार से कहा,"गुप्ता जी! ये शायद कपूर मांग रही हैं, इनके जेठ का यही नाम है"। महिला बोली, हां! ऐसा ही है, तब उसे सौदा मिल पाया। अब बड़ों में भगवान विष्णु इंद्र के छोटे भाई मान्य हैं। उनकी पत्नी लक्ष्मी जी ज्येष्ठ जी से कितनी दूरी बनाकर रखतो हैं, इसकी कोई स्पष्ट कथा उपलब्ध नहीं है।

# देश में जासूसी का मायाजाल



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> डिजिटल तकनीक के माध्यम से देश को खतरे में डालने वाले इन संचार उपकरणों पर शिकंजा कसने की कठोर नीति बनाने की जरूरत है।

यह बेहद चिंताजनक और शर्मनाक है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए एक के बाद एक भारतीय जासूसी करते पकड़े जा रहे हैं। यह शुरुआत पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के साथ हुई थी। हरियाणा की रहने वाली ज्योति के साथ उसके पांच साथियों को भी हिरासत में लिया है। जासूसी करने वाले ये लोग हरियाणा और पंजाब के हैं।

ज्योति का इंस्टाग्राम खाते को खंगालने पर पता चला है कि ज्योति पहलगाम में आतंकी हमला होने के एक महीने पहले श्रीनगर और पहलगाम की यात्रा पर थी। उसके तार पाकिस्तान उच्चायुक्त में काम करने वाले दानिश नाम के एक अधिकारी से भी जुड़े पाए गए हैं। इसी ने ज्योति को पाकिस्तान भेजा था। ज्योति कई महीने से भारतीय खुफिया एजेंसियों के रडार पर थी। उसकी संदिग्ध विदेशी यात्राएं और संदिग्ध विदेशी लोगों से संपर्कों ने उसे जासूसी करने के दायरे में लाकर खड़ा कर दिया। वह लगातार अपने यूट्यूब चैनल पर संवेदनशील सैन्य स्थलों के वीडियो डाल रही थी। इसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान के लिए कथित रूप से जासूसी करने को लेकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सहायक उपनिरीक्षक मोतीराम जाट को भी हिरासत में लिया है। वह 2023 से राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित गोपनीय जानकारी पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को पहुंचा रहा था। इसी तरह की जासूसी करते हुए एक निजी कंपनी में इंजीनियर रवि वर्मा को हिरासत में लिया गया है। यह कंपनी रक्षा विभाग में ठेके पर काम करती थी। रवि पर मुंबई में नौसेना के प्रतिबंधित क्षेत्र के बारे में पाकिस्तान को महत्वपूर्ण जानकारी देने के आरोप लगे हैं। उसने 14 युद्धपोतों और रक्षा जहाजों की जानकारी दी है। रवि को पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव (पीआईओ) की जिस महिला एजेंट ने अपने जाल में फंसाया था, उसका नाम पायल शर्मा और इस्प्रित बताया गया है। इन महिलाओं के साथ रवि हनीट्रैप में था।

कुछ साल पहले एटीएस ने मध्य प्रदेश में 15 लोगों को जासूसी के आरोप में हिरासत में ले लिया था। इस जासूसी का तंत्र ओडिशा और आंध्र प्रदेश तक फैला पाया गया था। जासूसी नेटवर्क में भोपाल के तीन लोग पकड़े गए थे। इनमें ध्रुव सक्सेना और मोहित अग्रवाल एक राजनैतिक दल से जुड़े थे। इस पूरे नेटवर्क का सरगना सतना का बलराम था, जो इन लोगों के साथ मिलकर समानांतर टेलीफोन ऐक्सचेंजों के मार्फत इंटरनेट कॉल को मोबाइल नेटवर्क में बदलकर चाहे गए नंबरों पर बात करवाने का अवैधानिक काम करते थे। पाकिस्तान को गोपनीय जानकारियां भेजने वाले इन लोगों में से ज्यादातर उच्च शिक्षित और सूचना तकनीक से बीई थे। हैरानी देश की गुप्तचर संस्थाओं पर इसलिए है, क्योंकि जासूसी का यह नेटवर्क तीन साल से चल रहा था और उन्हें भनक तक नहीं लग पाई थी। यदि जम्मू के थाना आरएस पुरा में सतविंदर और दादू नहीं पकड़े गए होते तो मध्य-प्रदेश में फैल चुके आईएसआई के इस जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ ही नहीं होता?

हालांकि प्रदेश एटीएस ने अपनी पड़ताल को महज तीन माह के भीतर जिस कामयाबी के साथ अंजाम तक पहुंचाकर रैकेट का पर्दाफाश जिस तत्परता से किया है, वह सराहनीय पहल थी, लेकिन बड़ा सवाल है कि खुफिया तंत्र इस जासूसी नेटवर्क के तार पकड़ने में क्यों नाकाम रहा? जबकि अब हमारे पास ध्वनि तरंगों और व्यक्ति की आवाज को बीच में ही पकड़ने के आधुनिकतम उपकरण हैं। सिम कार्डों और बैंक खातों को आधार पहचान-पत्र से जोड़ने पर नरेंद्र मोदी सरकार लगातार दबाव बनाए हुए है। बावजूद बलराम के पास से 100 सिम पाईं गईं और बैंकों में उसके 100 से भी ज्यादा खाते पाए गए। इससे पता चलता है कि डिजिटल इंडिया देशद्रोही गतिविधियों पर शिकंजा कसने के बजाय, उन्हें आसान बना रहा है।

एक तरफ देश की नीतियां ऐसी बनाई जा रही हैं कि नागरिक डिजिटल तकनीक का उपयोग करने के लिए बाध्य हो या फिर स्वेच्छा से करे। दूसरी तरफ सोशल साइट ऐसे ठिकाने हैं, जिन्हें व्यक्ति निजी जिज्ञासा पूर्ति के लिए उपयोग करता है। केंद्र व राज्य सरकारों की अनेक ऐसी कल्याणकारी योजनाएं हैं, जो सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में धन पहुंचाती हैं। नोटबंदी और जीएसटी इस मकसद से अमल में लाए गए थे कि सरकारी, व्यावसायिक और निजी लेनदेन में अधिकतम पारदर्शिता आए और देश भ्रष्ट व्यवस्था से मुक्त हो? इन लक्ष्यों को हम कितना हासिल कर पाए हैं, यह तो फिलहाल साफ नहीं है, लेकिन इन प्लेटफार्मों के जरिए खाताधारकों का धन उड़ाने और जरूरतमंदों की लड़ाई लड़ने वाले कार्यकताओं की जासूसी करने का कुचक्र जरूर सामने आता रहा है। अतएव डिजिटल तकनीक के माध्यम से देश को खतरे में डालने वाले इन संचार उपकरणों पर शिकंजा कसने की कठोर नीति बनाने की जरूरत है।

## सोशल फोरम

# मानव संस्कृति का विकास

मानव संस्कृति की विकास धारा दो किनारों के बीच में बहती रही है और बह रही है। एक किनारा मनुष्य जैसा है अर्थात् यथार्थ और दूसरा किनारा है- मनुष्य जैसा होना चाहिए अर्थात् आदर्श। इसमें तो कोई संदेह ही नहीं कि इस द्वंद्व के बीच ही मानव संस्कृति का विकास हुआ है और हो रहा है। जैसा होना चाहिए वाला पक्ष अर्थात् आदर्शवाद एक तो है नहीं, उसमें बहुत मतभेद और संघर्ष हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इस संघर्ष का कारण सत्ता है, वह सत्ता धर्म के तंत्र की हो अथवा धन के तंत्र की हो या राज्य के तंत्र की। कितने धर्म हैं? धर्म नहीं, वे वास्तव में धर्म के तंत्र की सत्ताएं हैं। सभी धर्मसत्ताएं यह कहती हैं कि यदि दुनिया के सभी लोग हमारे धर्मतंत्र में आ जाएं, तो बस मानव-कल्याण हो जाए, स्वर्ग धरती पर उतर आवे। धर्मतंत्र की सत्ता वाले इतने खूंखार हो जाते हैं कि वे अभी भी कल्पना कर रहे हैं कि दुनिया हम जैसी हो जाएगी। इन लोगों ने ईश्वर की परिकल्पना को भी उससे जोड़ लिया है, उस परिकल्पना को हम गॉड कहें या खुदा कहें अथवा अन्य कोई नाम दे लें। आतंकवादी भी उसी लाइन के लोग हैं। "जैसा होना चाहिए।" वाले पक्ष में तथाकथित राष्ट्रवादी भी हैं, जो बचपन से ही बालक को मन में कुछ अवधारणाओं की प्रतिष्ठा करते हैं और साम्यवादी भी हैं, जिन्होंने सोवियत-संघ के जमाने में ब्रेनवाश करने के बहुत से प्रयोग किए थे। "जैसा होना चाहिए।" आइडियोलॉजी वाला यह पक्ष सत्तावादी होता है। यह समझता है कि सत्ता हमारे हाथ में रहेगी तो हम जैसा चाहते हैं, मनुष्य वैसा ही बन जाएगा। इस पक्ष के लोग अंततः व्यष्टि स्वार्थ के संगठन को जन्म देते हैं। स्वार्थों की गांठें लगती चली जाती हैं और संगठन विकसित होता चला जाता है।

धन की सत्ता वाला समूह भी इसकी ही छत्ती के नीचे अपना स्वार्थ साधन करता है, इसलिए राजसत्ताएं और धनसत्ताएं इस पक्ष को साधन प्रदान करती हैं। आतंकवाद को प्रश्रय कौन दे रहा है? ये ही शक्तियां हैं। ध्यान देने की बात यह है कि "जैसा होना चाहिए।" वाले पक्ष में एक समष्टि पक्ष भी होता है। सच तो यह है कि व्यष्टिस्वार्थों के संगठन वाला पक्ष भी समष्टि पक्ष को ही सिद्धांत आइडियोलॉजी के रूप में प्रचारित करता है।

-फेसबुक वॉल से

# पूर्वोत्तर भारत: देश की राजस्व वृद्धि का नया इंजन



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत अब तक 1,200 से अधिक स्टार्टअप इस क्षेत्र से पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से कई कृषि, पर्यटन, बायोटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रहे हैं।

पूर्वोत्तर भारत, जिसे कभी देश के विकास मानचित्र पर हाशिए पर रखा गया क्षेत्र माना जाता था। आज राष्ट्रीय आर्थिक विकास की एक नई उम्मीद बनकर उभर रहा है। आठ राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम का यह क्षेत्र न केवल अपनी जैविक खेती, प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक विविधता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि अब कृषि, पर्यटन, सीमा व्यापार, हैंडलूम और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर भारत की राजस्व संरचना को मजबूत कर रहा है। यह परिवर्तन आकंड़ों और तथ्यों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

नीति आयोग की 2023 की रिपोर्ट बताती है कि पूर्वोत्तर के आठों राज्यों की कुल सम्मिलित जीएसडीपी 6.8 लाख करोड़ के पार पहुंच चुकी है। इसमें असम सबसे आगे है, जिसकी अकेले की जीएसडीपी 2.7 लाख करोड़ है। वहीं, सिक्किम और मिजोरम जैसे छोटे पहाड़ी राज्य भी 8 प्रतिशत से 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज कर रहे हैं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इसका मुख्य कारण यह है कि इन राज्यों में पारंपरिक संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग, पर्यटन को बढ़ावा और केंद्र सरकार की विशेष योजनाएं अब प्रत्यक्ष राजस्व में बदल रही हैं। पूर्वोत्तर भारत को जैविक खेती के लिए आदर्श क्षेत्र माना जाता है। सिक्किम पहले ही 100 प्रतिशत जैविक राज्य घोषित किया जा चुका है। इसके अलावा मेघालय, मणिपुर और नागालैंड जैसे राज्य भी तेजी से जैविक उत्पादों की खेती की ओर बढ़ रहे हैं। वर्ष 2023-24 में इन राज्यों ने लगभग 2.5 लाख मीट्रिक टन जैविक उत्पादों का उत्पादन किया, जिसमें जैविक चाय, हल्दी, अदरक और बांस जैसे उत्पाद प्रमुख हैं। इन उत्पादों की देश और विदेशों में जबरदस्त मांग है। अकेले जैविक उत्पादों से क्षेत्र को 1,350 करोड़ की निर्यात आय हुआ, जिससे न केवल किसानों की आय बढ़ी, बल्कि क्षेत्र के राजस्व में भी इजाफा हुआ। पर्यटन भी अब पूर्वोत्तर की आर्थिकी का अहम स्तंभ बनता जा रहा है। साल 2022-23 में पूर्वोत्तर राज्यों में लगभग 1.15 करोड़ घरेलू और 1.2 लाख विदेशी पर्यटक पहुंचे। इसमें 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी', 'देखो अपना देश' और 'होमस्टे पर्यटन' जैसी योजनाओं का योगदान रहा है। पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, पर्यटन से संबंधित सेवाओं से पूर्वोत्तर ने 4800 करोड़ से अधिक की आय अर्जित की। यह न केवल स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करता है, बल्कि होटल, परिवहन और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में भी आर्थिक गति लाता है। पूर्वोत्तर की भौगोलिक स्थिति इसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ व्यापार करने के लिए एक रणनीतिक केंद्र बनाती है। भारत-म्यांमार, भारत-बांग्लादेश और अब प्रस्तावित त्रिकोणीय मार्ग (भारत-चीन-भूटान) से सीमा व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है। असम और मणिपुर जैसे राज्य सीमा व्यापार के जरिए 1,100 करोड़ से अधिक का वार्षिक राजस्व उत्पन्न कर रहे हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत 1.76 लाख करोड़ की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं पूर्वोत्तर में चल रही हैं, जिनमें सड़क, रेलवे, जलमार्ग और हवाई संपर्क शामिल हैं। इससे लॉजिस्टिक लागत में गिरावट आई है और क्षेत्रीय उत्पादों की देश व विदेशों तक आसान पहुंच संभव हुई है। पूर्वोत्तर के हैंडलूम और हथकरघा उद्योग की बात करें तो यह न केवल सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि अब एक सशक्त आर्थिक गतिविधि भी बन चुका है। त्रिपुरा, मिजोरम और नागालैंड जैसे राज्यों के हथकरघा उत्पाद अब ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंच रहे हैं। 2023-24 में इन उत्पादों का कुल निर्यात 620 करोड़ के पार पहुंचा। इससे जुड़े लाखों कारीगरों को न केवल रोजगार मिला, बल्कि यह क्षेत्र के लिए आय का एक स्थायी स्रोत बन गया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार की " पूर्वोत्तर औद्योगिक विकास योजना" (एनईआईडीएस) के तहत अब तक 3,800 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति मिल चुकी है। शिक्षा और डिजिटल साक्षरता में वृद्धि ने पूर्वोत्तर के युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित किया है।

स्टार्टअप इंडिया योजना के तहत अब तक 1,200 से अधिक स्टार्टअप इस क्षेत्र से पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से कई कृषि, पर्यटन, बायोटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में नवाचार कर रहे हैं। इन स्टार्टअप्स ने अब तक 500 करोड़ से अधिक का निजी निवेश आकर्षित किया है, जो यह दिखाता है कि पूर्वोत्तर अब सिर्फ संसाधनों पर आधारित अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि नवाचार आधारित विकास की दिशा में भी अग्रसर है। अंततः, यह स्पष्ट है कि पूर्वोत्तर भारत अब देश की आर्थिक धारा में एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभर चुका है। आने वाले वर्षों में यदि यही गति बनी रही, तो पूर्वोत्तर भारत न केवल देश की जीडीपी में 8 प्रतिशत से अधिक योगदान देगा, बल्कि क्षेत्रीय असमानताओं को भी दूर करेगा। यह 'सबका साथ, सबका विकास' के सपने को हकीकत में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।

# खत्म होता दिख रहा लाल आतंक

2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूमि और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है।



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं। पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है। ध्यान इस बात का रखना होगा कि नक्सलवाद फिर सिर न उठा पाए, इसके लिए प्रभावित इलाकों में अगला चरण लोकोन्मुखी सरकार, भूमि अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आर्थिक उत्थान पर फोकस होना चाहिए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### मारपीट के मामले में चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, मल्लावां। पुरानी रंजिश में गाली गलौज कर लाठी डंडो से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। मल्लावां कोतवाली के हरेया शाहपुर निवासी रामदुलारे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुरानी रंजिश में गांव के खेतल, नन्हें लाल व तोताराम, रोहित गाली गलौज कर लात घूंसो डंडो से मारने पीटने लगे।

### संदिग्ध हालात में पड़े मिले युवक की मौत

अमृत विचार, हरदोई: गांव में रह रहा युवक दो दिन से लापता था। रविवार की सुबह वह खेत में पड़ा मिला। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली शहर के शहाबुद्दीनपुर गांव निवासी कल्लू (38) मजदूरी कर जीवन यापन करता था। उसकी पत्नी मोनिका तीन बेटों के साथ लखनऊ में रहती है। कल्लू गांव में अकेले रहता था। उसके छोटे भाई अनिल ने बताया कि शुक्रवार की रात से भाई गायब हो गया था, उसकी तलाश की जा रही थी, रविवार की सुबह गांव से कुछ दूर खेत में वह पड़ा मिला।

### अलग-अलग स्थानों से पकड़े गए 11 वांछित

अमृत विचार, सीतापुर: छह थानों की पुलिस टीमों ने कुल 11 वांछित व वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में पाक्सो, मारपीट, अवैध गतिविधियों व न्यायालय में लंबित मामलों से जुड़े अपराधी शामिल हैं। मछरेहटा, संदना, कमलापुर, महोली, तंबौर और रेउसा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से आरोपियों को पकड़ा।

# सैन्यकर्मी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज

## इटौंजा इलाके की युवती ने सीतापुर निवासी सैन्यकर्मी पर लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः इटौंजा की युवती ने सीतापुर के संदना निवासी सैन्यकर्मी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने सैन्यकर्मी और उसके पिता पर धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

युवती के मुताबिक वह मौसी की शादी में गई थी। वहीं पर अजीत से मुलाकात हुई थी। अजीत ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद फोन पर बातचीत करने लगा। प्यार के जाल में फंसाकर शादी करने का झांसा दिया। आरोप है कि एक दिन अजीत घुमाने के बहाने उसे किराये के कमरे ले गया।

वहां कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर शादी का झांसा देकर उसको चुप करा दिया। इसके बाद आरोपी अक्सर अलग-अलग जगहों पर ले जाकर उसका दुष्कर्म करने लगा। युवती ने संबंध के बारे में अपने परिजनों को भी बताया। इस पर परिजनों ने बेटी की शादी के लिए अजीत के घरवालों से बातचीत की। इस पर उन लोगों ने दो साल का वक्त मांगा। इस बीच आरोपी अजीत को सेना में नौकरी मिल गई। कुछ दिन पहले युवती ने अजीत से शादी की बात कही। इस पर उसने गालियां देनी शुरू कर दी। साथ ही शादी से मना कर दिया। युवती ने सैन्यकमी अजीत और पिता छोटे लाल पर जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इटौंजा थाने में शिकायत की। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर युवती डीसीपी उत्तरी गोपाल चौधरी के पास शिकायत करने गई। डीसीपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

### मां-बेटी को बदनाम करने की साजिश

अमृत विचार, आशियाना : आशियाना में रहने वाली महिला और उसकी शादीशुदा बेटी को फर्जी आईडी से लगातार अश्लील मैसेज किये जा रहे हैं। दोनों को बदनाम करने के लिए रिश्तेदारों और करीबियों को दोनों के संबंध में अश्लील मैसेज और फोटो भेजे जा रहे हैं। यह सिलसिला काफी दिनों से चल रहा है। परेशान मां-बेटी ने शनिवार को आशियाना थाने में शिकायत की। इंस्पेक्टर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश में टीम लगा दी है। कानपुर रोड स्थित एलडीए कालोनी में रहने वाली महिला के मुताबिक, काफी दिनों से फर्जी आईडी पर बनाए गये इंस्टाग्राम से उनके पास अश्लील मैसेज भेजे जा रहे थे। कॉल कर लगातार अश्लील शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। महिला ने जब आईडी ब्लाक कर फोन उठाना बंद किया, तो पंजाब में रहने वाली उसकी शादीशुदा बेटी को फेक आईडी से अश्लील मैसेज भेजना शुरू कर दिया। उसे भी कॉल कर भी परेशान किया जाने लगा। बेटी ने भी मां के कहने पर फोन उठाना बंद कर दिया। आईडी ब्लॉक कर दिया। इसके बाद आरोपी नहीं रुके। वह बेटी के ससुराल वालों और महिला के करीबी रिश्तेदारों को उनके बारे में अश्लील मैसेज और फोटो भेजना शुरू कर दिया। महिला का आरोप है कि उनको और बेटी को बदनाम करने की साजिश है। इसके कारण दोनों काफी दिनों से मानसिक तनाव में है। शनिवार को पीड़ित महिला ने आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं पुलिस मोबाइल नंबर व इंस्टाग्राम आईडी के आधार पर आरोपी की तलाश में जुटी है।

### पत्नी के हत्यारोपी युवक का बाग में पड़ा मिला शव

हरदोई, अमृत विचार। दो महीने पहले जमानत पर जेल से रिहा हुआ हत्यारोपी पति अचानक लापता हो गया। उसके चौथे दिन शनिवार को उसका शव एक बाग में पड़ा मिला। देखने से पता चल रहा था उसका पैर किसी जंगली जानवर ने नोंच खाया। शव की शिनाख्त उसके कपड़ों से की गई। मझिला थाने के कन्झाई मजरा संतरहा निवासी रामसेवक (35) बुधवार को अचानक लापता हो गया था। बड़े भाई लालाराम ने बताया कि उसकी तलाश की जा रही थी। उसी बीच शनिवार को चौथे दिन पता चला कि पिहानी कोतवाली के बंदरहा गांव के एक बाग में किसी युवक का शव पड़ा है। लालाराम जब मौके पर पहुंचा तो उसने शव की शिनाख्त अपने भाई रामसेवक के रूप में की। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। भाई लालाराम ने बताया कि रामसेवक की शादी सीतापुर जिले के सीलापुर थाना महोली की प्रीती के साथ हुई थी। उसके एक बेटा है। वर्ष 2022 में रामसेवक ने पत्नी प्रीती की हत्या कर दी थी। जिसमें उसे जेल हो गई थी। दो साल बाद जेल से रिहा होकर वह वापस आया था। उसके बाद करीब आठ महीने तक लापता रहा। उसके बाद फिर जेल चला गया। जहां से दो महीने पहले ही जमानत पर छूट कर बाहर आया था।



योग दिवस को लेकर शनिवार को आयोजित राजभवन में योग करते लोग। अमृत विचार

# राजभवन में शुरू हुआ योगाभ्यास कार्यक्रम

## योगाचार्यों के निर्देशन में लोगों ने किया योगाभ्यास, 21 जून तक चलेगा कार्यक्रम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर शनिवार को राजभवन में योगाभ्यास कार्यक्रम शुरू हुआ। योगाचार्यों के निर्देशन में लोगों ने योगाभ्यास किया। यह कार्यक्रम 21 जून तक चलेगा।

राजभवन के अधिकारियों ने बताया कि योगाभ्यास सत्र प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 20 जून 2025 तक राजभवन के लॉन में आयोजित किया जाएगा। लगभग एक हजार प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षित योगाचार्यों के निर्देशन में संयुक्त रूप से योगासन, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास किया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। आज के सत्र में लगभग एक हजार प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतिभागियों में विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी समेत बड़ी संख्या में योगप्रेमी नागरिक शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि यह योग सत्र इसी सत्र से 20 जून तक प्रतिदिन आयोजित होगा। इसके बाद 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन परिसर में एक भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# भीषण गर्मी मे बिजली व्यवस्था ध्वस्त कई इलाकों के उपभोक्ता हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अमृत विचारः उमस और भीषण गर्मी के बीच ध्वस्त हुई बिजली व्यवस्था ने रविवार को लोगों को बेहाल कर दिया। ट्रांसफार्मर और केबिल फॉल्ट के कारण दाउद नगर और कबीर नगर उपकेंद्र की बिजली सप्लाई ठप हो गई। इससे करीब दो लाख से अधिक की आबादी को बिजली संकट का सामना करना पड़ा। वहीं चौपटिया उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले सराय माली खां में रविवार रात एबीसी लाइन में आग लग गई। इसके साथ ही बढ़ी बिजली के मांग के कारण रविवार रात चिनहट ट्रांसमिशन और उपकेंद्र ओवरलोड हो गया।

इससे शिवपुरी सबस्टेशन सहित कई उपकेंद्रों में रोस्टिंग करने का सहारा लिया गया। अहिबरनपुर डिवीजन का दाउद नगर उपकेंद्र रात आठ बजे ब्रेकडाउन में चला गया। इसके चलते अशोक नगर, अन्नापूर्णा नगर, गणेश विहार, सहित कई बड़े इलाके अंधेरा में डूब गए। सप्लाई के आने के कारण लोगों को पानी की समस्या से भी जूझने के लिए मजबूर होना पड़ा। इससे नाराज लोगों ने उपकेंद्र पर फोन कर सप्लाई के बाधित होने की जानकारी दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने फाल्ट को सही कर सप्लाई को बहाल किया।

वहीं फैजुल्लागंज के अजीज नगर में भी सप्लाई प्रभावित रही। इसके साथ ही कबीर नगर उपकेंद्र की 33 केवी लाइन के ब्रेकडाउन होने से पंडितखेड़ा, गोकुल स्टेट, हंसखेड़ा, सनसिटी, कांशीराम कॉलोनी, मुन्नूखेड़ा, चुन्नूखेड़ा, शुभम सिटी, डूडा कॉलोनी, गायत्रीपुरम, आसरे कॉलोनी, गोल्ड सिटी, कृष्ण विहार कॉलोनी की सप्लाई बिजली बंद हो गई। इससे परेशान उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र पर फोन किया, बावजूद इसके कोई सुनवाई नहीं हुई। स्थानीय निवासी रामनरेश अवस्थी ने बताया कि सुबह 6 बजे से सप्लाई की आवाजाही बनी हुई है। इसके बाद दोपहर 3:30 से शाम 5 बजे तक बिजली फिर बाधित रही। बिजली की आवाजाही के चलते रविवार की छुट्टी का पूरा मजा बेकार हो गया।

वही सरोजनीनगर के गहरू और उतरेठिया में भी कई घंटे तक बिजली संकट बना रहा। आलमबाग चंदर नगर उपकेंद्र के पवनपुरी में देर रात एबीसी लाइन में आग लगने से इलाकें में तीन घंटे से ज्यादा बिजली गुल रही। इसके साथ गहरू उपकेंद्र का रहमानखेड़ा फीडर के ब्रेकडाउन का हो गया। इसके कारण इससे पोषित कई इलाकों की सप्लाई घंटो बंद रही। इसके अलावा उतरेठिया उपकेंद्र के आदर्श नगर में शनिवार रात 11 बजे एबीसी में आग लग गई। इससे रात एक बजे तक सप्लाई बंद रही। नादरगंज उपकेंद्र का हज हाउस फीडर सुबह 6:30 बजे ब्रेकडाउन हुआ। वहीं अम्बेडकर विश्वविद्यालय उपकेंद्र का मिलेनियम फीडर दोपहर एक बजे तक ब्रेकडाउन का शिकार रहा। मोहनलालगंज उपकेंद्र के 11 केवी फीडर पर पेड़ की डाली टूटकर गिर गई। इससे एक घंटा बिजली सप्लाई ठप रही। सीतापुर रोड स्थित अहिबरनपुर उपकेंद्र में शनिवार रात अंडरग्राउंड केबल फाल्ट हो गया। इससे खदरा, त्रिवेणीनगर, मदेयगंज सहित बड़े इलाकों में सुबह तीन बजे तक सप्लाई ठप रही।

वहीं सुबह 6 बजे हुए लो-वोल्टेज के कारण लोगो को पानी की समस्या को भी झेलना पड़ा। अधिशासी अभियंता विशाल ने बताया कि सप्लाई के बंद होने सहित सभी मामलों में जेई से रिपोर्ट तलब की गई है। चिनहट ट्रांसमिशन उपकेंद्र से शिवपुरी उपकेंद्र से पोषित इलाको की सप्लाई में हो रही बिजली कटौती से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

राजाजीपुरम सेक्टर-12, रुकुन्दीपुर में भी सप्लाई प्रभावित होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा चाइना बाजार, आदर्श नगर, अमन विहार सहित कई इलाकों में बिजली की आवाजाही बनी हुई है।

### नहर में कूदी किशोरी को युवकों ने बचाया

हरदोई, अमृत विचार। आत्महत्या करने के इरादे से किशोरी ने शारदा नहर में छलांग लगा दी। उसे नहर में कूदता देख आसपास मौजूद लोग दौड़ पड़े। कुछ युवकों ने जान की बाज़ी लगाकर किशोरी को नहर से बाहर निकाला। उसके बाद उसे पुलिस की मौजूदगी में घर वालों के सुपुर्द कर दिया गया। रविवार को किशोरी सुरसा थाने के शारदा नहर के मझिला पुल पर पहुंची और नहर में छलांग लगा दी। वहां मौजूद कुछ युवकों ने तुरंत नहर में कूदकर किशोरी को बाहर निकाल लिया। जिससे उसकी जान बच गई।

# गांव-गांव बनेंगे समृद्ध, क्लस्टर मॉडल बदलेगा तकदीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रति क्लस्टर पहले साल 7.16 लाख तो दूसरे साल 6.83 लाख मिलेगा अनुदान
- एक ग्राम पंचायत-एक क्लस्टर से किसानों का होगा सामाजिक-आर्थिक विकास

अमृत विचार : योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनके जीवन को समृद्ध बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। अब प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग को व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा। इसके तहत एक ग्राम पंचायत एक क्लस्टर अभियान चलाया जाएगा, जिससे किसानों की आमदनी ही नहीं, बल्कि उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में भी बड़ा परिवर्तन आएगा।

हर क्लस्टर 50 हेक्टेयर भूमि में फैला होगा, जिसमें कम से कम 125 किसानों को शामिल किया जाएगा। पहले साल 7.16 लाख रुपए और दूसरे साल 6.83 लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा, जो प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में मददगार होगा। किसान फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) से भी जुड़ेंगे, जिससे उन्हें फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर, वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज और मार्केटिंग की अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। प्रदेश सरकार की योजना है कि वर्ष 2025-26 तक बड़ी संख्या में क्लस्टर विकसित कर लाखों किसानों को इससे जोड़ दिया जाए। जिससे न केवल खेती की लागत घटेगी, बल्कि उत्पादकता और आय दोनों में वृद्धि होगी।

### नेचुरल फार्मिंग से ग्राम पंचायतें बनेंगी कृषि नवाचार का केंद्र

प्राकृतिक खेती से जुड़कर किसान न केवल जैविक उत्पाद उगाएंगे, बल्कि उन्हें बाजार में अच्छे दाम भी मिलेंगे। इससे ग्राम पंचायतें आर्थिक रूप से सक्षम होंगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। यह अभियान किसानों के लिए वरदान साबित होगा। क्लस्टर आधारित नेचुरल फार्मिंग मॉडल से जहां खेती लाभकारी बनेगी, वहीं ग्राम पंचायतें कृषि नवाचार का केंद्र बनेंगी। यह योजना न केवल खेतों की सेहत सुधारेगी, बल्कि किसानों के चेहरों पर भी मुस्कान लाएगी।

# दो घरों से हजारों का माल समेट ले गए चोर

अमृत विचार, सीतापुरः चोरों ने शनिवार की रात ढोलई कला गांव में दो घरों को निशाना बनाया। रात के अंधेरे में घर में घुसकर नकदी और माल समेट ले गए।

ढोलई कलां निवासी चित्रसेन के मुताबिक, वे अपने परिवार के साथ घर पर थे। रात में चोरों ने घर के पीछे से नकब लगाई और अंदर घुस गए। घर में रखे जेवरात, कपड़े व कुछ अन्य घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया। अगला निशाना पड़ोसी रामसिंह के घर को बनाया। सुबह आंख खुली तो गृहस्वामी को घटना का पता चला। सूचना पाकर पुलिस गांव पहुंची और ग्रामीणों से जानकारी लेकर जांच पड़ताल शुरू की। सिलसिलेवार हो रही वारदातों को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस पिकेट पर सवाल खड़े किये हैं।

**मई माह में 5 चोरियां, खुलासा एक का भी नहीं :** मई माह के भीतर इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में पांच से छह से चोरियां हुई हैं। इनमें से एक का भी खुलासा नहीं हो सका। पानी टंकी से चौबीस बैटरियों की चोरी की घटना, काजीकमालपुर चौकी क्षेत्र के कमोलिया गांव में तीन घरों से चोरी की बड़ी वारदात, इमलिया सुल्तानपुर के करीब एक घर से चोरी की घटना तथा ढोलई कलां गांव में हुई चोरी की घटना शामिल है।

### युवक ने पत्नी व उसकी बहन की बेटी को पीटा

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम सरहेजू में पत्नी और उसकी बहन की पुत्री को मारपीट कर घायल करने वाले आरोपियों के विरुद्ध पिहानी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की है। पीड़िता रामदेवी पत्नी कन्हैया के अनुसार उसका पति शराब पीता है और उसे मारता पीटता है। उसकी तीन छोटी पुत्रियां हैं। उसकी बहन की पुत्री लक्ष्मी इस समय उसके पास रह रही थी।30 मई की शाम को 7 बजे विपक्षी पति उसके भाई छोटू और पिता कमलेश ने घर का दरवाजा बंद कर बेल्टों और लोहे की रॉड से उसे और उसकी बहन की पुत्री को बुरी तरह मारपीटा। किसी तरह दोनों ने पड़ोसी के घर में घुसकर जान बचाई।

# सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल हुआ तो दर्ज की रिपोर्ट

- बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने में टालमटोल कर रही थी पुलिस

संवाददाता, सरोजनीनगर

अमृत विचारः सरोजनीनगर के एलडीए कालोनी में हिंदनगर स्थित क्वीन पैलेस से बाइक चोरी हो गई। बाइक मालिक पिछले 11 दिन से लगातार थाने के चक्कर लगा रहा था। लेकिन पुलिस ऑन लाइन रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कहकर टालमटोल कर रही थी। सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल होते ही आनन-फानन रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

पीजीआई के हसनपुर खेवली निवासी कमल के मुताबिक वह एक प्रॉपर्टी डीलर की कार चलाते हैं। ऑफिस हिंद नगर स्थित क्वीन पैलेस के पास है। कमल के मुताबिक 20 मई को वह बाइक से ऑफिस गये थे।

जहां खड़ी कीदेर शाम को जब वापस घर जाने के लिए बाइक लेने पहुंचे तो गायब थी। फुटेज खंगाला तो चार युवक एक बाइक से आये और एक ने चोरी कर लिया। सरोजनीनगर थाने के ट्रांसपोर्टनगर चौकी पर तहरीर लेकर पहुंचे। पुलिस ने ऑन लाइन रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कहकर वापस भेज दिया। 22 मई को ऑन लाइन रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही थी। रविवार को मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आ गई। कार्यवाहक थाना प्रभारी सुरेश नारायण मिश्र ने कहा कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चोरों की तलाश की जा रही है।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। टड़ियावां थाने के जपरा गांव निवासी 25 वर्षीय सर्वजीत उर्फ छोटे पुत्र सोबरन का शव रविवार की सुबह उसके कमरे में फांसी पर लटका मिला। पिता सोबरन ने बताया कि उसके तीन बेटों में से दूसरे नंबर का सर्वजीत उर्फ छोटे था। उसकी बहू कोमल अपनी बेटी रामजानकी को लेकर 10-12 दिन पहले मायके कुदन्ना थाना टड़ियावां गई हुई थी। शनिवार की रात में सर्वजीत ने खाना खाया। उसके बाद छत पर कमरे में सोने चला गया। रविवार की सुबह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला। उसे आवाज़ दी गई, लेकिन उसका कोई जवाब न आने पर कमरे में झांककर देखने पर शव लटका दिखाई दिया। वहां पहुंची पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 3 की मौत, 3 घायल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा है इलाज

अमृत विचार : अलग अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

टिकैतनगर के मोहल्ला धधवारा निवासी राम सिंह चौहान (60) शनिवार देर रात साइकिल से बाईपास मार्ग स्थित एक कोल्ड स्टोरेज के पास केन में दूध लेकर डेरी पर देने जा रहे थे। सड़क पार करते समय बाइक सवार ने रामसिंह की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में राम सिंह और दूसरी बाइक सवार संजय (32) घायल हो गए। सीएचसी दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां से ट्रामा सेंटर रेफर हुए रामसिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई। दूसरी घटना शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दारापुर के पास हाईवे पर हुई। दारापुर के रहने वाले मनोज गौतम (37) शनिवार की रात लगभग 10 बजे बाइक से गांव की ओर लौट रहा था। गोरखपुर से जयपुर जा रही बस




ने बाइक सवार मनोज को रौंद दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बस चालक को गिरफ्तार कर लिया। सूरतगंज प्रतिनिधि के अनुसार, मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बसौली गांव निवासी शिवपाल (35) शनिवार देर शाम घर वापस आ रहा था। सूरतगंज-मोहम्मदपुर खाला मार्ग पर अज्ञात वाहन ने शिवपाल को टक्कर मार दी। घायल बाइक सवार शिवपाल को सीएचसी भेजा गया। जहां डाक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। एक और हादसा बाराबंकी- रामनगर हाईवे पर हुआ। रविवार की भोर करीब तीन बजे भाड़ा लेकर ट्रक रामनगर की ओर जा रहा था। मसौली चौराहा के निकट महाराज ढाबा के सामने पहले से खड़े वाहन में ट्रक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक क्षतिग्रस्त होने के साथ चालक रमापति (24) पुत्र संतोष निवासी ग्राम रहेनटोला थाना नानपारा जिला बहराइच व खलासी सलमान (28) पुत्र शेख अली निवासी ग्राम नारायणपुर थाना इकौना जिला श्रावस्ती घायल हो गए। लोगों ने दोनों घायलों को सीएचसी बड़ागांव पहुंचाया। यहां से डाक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया है।

### मारपीट कर घायल करने वाले भाई पर रिपोर्ट

अमृत विचार, शाहाबाद : बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम बेहटा धीरा में भाई को मारपीट कर घायल कर देने के मामले में पीड़िता की तहरीर पर आरोपी भाई के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़िता रामरती पत्नी बालेस्टर मिश्रा के अनुसार 28 मई की शाम उसका देवर निरदोष उसके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगा। पति ने रोका तो आरोपी ने डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बिल्डर से 99 लाख की जालसाजी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- जमीन दिलाने के नाम पर ठगों ने हड़प ली रकम

अमृत विचार : शहर में एक बिल्डर से 99 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। 93 एकड़ जमीन का स्वामित्व दिखाते हुए रुपये ले लिए गए लेकिन जांच में जमीन पर कब्जा अन्य का हुआ मिला। बिल्डर की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

पूर्वांचल बिल्डर्स एंड इन्फ्राडेवलपर्स के प्रोपराइटर राजकुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि नवाबगंज तहसील क्षेत्र में स्थित 93 एकड़ भूमि को फर्जी मालिकाना दावा करते हुए अतीक राइन नामक व्यक्ति और उसके सहयोगियों शहाबुद्दीन, अजीत राय सहित अन्य लोगों ने उन्हें धोखे से फंसाया। जमीन का नोटरी एग्रीमेंट, रजिस्ट्री के जरिए 99.20 लाख रुपये की ठगी की गई।

पीड़ित ने यह भी बताया कि संबंधित भूमि पर कब्जा वास्तविक काश्तकारों का है और अतीक राइन की कोई वैध स्वामित्व की स्थिति वहां नहीं है। शिकायतकर्ता ने खुलासा किया कि अतीक राइन ने उन्हें कई बार झूठे वादों में उलझाकर रजिस्ट्री के स्टाम्प भी खरीदवाए, जिसका उपयोग तक नहीं हुआ। बाद में राजकुमार सिंह को कथित रूप से असली मालिकों से मिलवाया गया और दोबारा उनसे पैसे लेकर रजिस्ट्री कराई गई लेकिन भूमि पर कब्जा आज तक नहीं मिल सका है। शिकायतकर्ता ने जब अपने पैसे वापस मांगे, तो उन्हें धमकी दी गई कि अगर कहीं शिकायत की, तो जान से मार दिया जाएगा। राजकुमार सिंह ने आरोपितों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने, गिरोह का भंडाफोड़ करने तथा उन्हें न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# तेज हवा से सड़क पर गिरा पेड़, वृद्धा घायल, लगा जाम

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

अमृत विचारः कस्बे के मुख्यमार्ग पर तहसील के पास रविवार शाम चिल्वल का भारी भरकम पेड़ गिरने से अफरा तफरी मच गई। पेड़ गिरने की आवाज सुन सड़क से गुजर रहे वाहन चालों ने भागकर अपने को सुरक्षित किया। वहीं चपेट में आई एक बृद्ध महिला घायल हो गयी। विद्युत पोल टूटने से सैकड़ों घरों की आपूर्ति ठप हो गयी। मार्ग अवरुद्ध होने से वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पुलिस और नगर पंचायत के प्रयासों से दो घंटे बाद जाम खुल सका।



मौके पर मौजूद प्रभारी निरीक्षक एसएन त्रिपाठी व अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ वाजपेयी।

कस्बा स्थित तहसील कैम्पस के सामने करीब सौ साल पुराना चिल्वल का पेड़ रविवार की शाम हवा के झोंके के साथ धराशाही हो गया। भारी भरकम पेड़ मुख्यमार्ग पर जा गिरा। पेड़ गिरने की आवाज और नागरिकों के शोर मचाने पर मार्ग से गुजर रहे वाहन भाग कर अपने को सुरक्षित किया वही कई वाहन जहां के तहाँ खड़े हो गए। सड़क किनारे सवारियों का इंतजार कर रहे दो ई रिक्शा चपेट में आने से छतिग्रस्त हो गए जबकि पास में ही पत्थर काट रही कस्बे के बबर अली खेड़ा मोहल्ला निवासी बृद्ध महिला रध्धो घायल हो गयी उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। वही पेड़ की चपेट में आने से विधुत पोल व तारो के टूटने से तहसील, अस्पताल एवं करीब एक सैकड़ा घरों की आपूर्ति वाधित हो गयी। दोनो ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गयी। मुख्यालय जाने के लिए एम्बुलेंसों को करीब 10 किलोमीटर चक्कर लगाकर जाना पड़ा। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक एसएन त्रिपाठी और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई मौके पर पहुंच कर कर्मियों और नागरिकों की मदद से दो घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद जेसीबी से पेड़ का मलवा हटाकर मार्ग का आवागमन चालू कराया। पेड़ गिरने से किसी के हताहत न होने से प्रशासन ने राहत की सांस ली। बता दें कि अक्सर तहसील के समीप जाम की स्थित बनी रहती है लेकिन आज रविवार का अवकाश होने के कारण जाम की स्थिति नही बन सकी थी जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया।

## एक नजर

### संदिग्ध आरोपी को थाने से छोड़ा सीएम से शिकायत

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पकड़े गए संदिग्ध को थाने से छोड़ने की शिकायत सीएम समेत अन्य अफसरों से की गई है। मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के पण्डित पुरवा मजरे हरक्का के अनूप पांडेय ने एक माह पहले उसके घर हुई चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। उसके बाद चोर का पता लगाकर नामजद तहरीर भी दी। पुलिस ने नामजद आरोपी राजेश तिवारी को पकड़ा और 24 घंटे बाद उसे छोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला का कहना है कि साक्ष्य नहीं मिलने पर आरोपी को छोड़ा गया।

### फंदे से लटकते मिले युवती समेत दो लोगों के शव

बाराबंकी, अमृत विचार : युवती समेत दो लोगों के शव फंदे से लटके मिले। पहली घटना बदोसरांय थाना क्षेत्र के ग्राम रमसहांय की है। रविवार की सुबह इस गांव के रहने वाले शेष नारायण तिवारी की 22 वर्षीया पुत्री शिल्पी का शव घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। सुबह परिजनों को इसकी जानकारी हुई। दूसरी घटना दरियाबाद थाना क्षेत्र की है। क्षेत्र के ग्राम बन्ने तले निवासी हरिप्रसाद लोधी के पुत्र मिन्नी (32) का शव गांव में ही अमरूद की बाग में पेड़ से लटका मिला। शव की पहचान कर बाग मालिक ने परिवारवालों को घटना की सूचना दी।

### सात साल बाद पुलिस की गिरफ्त में आया हिस्ट्रीशीटर

बाराबंकी, अमृत विचार : बदोसरांय थाना पुलिस ने 7 वर्षों से लापता हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने के साथ ही 23 साल से लापता हिस्ट्रीशीटर का सत्यापन किया है। थाना बदोसरांय पुलिस द्वारा 23 वर्षों से लापता चल रहे हिस्ट्रीशीटर भागीरथ का सत्यापन किया। हिस्ट्रीशीटर भागीरथ उपरोक्त गोण्डा के थाना कटरा बाजार के चौहान पुरवा गांव में नाम बदलकर मजदूरी कर रहा था। साथ ही थाना पुलिस ने 7 साल से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर बुंदेला दीक्षित उर्फ रवि दीक्षित ग्राम आमनियापुर थाना बदोसरांय को गिरफ्तार किया।

# श्रीसीताराम के आगमन पर स्वर्णिम हुआ मंदिर का शिखर

अयोध्या कार्यालय

- 108 कलश में सरयू जल लेकर महिलाएं आज निकालेंगी शोभा यात्रा
- कल से शुरू होगा द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव
- 161 फीट ऊंचा है भूतल से मंदिर का शिखर



राम मंदिर का स्वर्णजड़ित शिखर बनकर तैयार।

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में माता जानकी संग श्रीराम, भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न के आगमन से पूर्व मंदिर बनकर तैयार हो गया है। मंगलवार से शुरू तीन दिवसीय दूसरे प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के पूर्व मंदिर के शिखर को स्वर्ण जड़ित कर दिया गया है। सूर्य की रोशनी में जगमगाता स्वर्ण शिखर इसकी आभा पर चार चांद लगा रहा है।

भूतल से 161 फीट ऊंचा शिखर मंदिर की भव्यता को अलौकिक व अद्भुत स्वरूप प्रदान कर रहा है। मंदिर में भूतल पर भगवान श्रीरामलला विराजमान हैं तो प्रथम तल पर वह मां जानकी व चारों भाइयों व परम भक्त हनुमानजी के साथ विराजमान होंगे। इसमें माता सीता व प्रभु श्रीराम सिंहासन पर विराजमान हैं, भक्त हनुमान व भाई लक्ष्मण प्रभु के चरणों में हाथ जोड़कर बैठे हैं, जबकि भरत व शत्रुघ्न सिंहासन के दोनों दिशाओं में खड़े हैं। पांच जून को विधि पूर्वक वैदिक आचार्य द्वारा राम दरबार समेत अन्य मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई जाएगी।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर उत्तर भारत का सबसे अलौकिक व स्वार्णिम मंदिर है। दो जून को कलश यात्रा के द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत होगी। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर परिसर में चल रहे सभी कार्य पूर्ण रूप से समाप्त हो गए हैं, अब मंदिर निर्माण संबंधी सभी उपकरण हटाने का कार्य किया जा रहा है।

#### कलश यात्रा के साथ होगी उत्सव की शुरूआत

द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव दो जून को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। जो लता चौक, नया घाट, छोटी देवकाली, श्रृंगारहाट, भक्ति पथ, दशरथ महल, अमावा मंदिर होते हुए रंग महल मंदिर बैरियर के रास्ते मंदिर परिसर में प्रवेश करेगी। इसमें महिलाएं 108 कलशों में पवित्र सरयू का जल लेकर जन्मभूमि परिसर पहुंचेंगी। तीन जून से पं. दीनदयाल नगर के कर्मकांडी विद्वान पं. जयप्रकाश व बस्ती के आचार्य अमरनाथ के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्य के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू होगा। सर्वप्रथम मूर्तियों के निर्माण संबंधित प्रायश्चित पूजा होगी और सभी देव मंदिरों पर 11 वैदिक आचार्यों द्वारा अनुष्ठान शुरू होगा। मंदिर परिसर में बने दो हवन कुंड में वैदिक आचार्य श्रीराम रक्षा स्त्रोत आदि मंत्रों से आहुति डालेंगे। पं. इंद्रदेव ने बताया कि दो जून को सरयू जल से यज्ञशाला शुद्धिकरण के बाद सभी आचार्य अपने अनुष्ठान की प्रक्रिया प्रारंभ करेंगे।

## युवक को छत से फेंकने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** करीब एक सप्ताह पूर्व शहर में युवक को छत से फेंककर हत्या के दो और आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। शहर के आवास विकास कॉलोनी स्थित आवास विकास की कांशीराम कॉलोनी में गत सोमवार रात कॉलोनी की चौथी मंजिल पर मोनू (25) को उसके ही दोस्त छत पर बुलाकर ले गए। यहां पर पहले से ही निहाल, महताब, टेनी, आकिब व अन्य के बीच झगड़ा चल रहा था। इस दौरान मोनू का भाई भी मौजूद था। मोनू ने झगड़ा शांत कराने के लिए बीच-बचाव किया, तभी महताब, निहाल आदि ने मोनू को चौथी मंजिल से नीचे फेंक दिया। आरोप लगा कि मोनू के दोस्त महताब, निहाल, टेनी, आकिब आदि ने कहासुनी के बाद उसे चौथी मंजिल से नीचे फेंक दिया। मोनू ने लोहिया में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने महताब व निहाल को पकड़ लिया था। इस क्रम में दो अन्य आरोपी अर्सलान निवासी दक्षिणी टोला बंकी व आकिब निवासी काशीराम कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया है।

# भट्ठे पर दौड़ाया ट्रैक्टर, दो बच्चों की मौत

### सट्टी के गिरधरपुर ईंट भट्ठा परिसर में खेल रहे थे मौसेरे भाई, जालौन से यहां ईंट पाथने आए थे दोनों के परिवार

संवाददाता राजपुर (कानपुर देहात)



राजदीप कृष्णा

**अमृत विचार।** गिरधरपुर गांव स्थित ईंट भट्ठे में पथाई के लिए गीली मिट्टी डाल रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने परिसर में खेल रहे दो बच्चों को कुचल दिया। परिजन दोनों को पुखरायां सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने बच्चों को मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्चे मौसेरे भाई थे। पुलिस ने ट्रैक्टर को चालक समेत हिरासत में ले लिया। परिजनों ने चालक पर लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने का आरोप लगाया है।

जनपद जालौन के कदौरा थाना क्षेत्र के बागी गांव निवासी महेश्वरी दीन अपने साढ़ू कदौरा क्षेत्र के जलालपुर निवासी मूलचंद्र के साथ सट्टी थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। रविवार सुबह वह भट्ठे पर ईंट पथाई कर रहा था। उसकी पत्नी मंजू व पूनम झुग्गी में खाना पका रही थी। महेश्वरी दीन का एक वर्षीय बेटा राजदीप अपने मौसेरे भाई कृष्णा डेढ़ वर्ष पुत्र मूलचंद्र के साथ भट्ठा परिसर में खेल रहा था। इसी दौरान वहां एक गारा मशीन से जुड़े तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दोनों बच्चों को कुचल दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों बच्चों को परिजन निजी अस्पताल से पुखरायां सीएचसी ले गए। जहां डॉ. राजवीर सिंह ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद भाग रहे ट्रैक्टर चालक को भट्ठा मजदूरों ने पकड़कर पुलिस को सूचना दी। सट्टी प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और चालक को ट्रैक्टर सहित हिरासत में ले लिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि चालक द्वारा लापरवाही से ट्रैक्टर चलाने पर हादसा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक संजेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए शव भेजे गए हैं।

> घटना के बाद चालक संभल जनपद निवासी बिलाल को ट्रैक्टर सहित हिरासत में लिया गया है। परिजनों द्वारा तहरीर दिए जाने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> – संजय सिंह, क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर

#### मौसेरे भाइयों की मौत से कोहराम

महेश्वरी दीन की पत्नी मंजू व मूलचंद्र की पत्नी पूनम सगी बहनें हैं। दोनों अपने परिवार के साथ भट्ठा पर ईंट पथाई का काम करतीं हैं। मंजू के दो बेटे रियांश (10) व राजदीप (1) थे। घटना में राजदीप की मौत होने से बड़ा भाई रियांश मां से लिपटकर बिलखता रहा। इधर पूनम के दो बेटे हितेश (8) व डेढ का कृष्णा था। दोनों सगी बहनें अपना एक-एक बेटा खोने पर बिलखती रहीं।

#### ईयरफोन लगाकर ट्रैक्टर चला रहा था चालक

घटना में जान गंवाने वाले दोनों बच्चों की रिश्ते की नानी कौशल्या घटना के बाद बिलखती रहीं। कौशल्या ने बताया कि ट्रैक्टर चालक कान में ईयरफोन लगाकर गाने सुनते हुए लापरवाही से ट्रैक्टर चला रहा था। भट्ठा परिसर में कई जगह उसने गारा मशीन से जुड़े ट्रैक्टर से गीली मिट्टी डाली। उसके बाद जहां पर बच्चे खेल रहे थे। वहां तेजी से चालक ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। उसने कई बार ट्रैक्टर चालक को आवाज लगाई थी, लेकिन वह लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए बच्चों को कुचल दिया। जिसके कारण बच्चों की जान गई है।

## गोरक्षा कानून पर झूठ बोल रही केंद्र सरकार : गुरुप्रसाद

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** विश्व हिन्दू परिषद के गोरक्षा एवं संवर्धन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर गुरुप्रसाद सिंह ने कहा कि बिना केंद्रीय कानून के बने बिना गोरक्षण संभव नहीं है। इसके लिए कई बार प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है लेकिन केंद्र सरकार हर बार इसे राज्यों के अधिकार की बात बताकर वापस भेज देती है। प्रोफेसर इस मामले को लेकर केंद्र सरकार पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहते हैं कि सरकार जब कृषि कानून बना सकती है तो गोरक्षा कानून बनाने को लेकर हीलाहवाली क्यों कर रही है।

प्रोफेसर सिंह बहराइच के महाराजा सुहेल देव स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से खोली गयीं गोशालायें अपने निर्धारित प्रतिफल को प्राप्त करने में सक्षम नहीं हो सकीं हैं। इसके लिए उन्होंने सभी जिलों में एक जागरूक समिति के गठन किये जाने पर जोर दिया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों की सहभागिता हो। उनका कहना है कि वैसे बिना केंद्रीय कानून के गोरक्षा की बात करना बेमानी होगी। इस कानून के बिना गो वंश की सुरक्षा संभव नहीं है। जब भी केंद्र सरकार को इसका मसौदा भेजा जाता है, वह यह बताते हैं कि कृषि और पशुपालन राज्यों का विषय है। प्रोफेसर कहते हैं कि हर राज्य का अपना अलग-अलग कानून हैं। ऐसे में बिना केंद्रीय कानून के गोरक्षा पर प्रभावी कदम कैसे उठाया जा सकता है।

# हादसों में दो की मौत, एक घायल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार ट्रक ने लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित एक ढाबा के सामने हाईवे पार कर रहे वृद्ध को अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। लिस ने शव की पहचान करने के लिए काफी मशक्कत की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव मोर्चरी भेज दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित दुर्गा ढाबा के सामने सड़क पार कर रहे 70 वर्षीय वृद्ध को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। इसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने उसके शव को हाईवे से किनारे किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी में रखवा दिया। वृद्ध चेकदार टी शर्ट पहने हुए था। इसके अलावा बारासगवर थानाक्षेत्र में बंदर के अचानक सड़क पर आने से स्कूटी अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई जबकि, उसका बहनोई गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजने के बाद शव मोर्चरी भेजा है। इसकी जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। बारासगवर थानाक्षेत्र के गांव पृथ्वी खेड़ा निवासी सुलभ (41) अपने बहनोई मिथलेश मिश्रा के साथ स्कूटी से धानीखेड़ा जा रहा था। रास्ते में अचानक एक बंदर सड़क पर आ गया और स्कूटी उससे टकरा गई। इससे स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और स्कूटी सवार जीजा-साले भी सड़क पर गिर गए। इसमें सुलभ के सिर में गंभीर चोट आने से उनकी मौके पर मौत हो गई। वहीं, मिथलेश को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है। सुलभ खेती पर जीवन यापन करता था। उनके माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। परिवार में एक बहन है। पुलिस के अनुसार जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## दो लड़कियां घरों से लापता, केस दर्ज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** किशोरियों के लापता होने की दो अलग-अलग घटनाओं से परिजन दहशत में हैं। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। पहली घटना थाना जैदपुर क्षेत्र के एक गांव की है। जहां की निवासी 16 वर्षीया किशोरी 20 मई को घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों के अनुसार, एक महिला द्वारा मोबाइल नंबर से कॉल कर खुद को आरती बताते हुए दावा किया गया कि किशोरी उसके पास है और वह जानकीपुरम लखनऊ में है। जब युवक उसी दिन लखनऊ पहुंचा और संपर्क करना चाहा, तो कॉल रिसीव नहीं की गई। दूसरी घटना कोतवाली नगर क्षेत्र के बड़ेल प्रदर्शनी मेला की है, जहां 29 मई की रात मेला देखने गई एक गांव के रहने वाले व्यक्ति की 20 वर्षीय पुत्री लापता हो गई। पिता ने आरोप लगाया है कि एब्लाक पुत्र इसराईल उसे अपने साथ ले गया।

## दम तोड़ चुकी कानून व्यवस्था : अजय

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



रिटायर्ड फौजी से जानकारी लेते अजय राय साथ में सांसद सीतापुर राकेश राठौर।

**अमृत विचार:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय रॉय ने भाजपा सरकार और पुलिस-प्रशासन पर जमकर हमला बोला। प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाए और भाजपा नेताओं के अश्लील वीडियो को नैतिक पतन का उदाहरण बताया।

कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। लगातार कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति से यह संदेश जा रहा है कि सरकार खुद कानून-व्यवस्था को गंभीरता से नहीं ले रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने हाल ही में वायरल हो रहे भाजपा नेताओं के अश्लील वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा का असली चेहरा अब जनता के सामने आ गया है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय रॉय महोली स्थित रिटायर्ड फौजी विमल कश्यप के आवास पहुंचे। रिटायर्ड फौजी ने राघवेंद्र बाजपेई हत्याकांड को लेकर पुलिस प्रताड़ना की पूरी जानकारी ली। उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि इस अन्याय के खिलाफ आपकी लड़ाई में हम साथ हैं।

## दंपति ने आत्मदाह का प्रयास किया

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** जमीनी विवाद के प्रकरण में शिकायत करने तहसील पहुंची एक महिला ने खुद पर व अपने पति के ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की है। हालांकि आसपास मौजूद लोगों ने दौड़ कर महिला के हाथ से पेट्रोल का डिब्बा और माचिस को छीन कर बड़ी घटना घटित होने से बचा लिया। शोरगुल सुनकर घटनास्थल पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने महिला और उसके पति को समझा बुझाकर थाने ले गई। महिला का आरोप है कि राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से उसकी जमीन पर भूमाफिया अवैध तरीके से कब्जा कर रहे है।

## उत्तर मध्य रेलवे ने लगाए 1 लाख पौधे

**प्रयागराज, अमृत विचार।** रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़े का आयोजन चल रहा है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। सभी स्टेशनों पर, कॉलोनी, कारखाने और डिपो सहित अन्य स्थानों पर जैसे- आम, नीम, पीपल, अमला, शरीफा, कटहल, कनेर सहित अन्य हाइब्रिड मियावाकी या क्लस्टर प्लांटेशन लगाया जा रहा है। कुछ स्थानों पर प्लांटेशन इत्यादि के बचाव के लिए फेंसिंग, ड्रिप इरीगेशन, की व्यवस्था की गई।

# अयोध्या : महंत नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव का आगाज

अयोध्या कार्यालय




मणिराम दास छावनी में आयोजित जन्मोत्सव के दौरान मौजूद अतिथि व साधु-संत।

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के 87वें जन्मोत्सव का आगाज हो गया है। 9 दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत में रविवार की सुबह 8 बजे सबसे पहले नेपाल देश से आए हजारों भक्तों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। मणिराम दास छावनी की यज्ञशाला में श्रीराम महायज्ञ का आयोजन भी प्रारंभ हुआ। वैदिक आचार्य के द्वारा श्रीराम स्त्रोत का पाठ और मंत्रोच्चारण से आहुति डाली गई।

वहीं श्रीमद वाल्मीकि रामायणम कथा प्रारम्भ के उद्घाटन सत्र में पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, भानुपुरापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य ज्ञानानंद महाराज, नेपाल के चतरा धाम से आये रामानंदाचार्य श्रीमत्यस्वामी राम कृष्णाचार्य, सुदामा कुटी वृंदावन के महंत सुतिक्षण दास और नेपाल राष्ट्र के जगद्गुरु रामानंदाचार्य रामकृष्णाचार्य, पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह समेत संत धर्मचार्यों ने हिस्सा लिया।

#### कारसेवकों को महंत ने कराया था भोजनः बृजभूषण

पूर्व सांसद राम मंदिर विवादित ढांचा विध्वंस के आरोपी रहे बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि हमें वह दिन भी याद है जब प्रदेश में मुलायम सिंह की सरकार थी और पूरे देश के कारसेवक अयोध्या पहुंचे थे, जिसमें कुछ ऐसे भी थे जिन्हें हिंदी का बोध नहीं था और यहां पर उनके रहने और भोजन का भी बड़ा संकट बन गया था। उस समय महाराज नृत्य गोपाल दास ने मंदिर की परंपरा को तोड़कर सभी कारसेवकों को भोजन कराने का निर्णय किया था।


## वर्ग पहेली- 449

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी तीर्थ स्थान के अंदर पड़ने वाले मुख्य देवस्थलों की यात्रा। 2. किसी तीर्थ की परिक्रमा।
4. 1. चमकना, प्रकाश बिखेरना 2. क्रीड़ा, आमोद-प्रमोद।
5. 1. एक प्रकार की पालकी 2. योग साधना में एक प्रकार का आसन।
7. 1. आवेश में आना 2. बुरा लगना, नाराज़ होना 3. चिड़चिड़ाना, चिढ़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्य की किरणों का समूह 2. सूर्य और चंद्रमा के चारों ओर का वलय या घेरा 3. सूर्यमंडल, चंद्रमंडल।
2. एक वृक्ष जिसके फूल, फल और पत्तियां सभी दवा बनाने के काम आते हैं।
3. नयापन, नूतनता।
5. अच्छे या शुभ दिन।
6. खाला अर्थात मौसी का पति, मौसा।




### वर्ग पहेली -448 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ए | | 2 पे | | |
| 3 शि | ला | रो | प | ण | |
| | ने | | र | | |
| | जं | | 4 बे | ठ | 5 क |
| | 6 ग | डु | क | | ल |
| | | | | | हि |
| 7 भो | ग | | 8 चु | स | नी |

## सुडोकू -173

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | 7 |
| | | | 6 | | | | | |
| | 3 | | | | | | 2 | |
| | | | | | 2 | | | |
| | | 5 | | | | | 3 | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | 1 | | | |


### सुडोकू - 172 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 3 | 9 | 6 |
| 9 | 4 | 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 4 |
| 7 | 8 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 8 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 1 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- सप्तमी 20.37 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा 22.56 तक तत्पश्चात पूर्वा फाल्गुनी।

**मेष:** आज आप कोई नया काम शुरू करने से बचें। किसी की गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आएगी, इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं।

**वृष:** आज आपके सामाजिक संपर्क मधुर होंगे। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। जॉब इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं, तो सफलता अवश्य मिलेगी। कई आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जाएंगे।

**मिथुन:** आज आपका दिन काफी व्यस्त रहेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है। ऑफिस में गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध चुगली कर सकते हैं। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा।

**कर्क:** आज इससे आपके संबंध मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने काम न छोड़ें। ऑनलाइन मार्केटिंग का काफी अच्छा प्रयोग कर सकते हैं। अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें।

**सिंह:** आज बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि महसूस होगी। आप जिस काम को आसान मान रहे थे, वह आपको काफी परेशान करेगा।

**कन्या:** आज दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। ऑफिस में सहयोगियों का साथ मिलेगा।

**तुला:** आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की तरफ प्रवृत्त हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के पूर्वार्ध में कर लेना हितकर होगा। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

**वृश्चिक:** आज नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम होगा। पुराने रुके हुए कार्य शुरू हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

**धनु:** आज ऑफिस में कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा। महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा।

**मकर:** आज आपके खर्चों में कमी आएगी। जॉब में मनोनुकूल काम मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादित मामलों में आपकी विजय हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी होगी।

**कुंभ:** आज रुचि पूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं। आप लोगों से सम्मान की अपेक्षा रखेंगे। ऑफिस के काम से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है।

**मीन:** आज अपरिचित लोगों से ज्यादा तालमेल न बढ़ाएं। दोस्तों के साथ बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर चर्चा हो सकती है। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च करेंगे।

## एक नजर

### कानपुर निवासी मजदूर ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**लखीमपुर खीरी :** भंसड़िया स्थित एक फैक्ट्री में कानपुर नगर के हाथी गांव निवासी दीपक (30) करीब 10 साल से मजदूरी करता था। वह मिल की लेबर कॉलोनी में कमरे में रहता था। बताते हैं कि शनिवार की देर रात दीपक ने लेबर कॉलोनी स्थित अपने कमरे के अंदर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के मामा राम नारायण ने बताया कि शनिवार रात घटना हुई। रविवार की सुबह इसकी उनको जानकारी हुई।

### 28 हजार महिलाएं बनीं लखपति दीदी

**बरेली :** स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 28 हजार महिलाएं लखपति दीदी बन गई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने महिलाओं का रजिस्ट्रेशन कराने के बाद बैलेंस सीट बनाकर पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करा दी। 54 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए विभाग की ओर से तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। शासन से बीते वित्तीय वर्ष में 54 हजार महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल करने का लक्ष्य विभाग को मिला था। विभागीय पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार, अब तक 28 हजार स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लखपति दीदी में शामिल कर लिया गया है।

# बस चलाते समय चालक को आई झपकी तो बजेगा अलार्म

## लखनऊ में ट्रायल के बाद बरेली रीजन की बसों में भी होगा ट्रायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली



लंबी रूट पर चलने वाली रात्रिकालीन बसों में लगाए जाएंगे एंटी स्लीप डिवाइस

**अमृत विचार :** परिवहन निगम रोडवेज की बसों में सवारियों की यात्रा सुगम और सुरक्षित बनाने को हर संभव कोशिश कर रहा है। इसी क्रम में रात के समय चालक को झपकी लग जाने से होने वाले हादसों पर अंकुश लगाने के लिए शासन ने समाधान तलाशा है। रोडवेज की बसों में एंटी स्लीप डिवाइस लगाए जाने की बात कही जा रही है। जो झपकी आने पर चालक को सचेत करेगी। इस डिवाइस को एक्सीलेटर से जोड़ा जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यालय स्तर पर लखनऊ रीजन की बसों में ट्रायल पूरा होने के बाद इसका ट्रायल जल्द बरेली रीजन की बसों में भी होगा।

आरएम दीपक चौधरी बताते हैं कि बरेली रीजन के बरेली, रुहेलखंड, बदायूं और पीलीभीत डिपो से 800 से अधिक बसें विभिन्न मार्गों पर संचालित हैं। इनमें पचास फीसदी से अधिक बसें लंबे रूट दिल्ली, लखनऊ सहित अन्य शहरों के लिए संचालित होती हैं। रात में संचालित होने वाली बसों में चालकों को झपकी आने की समस्या रहती है। ऐसी दशा में रोडवेज बसों में सेंसर युक्त एंटी स्लीप डिवाइस लगाने की पहल हुई है।

बताया कि यह डिवाइस बस के एक्सीलेटर से जुड़ी होगी। यदि चालक एक्सीलेटर को दबाना छोड़ देगा या आवश्यकता से अधिक दबाएगा, तो अलार्म बजने लगेगा।

### चालक और परिचालक दोनों को सतर्क करेगा अलार्म

सेंसर युक्त अलार्म डिवाइस चालक और परिचालक दोनों को सतर्क करेगा। अधिकारियों के मुताबिक बस की स्पीड अधिक होने पर भी यह अलार्म काम करेगा। वहीं, सवारियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने में यह डिवाइस सहायक साबित होगी।

इतना ही नहीं ड्राइवर की सीट के सामने सेंसर युक्त कैमरे भी लगाए जाएंगे, जो चालक की आंखों की हरकत पर नजर रखेंगे, अगर स्टेयरिंग पर कुछ देर मूवमेंट नहीं होती है तो डिवाइस से बीप-बीप की आवाज आएगी। स्टेयरिंग का मूवमेंट न होने पर अलार्म भी बजने लगेगा। इस तरह की डिवाइस बरेली रीजन की दिल्ली, प्रयागराज, लखनऊ, आगरा, राजस्थान समेत अय लंबी दूरी के रूट पर चलने वाली रात्रिकालीन बसों में लगाने की तैयारी है।

**बीएड प्रवेश परीक्षा**

## आसान रहे प्रश्न, खिले अभ्यर्थियों के चेहरे

**बरेली :** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को आठ केंद्रों पर हुई। पंजीकृत 3767 में से 3334 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 433 अनुपस्थित रहे। परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आए अभ्यर्थियों के चेहरे खिले नजर आए। उनके अनुसार प्रश्न आसान रहे, जिससे उन्हें हल करने में ज्यादा समय नहीं लगा। परीक्षा दो पालियों में हुई। प्रथम पाली सुबह 9 से 12 बजे और द्वितीय पाली दोपहर 2 से 5 बजे तक चली। बरेली कॉलेज और एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुल आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# ममता कुलकर्णी ने कल्कि धाम में लगाया ध्यान

कार्यालय संवाददाता, संभल



आचार्य प्रमोद कृष्णम के साथ शिलादान अनुष्ठान में शामिल ममता कुलकर्णी।

**अमृत विचार :** अभिनेत्री से साध्वी बनीं किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ममता कुलकर्णी रविवार को संभल के ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम पहुंचीं। उन्होंने शिला दान किया, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूजित शिलाओं के सामने ध्यान लगाया।

महामंडलेश्वर ममता कुलकर्णी ने कहा कि मैं खुद को गौरवान्वित समझती हूं कि मुझे कल्कि धाम में शिलादान का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। कहा कि मैं ऋषि जनमेजय के गोत्र से हूं। भगवान परशुराम भी उसी गोत्र के हैं और वही कलयुग में अवतरित होने वाले भगवान कल्कि के गुरु होंगे। उन्होंने कहा कि जब वह कल्कि धाम में ध्यान में बैठी थीं तब उन्हें भगवान कल्कि ने साक्षात दर्शन दिये। कहा

**महामंडलेश्वर बोलीं, भगवान कल्कि ने साक्षात दर्शन दिए**

कि धर्म की वजह से ही कलियुग का अभी उतना प्रभाव नहीं है। अभी घोर कलयुग आने वाला है। जैसे कि समुद्र मंथन असुर और देवताओं के बीच में था ठीक वैसे ही कलियुग भी इस कगार पर खड़ा है और यह भी धर्म और अधर्म के बीच का द्वंद है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर साक्षात महाकाल की कृपा है। भगवान महाकाल ही उनको टिका कर रखेंगे। 24 नवंबर के बाद संभल में कूप और तीर्थों के निकलने पर महामंडलेश्वर ममता कुलकर्णी ने कहा कि मैंने हमेशा एक ही संदेश दिया है कि जो सभी में एक देखेगा वही सनातन धर्म है।

# दरगाह घूमने आए दो युवक नहर में डूबे

संवाददाता, माधोटांडा (पीलीभीत)

**माधोटांडा थाना क्षेत्र में डगा गांव के पास हरदोई ब्रांच नहर में हुआ हादसा**

**अमृत विचार :** बरेली से चार पहिया वाहन में सवार होकर आठ लोग सेल्हा बाबा की दरगाह घूमने आए। वापस जाते वक्त रास्ते में दो युवक नहर में नहाने के लिए उतरे और डूब गए। दोनों की मौत हो गई। हादसे के चलते मौके पर भीड़ लगी रही।

बरेली के सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मिलक रौंदी निवासी 40 वर्षीय मंजूर अहमद (40) रविवार को कार से माधोटांडा थाना क्षेत्र के सेल्हा बाबा की मजार पर आए थे। उनके साथ मोहल्ले के ही अनीस अहमद (45), मुकेश, बबलू, सुभाषनगर थाना क्षेत्र के ही करेली गांव निवासी गुलाम साबिर, मेंहदी

> नहर में नहाते वक्त बरेली के दो युवक डूब गए थे। दोनों युवकों की डूबकर मौत हो गई है। परिवार वाले पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं। इसे लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है।
>
> **-अशोक पाल, इंस्पेक्टर माधोटांडा**

हसन, गुड्डू, बीडीओ कॉलोनी सुभाषनगर निवासी प्रताप सिंह भी थे। पहले सभी ने मजार शरीफ में दर्शन किए। वापसी में गर्मी के चलते रास्ते में डगा गांव के पास से गुजर रही हरदोई ब्रांच नहर के पास रुक गए। मंजूर अहमद और अनीस अहमद नहर में नहाने के लिए उतर गए। गहरे पानी में पहुंचने के बाद दोनों एक-एक कर डूबे। साथियों ने शोर मचाकर राहगीरों को जमा किया और सूचना पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। स्थानीय गोताखोर बुलाए गए और नहर में डूबे दोनों युवकों की तलाश शुरू कराई। करीब आधे घंटे बाद गोताखोरों की मदद से मंजूर अहमद को बेसुध हालत में नहर से बाहर निकाला गया। आनन-फानन में उसे सीएचसी पूरनपुर ले गए। वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके दो घंटे बाद अनीस का शव भी बरामद कर लिया गया।

# पूर्व सांसद रिजवान जहीर की बैरक से मिलीं आपत्तिजनक वस्तुएं

**लखनऊ :** जिला कारागार ललितपुर में पूर्व सांसद रिजवान जहीर की बैरक से गद्दा, तकिया, बैटरी वाला पंखा, देसी घी, अचार, टिफिन, तेल, साबुन, शैम्पू, क्रीम सहित कई आपत्तिजनक वस्तुएं और नगद राशि बरामद हुईं। अपर महानिरीक्षक कारागार धर्मेंद्र सिंह के मुताबिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निरीक्षण के दौरान यह वस्तुएं मिलीं। उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उपमहानिरीक्षक कारागार, कानपुर रेंज से जांच आख्या प्राप्त की गई। उपमहानिरीक्षक द्वारा विस्तृत रिपोर्ट कारागार मुख्यालय को प्रेषित कर दी गई है।

# जरी कारीगर का हत्यारोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**आलाकत्ल बरामद, कोर्ट से आरोपी को भेजा गया जेल**

**अमृत विचार :** जरी कारीगर की चाकू से गोदकर हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने शनिवार की देर रात पीलीभीत बाईपास पर हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मुठभेड़ में आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी है। आरोपी से तमंचा और हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने रविवार को जरी कारीगर हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि शनिवार दोपहर करीब 2.30 बजे कांकरटोला भटियारों वाली मस्जिद के पास रहने वाले जरी कारीगर अरशद उर्फ गुड्डू की हत्या आमिर ने चाकू से गोदकर कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस को देर रात सूचना मिली कि आमिर पीलीभीत रोड पर 99 बीघा के पास आला कत्ल छिपाने गया है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में हत्यारोपी आमिर पुलिस गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से अरशद की हत्या में प्रयुक्त चाकू और तमंचा बरामद किया है। प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने आरोपी आमिर को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

# नगर निगम कार्यकारिणी में जगह पाने को बढ़ी सरगर्मी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**पांच भाजपा व एक सपा सदस्य का 22 जून को हो रहा कार्यकाल पूरा**

**अमृत विचार :** नगर निगम बोर्ड की कार्यकारिणी के 12 सदस्यों में से 6 का कार्यकाल पूरा होने में महज 20 दिन शेष बचे हैं। कार्यकाल पूरा करने वालों में नगर निगम के उप सभापति सहित छह कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं। कार्यकारिणी में जगह पाने के लिए पार्षदों की सरगर्मी तेज हो गई है। पार्षदों ने संगठन से लेकर पार्टी नेताओं तक पैरवी शुरू कर दी है।

उप सभापति सर्वेश रस्तोगी, कार्यकारिणी की सदस्य पार्षद गरिमा कमांडो, नीरज, सागर मौर्य, सलीम पटवारी, सौरभ कुमार का 22 जून को दो साल का निर्धारित कार्यकाल पूरा हो रहा है। कार्यकारिणी के अन्य छह सदस्य नरेंद्र सिंह, संतोष कश्यप, रितिका किशोर, हरिशंकर लोधी, अंजुल गंगवार ओमान खान कार्यकारिणी के सदस्य बने रहेंगे। नगर निगम कार्यकारिणी में अभी इनका एक साल का कार्यकाल बचा हुआ है और यह 2026 जून में समाप्त होगा। नगर निगम बोर्ड की कार्यकारिणी के आधे सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने की चर्चाओं के बीच उसमें जगह पाने की पार्षदों में कवायद तेज हो गई है। भाजपा के पार्षद जगह पाने के लिए पैरवी में जुटे है ।



ईद-उल-अजहा त्यौहार से पहले नई दिल्ली में जामा मस्जिद के पास लगने वाले पशु बाजार में बकरों को खरीदने पहुंचे ग्राहक।

## पेट्रोल डालकर पत्नी को जिंदा जलाने की कोशिश

**बरेली :** कैंट थाना क्षेत्र की महिला ने सिपाही पति और जेठ पर मारपीट करने और पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जलाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के चनहेटी निवासी गीता ने बताया कि उनका विवाह जून 2024 में बरेली पुलिस लाइन में तैनात सिपाही विमल कौशल से हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद पति कम दहेज मिलने के कारण उसके साथ मारपीट करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि जेठ राहुल कौशल भी उसके साथ आए दिन मारपीट करते थे।

# व्यायामशाला में दरारें और धूल जमी देख मंत्री भड़के

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**राज्य मंत्री ने एसआरएम राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का किया निरीक्षण**

**अमृत विचार :** सिर्फ नौकरी करने तक ही सीमित न रहें, डॉक्टर का जीवन मरीजों के लिए समर्पित होता है, इसलिए जरूरी है कि नये प्रयोग करते रहें, जो नए आविष्कार को जन्म देते हैं। ये बातें रविवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान कहीं।

मंत्री ने सबसे पहले बीते साल बनीं व्यायाम शाला को देखा। व्यायाम संबंधी उपकरण देख सराहना की लेकिन पुराना भवन होने पर दीवारों पर दरारें और अलमारियों पर धूल जमी देख नाराजगी जताई और सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। जिन अलमारियों में पुस्तकें रखी थीं, उनपर पर भी धूल थी, जिसे साफ करने के निर्देश दिए। उन्होंने द्रव्य गुण विभाग, रस शास्त्र विभाग, पंचकर्म हॉल, शल्यक्रिया ऑपरेशन थिएटर, दंत विभाग, पैथोलॉजी, गठिया सेंटर, स्क्रीनिंग कक्ष एवं पंजीकरण कक्ष का भी जायजा लिया। मंत्री ने कॉलेज सभागार में भगवान धन्वन्तरि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया।

# गंगा दशहरा : 3 से 5 जून तक रहेगा डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




**तय समयावधि में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर भारी वाहन, माल वाहक वाहन नहीं चल सकेंगे**

**अमृत विचार :** आगामी 5 जून को ज्येष्ठ दशहरा (गंगा दशहरा) मनाया जाएगा। इस दौरान गढ़मुक्तेश्वर, ब्रजघाट और अमरोहा के तिगरी घाट पर गंगा स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। जिसके चलते ट्रैफिक पुलिस ने 3 जून की दोपहर 12 बजे से 5 जून की रात 10 बजे तक ट्रैफिक डायवर्जन प्लान जारी किया है।

इस समयावधि में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर भारी वाहन, माल वाहक वाहन नहीं चल सकेंगे। इसी तरह मुरादाबाद से मेरठ, बिजनौर और मुजफ्फरनगर की ओर जाने वाले वाहन भी हाईवे की बजाय छजलैट होते हुए निकाले जाएंगे। फिलहाल यह डायवर्जन केवल बड़े वाहनों के लिए हैं। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि जरूरत पड़ने पर हल्के चार पहिया वाहन और रोडवेज बसों को भी डायवर्ट किया जाएगा।

### ये है डायवर्जन प्लान

- मुरादाबाद से मेरठ, बिजनौर और मुजफ्फरनगर की ओर जाने वाली प्राइवेट बसें, ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली आदि माल वाहक वाहन हाईवे पर टीएमयू अंडर पास से शेरुआ चौराहा, छजलैट, नूरपुर, बिजनौर होते हुए मेरठ व मुजफ्फरनगर जाएंगे।
- इसी तरह मुरादाबाद से हापुड़, गाजियाबाद और दिल्ली की ओर जाने वाली प्राइवेट बस, ट्रक, ट्रैक्टर- ट्रॉली आदि हाईवे की बजाय बिलारी, चंदौसी, बबराला, नरौरा, डिबाई, बुलंदशहर होते हुए जाएंगे और उसी रास्ते वाहन आएंगे।

# उन्नत कृषि के बिना विकसित भारत की कल्पना नहीं : शिवराज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रविवार को मेरठ के दबथुआ ब्लाक के सुरूरपुर में कृषक वैज्ञानिक संवाद में हिस्सा लेते हुए कहा कि बिना उन्नत कृषि के विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। इसी उद्देश्य से 16 हजार कृषि वैज्ञानिकों को प्रत्यक्ष रूप से अपनी शोध एवं अनुभव किसानों के बीच लाने तथा किसानों की समस्या व अनुभव के आधार पर नवीन शोध के लिए अवसर बनाने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने संदेश दिया कि यदि



मेरठ में आयोजित कृषक वैज्ञानिक संवाद में शामिल होने पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करतीं महिलाएं। अमृत विचार

मंत्री, सांसद, वैज्ञानिक, कृषि विभाग पूरे देश में एक टीम के साथ काम करें तो देश का उत्पादन भी बढेगा और किसानों की आय भी बढेगी। साथ ही हम विश्व को भोजन देने में सक्षम भी हो सकेंगे। उन्होंने कृषि वैज्ञानिक सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय, मोदीपुरम मेरठ, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, मेरठ को निर्देशित किया कि कृषक वैज्ञानिक संवाद के द्वारा कृषकों का ज्ञानवर्धन किया जाए।

कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, मेरठ के सांसद अरुण गोविल, बागपत के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, विधायक गुलाम मोहम्मद, महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद डॉ. मांगीलाल जाट आदि मौजूद रहे।

### लखनऊ, वाराणसी, शाहजहांपुर, सुल्तानपुर में भी हुए आयोजन

लखनऊ के ग्रामसभा करनपुर विकासखण्ड मोहनलाल गंज में संयुक्त कृषि निदेशक, ब्यूरो एके सिंह के द्वारा खेती की नई तकनीकों, धान की सीधी बोआई एवं फसल बीमा साथ ही केन्द्रीय उपोष्ण वागवानी संस्थान, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, लखनऊ के वैज्ञानिक, उप कृषि निदेशक, लखनऊ आदि भी उपस्थित होकर कृषि से संबंधित विषयों पर कृषकों से चर्चा की गई। इसी के साथ वाराणसी, शाहजहांपुर, सुल्तानपुर में विकसित कृषि संकल्प अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ वैज्ञानिकों ने कृषकों को प्रोत्साहित किया।

### अब तक 3.25 लाख से अधिक किसानों ने किया प्रतिभाग

प्रदेश के 75 जिलों में अभियान के चौथे दिन रविवार तक लगभग 2700 स्थानों पर जनप्रतिनिधि व कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि एवं सहवर्ती विभाग के अधिकारियों के साथ 3.25 लाख से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया। विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के संचालन हेतु कृषि निदेशक द्वारा प्रदेश के 38 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, एक अधिकारी दो जिला देखेंगे।

## उत्तराखंड

# पर्यटकों के लिए खुली फूलों की घाटी, खिली नैसर्गिक छटा

## चमोली में बद्रीनाथ धाम के पास स्थित यह विश्व प्रसिद्ध घाटी जन्नत से कम नहीं



फूलों की घाटी में खिले रंग-बिरंगे फूल।

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अक्टूबर तक यहां खिलेंगे सैकड़ों प्रजातियों के फूल**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के चमोली जिले में भगवान बद्रीनाथ धाम के पास स्थित फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान रविवार से पर्यटकों के लिए खोल दिया गया।

नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क की रेंज अधिकारी चेतना कांडपाल ने बताया कि इस राष्ट्रीय उद्यान के लिए घांघरिया से 83 पर्यटकों के पहले दल को परमिट जारी कर विधिवत अनुमति दी गई जिनमें से चार पर्यटकों ने ऑनलाइन और 79 पर्यटकों ने सामान्य तरीके से अनुमति ली थी। फूलों की घाटी के लिए गोविंदघाट कस्बे से पुष्पावती नदी के किनारे भ्यूंडार के रास्ते घांघरिया से जाया जाता है। हर साल देश-विदेश से हजारों की संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। घाटी में विभिन्न प्रजातियों की वनस्पतियां और रंग-बिरंगे फूल उगते हैं जिनकी निराली छटा देखते ही बनती है।

वानस्पतिक विविधता को देखते हुए यूनेस्को ने वर्ष 2005 में इसे विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किया था। पर्यटकों के लिए यह घाटी हर साल जून में खुलती है जो अक्टूबर में हिमपात शुरू होने के बाद बंद कर दी जाती है। मानसून आगमन के करीब घाटी में फूलों की बहार आने लगती है जो सितंबर तक चरम पर होती है। इस दौरान यहां ब्रह्म कमल, ब्लू पॉपी, कोबरा लिली जैसे सैकड़ों प्रजातियों के फूल खिलते हैं, जिससे पूरी घाटी एक रंगीन कालीन के रूप में नजर आने लगती है।

### यहां पहुंचना एक रोमांचक अनुभव

प्रकृति प्रेमियों और ट्रैकर्स के लिए यह घाटी किसी जन्नत से कम नहीं है, जहां उन्हें हजारों प्रकार के रंग-बिरंगे फूल एक साथ देखने को मिलते हैं। फूलों की घाटी तक पहुंचना अपने आप में एक रोमांचक अनुभव है। गोविंदघाट से लगभग 13 किलोमीटर की पैदल चढ़ाई करके बेस कैंप घांघरिया तक पहुंचते हैं और फिर घांघरिया से फूलों की घाटी का प्रवेश द्वार लगभग 3 किलोमीटर दूर है। घाटी के अंदर केवल दिन के समय ही रहने की अनुमति होती है और सूर्यास्त से पहले वापस आना होता है। इस घाटी के खुलने से स्थानीय पर्यटन व्यवसाय को भी नई ऊर्जा मिलती है।

## सड़क हादसे में लोनिवि के दो अधिकारियों समेत तीन की मौत

**हल्द्वानी।** अलग-अलग सड़क हादसों में लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी और अपर सहायक अभियंता समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक हल्द्वानी निवासी श्रवण कुमार लोनिवि में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी थे। वह बाइक से रानीखेत से हल्द्वानी जा रहे थे। बरेली रोड पर बाइक डिवाइडर से टकरा गई और उनकी मौत हो गई। वहीं, रानीखेत निवासी खजान रावत लोनिवि में अपर सहायक अभियंता थे। वह तीन कर्मियों व परिवार संग देहरादून से हल्द्वानी लौट रहे थे। बरहेनी में उनकी कार पेड़ से टकरा गई, जिसमें उनकी मौत हो गई।

# भुजियाघाट में महिला को घर से खींच ले गया गुलदार

संवाददाता, नैनीताल

**शोर मचने पर छोड़कर भागा महिला की मौत**

**अमृत विचार :** मानव-वन्यजीव संघर्ष के मामले थम नहीं रहे हैं। भुजियाघाट में शनिवार देर रात गुलदार महिला को घर से ही खींच ले गया। शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीणों ने घेराबंदी की तो गुलदार महिला को छोड़कर भाग गया। गंभीर हालत में महिला को एसटीएच लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

नैनीताल वन प्रभाग के मनोरा रेंज में भुजियाघाट गांव पड़ता है। रेंजर मुकुल शर्मा के अनुसार शनिवार रात करीब 10:30 बजे मोरा गांव निवासी पुष्पा देवी घर से बाहर निकली थीं। इसी बीच पहले से घात लगाए गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। गुलदार महिला को जबड़े में दाबकर जंगल की ओर भागने लगा। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोगों ने शोर मचाते हुए पीछा किया तो गुलदार महिला को छोड़कर भाग गया। देर रात महिला को हल्द्वानी में सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल लाया गया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। रेंजर ने बताया कि गांव में पिंजरा लगाने की तैयारी की जा रही है।

# मुस्लिम तुष्टिकरण को ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहीं ममता

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह बोले- ऐसा करके माताओं-बहनों का अपमान कर रहीं कर दीदी

कोलकाता, एजेंसी

गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए उन पर मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर और वक्फ संशोधन अधिनियम का विरोध करने का आरोप लगाया। शाह ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल में हुए दंगे राज्य प्रायोजित थे।



कोलकाता में रैली के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अमित शाह।

शाह ने यहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में तृणमूल सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया और कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में बनर्जी का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा। उन्होंने कहा, मुस्लिम वोट बैंक को खुश करने के लिए ममता दीदी ने ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया। ऐसा करके वह इस देश की माताओं और बहनों का अपमान कर रही हैं। आपने (ममता बनर्जी) सैन्य अभियान का विरोध नहीं किया, आपने करोड़ों माताओं-बहनों की जिंदगी से खेला है। मैं बंगाल की महिलाओं से अपील करने आया हूं कि वे आने वाले विधानसभा चुनाव में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध करने वालों को सिंदूर की कीमत समझाएं। शाह ने कहा, 2026 (विधानसभा चुनाव) में राज्य की माताएं और बहनें ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करने के लिए मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस को सबक सिखाएंगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने हाल में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। अप्रैल में मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर शाह ने दावा किया कि दंगों में टीएमसी के कई नेता शामिल थे। भाजपा नेता ने दावा किया, जिस तरह से टीएमसी के एक मंत्री ने हिंसा भड़काई, उससे यह कहा जा सकता है कि मुर्शिदाबाद दंगे राज्य प्रायोजित थे।

**साधु-संतों ने शाह से मुलाकात की:** विभिन्न संगठनों के शाह से मुलाकात की और पश्चिम बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद जिलों में हिंदुओं पर कथित अत्याचार तथा बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ को लेकर चिंता जताई। स्वामी विवेकानंद के पैतृक आवास पर हुई बैठक के दौरान, साधु-संतों ने दावा किया कि शाह ने हिंदू धार्मिक नेताओं से एकजुट होने और मानवता से संबंधित व्यापक मुद्दों को हल करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया।

### बारिश प्रभावित पूर्वोत्तर के मुख्यमंत्रियों को हरसंभव मदद का आश्वासन

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम, अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर बात की और उन्हें स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, असम, सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में जारी भारी बारिश के मद्देनजर बात की। साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर राज्यों के कई हिस्से बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। बाढ़ के कारण असम के 15 से अधिक जिलों में 78,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में राज्य भर में भारी बारिश से आई बाढ़ के कारण सड़क परिवहन, ट्रेन और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों में अरुणाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश से हुए भूस्खलन के कारण मुख्य सड़क अवरुद्ध हुई हैं और शनिवार को उत्तरी सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में लगभग 1,500 पर्यटक फंस गए। सिक्किम के मंगन जिले में तीस्ता नदी में गुरुवार रात एक वाहन के गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो लोग घायल हो गए।

## सेना के तीनों अंगों ने किया संयुक्त सुरक्षा अभ्यास

मुंबई, एजेंसी

- फोर्स वन और मुंबई पुलिस ने भी लिया हिस्सा, रक्षा मंत्रालय ने दी जानकारी
- गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर किया अभ्यास

गैर-परंपरागत खतरों की उभरती प्रकृति और सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय सेना के तीनों अंगों ने यहां एक उच्चस्तरीय संयुक्त सुरक्षा अभ्यास किया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। एक बयान में कहा गया कि दो दिवसीय अभ्यास 30 और 31 मई को सेना प्रशिक्षण क्षेत्र, कोलाबा और फोर्स वन प्रशिक्षण क्षेत्र मुंबई में आयोजित किया गया और इसका समापन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर हुआ।

बयान के मुताबिक, दो दिवसीय व्यापक अभ्यास में थल सेना, नौसेना, वायु सेना, भारतीय तटरक्षक बल, फोर्स वन (महाराष्ट्र) और मुंबई पुलिस की समन्वित भागीदारी देखी गई। बयान में कहा गया, इसका प्राथमिक उद्देश्य अंतर-एजेंसी सहयोग को मजबूत करना, परिचालन तत्परता का आकलन करना और बहुआयामी सुरक्षा परिदृश्यों के लिए एकीकृत प्रतिक्रिया तंत्र को जांचना था।

सभी संबंधित सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने अभ्यास का निरीक्षण किया तथा यह सुनिश्चित किया कि मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का कठोरता से पालन किया जाए।

### एक नजर

**हिमाचल प्रदेश: सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत**

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में रविवार को एक पिकअप वाहन के पुल की रेलिंग से टकरा जाने से उसमें सवार पांच श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वाहन पंजाब के लुधियाना से मंडी के कामंद में स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जा रहा था, उस दौरान ही यह दुर्घटना घटी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन पुल की रेलिंग से टकरा गया था।

**सोशल मीडिया पोस्ट के लिए व्यक्ति को हिरासत में लिया**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सोशल मीडिया मंचों का गलत इस्तेमाल कर शांति भंग करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सालियान-सुरनकोट गांव निवासी एजाज अहमद के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा, यह कदम पुलिस की सांप्रदायिक सौहार्द, सार्वजनिक व्यवस्था और सभी नागरिकों की सुरक्षा बनाए रखने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## मुठभेड़ में बब्बर खालसा से जुड़े दो सदस्य गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

- आतंकवाद-वसूली माड्यूल का भंडाफोड़, मुठभेड़ में एक घायल

पंजाब पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार करके आतंकवाद और जबरन वसूली के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के एक सदस्य से जुड़ा था। पुलिस की गोली से एक सदस्य घायल भी हुआ है जिसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि बीकेआई सदस्य जीवन फौजी पंजाब में एक जबरन वसूली गिरोह चला रहा था। फौजी के दो साथियों करजप्रीत सिंह और गुरलाल सिंह उर्फ हरमन को गिरफ्तार कर लिया गया है। फौजी ने दोनों को एक पिस्तौल मुहैया कराई और अमृतसर क्षेत्र में फर्नीचर की दुकान पर गोली चलाने का निर्देश दिया। जीवन फौजी ने दुकान मालिक के कनाडा स्थित एक रिश्तेदार से फिरौती की मांग की थी। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम गुरलाल को पिस्तौल की बरामदगी के लिए ले गई।

## गद्दारों ने तेजस्वी व मेरे बीच फूट डालने की कोशिश की: तेजप्रताप

**पटना।** पार्टी से निकाले जाने पर चुप्पी तोड़ते हुए तेजप्रताप यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि उनके और छोटे भाई तेजस्वी यादव के बीच दरार डालने की साजिश रची जा रही है। राजद पार्टी से निष्कासित किये जाने के एक हफ्ते बाद बिहार के पूर्व मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

तेजप्रताप ने रविवार को दावा किया कि पार्टी में 'जयचंद' जैसे कुछ लालची लोग उनके खिलाफ राजनीति कर रहे हैं। महाभारत के प्रतीकात्मक चित्रण का सहारा लेते हुए यादव ने लिखा, मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नही हो सकोगे, कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो लेकिन खुद कृष्ण को नहीं। हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा।

## नासिक-त्र्यंबकेश्वर में अगले साल 31 अक्टूबर से शुरू होगा सिंहस्थ कुंभ मेला

नासिक/मुंबई, एजेंसी

- नासिक में साधुओं और महंतों ने की बहुप्रतीक्षित तिथियों की घोषणा

नासिक-त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को दो प्रमुख तीर्थ नगरी में पारंपरिक ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा, जबकि गोदावरी नदी में पहला अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। नासिक में साधुओं और महंतों की एक बैठक में बहुप्रतीक्षित तिथियों की घोषणा की गई।

बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने की। उन्होंने कहा कि इस भव्य समागम के लिए किए जाने वाले प्रबंध के पैमाने को देखकर दुनिया दंग रह जाएगी। सिंहस्थ कुंभ मेला 31 अक्टूबर 2026 को त्र्यंबकेश्वर के साथ-साथ रामकुंड और पंचवटी में ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा। नासिक में 29 जुलाई 2027 को 'नगर प्रदक्षिणा' होगी, जबकि पहला 'अमृत स्नान' दो अगस्त 2027 को होगा। दूसरा अमृत स्नान 31 अगस्त 2027 को तथा तीसरा और अंतिम 11 सितंबर 2027 को नासिक में और 12 सितंबर 2027 को त्र्यंबकेश्वर में होगा। ध्वज को 24 जुलाई 2028 को उतार लिया जाएगा, जो सिंहस्थ कुंभ मेले के समापन का प्रतीक होगा। यह 12 वर्षों में एक बार आयोजित होता है। पिछला सिंहस्थ कुंभ मेला वर्ष 2015-16 में नासिक और त्र्यंबकेश्वर में आयोजित किया गया था। कुंभ पारंपरिक रूप से नासिक-त्र्यंबकेश्वर, प्रयाग, हरिद्वार और उज्जैन में आयोजित किया जाता है।

## असम: बाढ़ से चार लाख से अधिक लोग प्रभावित, 10 लोगों की मौत

गुवाहाटी/रंगिया/जोरहाट/तिनसुकिया, एजेंसी

असम में बाढ़ और भूस्खलन से दो और लोगों की मौत के साथ ही मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है जबकि रविवार को 20 से अधिक जिलों में चार लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। राज्य की सात प्रमुख नदियां उफान पर हैं।

राज्य के अधिकांश इलाकों में पिछले कुछ दिन से लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क परिवहन, रेल यातायात और नौका सेवाएं प्रभावित हुई हैं। राज्य सरकार ने पिछले कुछ दिन में गुवाहाटी में भूस्खलन में मारे गए पांच लोगों के परिजनों के लिए चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। एएसडीएमए ने कहा गया कि पिछले 24 घंटों में कछार और श्रीभूमि जिले में एक-एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली है।

### खराब मौसम के कारण 14 उड़ानों का मार्ग बदला गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रविवार शाम खराब मौसम की वजह से हवाई अड्डे पर कुल 14 उड़ानों का मार्ग बदल दिया गया और सैकड़ों उड़ानों के परिचालन में देरी हुई। सूत्र ने बताया कि सात उड़ानों को जयपुर, दो-दो उड़ानों को चंडीगढ़ और अमृतसर, एक-एक उड़ान को अहमदाबाद, देहरादून और लखनऊ की ओर भेज दिया गया। रविवार को 350 से अधिक उड़ानों में देरी हुई।

### बचाव अभियान



त्रिपुरा के अगरतला के बाहरी इलाके में बारिश के बीच बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बचाव कर्मी नाव के माध्यम से स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने में सहायता करते हुए। एजेंसी

## चिराग पासवान को विधानसभा चुनाव लड़वाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) जल्द ही अपने कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक बुला सकती है, जिसमें पार्टी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से आगामी बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने का आग्रह करने वाले प्रस्ताव को औपचारिक रूप दिया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि पार्टी के नेताओं ने 30 मई को बिहार के बिक्रमगंज में इस बारे में विचार करने के लिए बैठक की थी, जहां कुछ घंटों बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया था।

हालांकि चिराग पासवान खुद इस बैठक में नहीं थे। लोजपा (रामविलास) के सांसद अरुण भारती ने कहा है कि पार्टी नेता चाहते हैं कि पासवान यदि विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला करते हैं तो वह अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किसी सीट के बजाय सामान्य सीट से किस्मत आजमाएं। इसका उद्देश्य उनके क्षेत्र से बाहर उनकी स्वीकार्यता का संदेश देना और उन्हें व्यापक जनाधार वाले नेता के रूप में प्रस्तुत करना है।

# कारोबार/कृषि

### एक नजर

**रिकॉर्ड मुनाफे वाला शीर्ष पीएसयू बना एलआईसी**

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में सबसे अधिक लाभ कमाने वाली कंपनी बन गई है। एलआईसी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 38 प्रतिशत वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 19,013 करोड़ रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 13,763 करोड़ रहा था।

**केनरा बैंक का बचत खातों में न्यूनतम शेष पर जुर्माना खत्म**

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने सभी प्रकार के बचत खातों में औसत मासिक राशि (एएमबी) की जरूरत को पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा की है। इसके तहत बैंक खाते में न्यूनतम राशि से कम जमा होने पर खाताधारक पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा।


## भारत को गति देने के लिए काम कर रही सरकार

### प्रधानमंत्री मोदी ने एडीबी अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की और कहा कि उनकी सरकार पिछले दशक में भारत के तेजी से हो रहे बदलाव को और गति देने के लिए काम कर रही है।

कांडा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उनका संगठन भारत की 2047 तक विकसित भारत की महत्वाकांक्षा का समर्थन कर रहा है और इसे एक साहसिक दृष्टिकोण बताया। उन्होंने कहा, हम अगले पांच वर्षों में नगर निगम के बुनियादी ढांचे के विकास, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, नए क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर के निर्माण और शहरी सेवाओं के आधुनिकीकरण में तीसरे पक्ष की पूंजी सहित 10 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। कांडा ने कहा कि



1966 से एडीबी का संस्थापक सदस्य भारत इसका मजबूत साझेदार है।

उन्होंने कहा, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के वित्त को बढ़ाकर, ज्ञान सहयोग को गहरा करके और पूंजी जुटाकर, हम 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अभियान का समर्थन करने और इसके 1.4 अरब लोगों के लिए समावेशी, लचीला और पर्यावरण अनुकूल विकास प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

मोदी ने कहा, मसातो कांडा के साथ एक शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। पिछले दशक में भारत के तेजी से हुए परिवर्तन ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है। हम इस यात्रा को और गति देने के लिए काम कर रहे हैं।

### एडीबी ने भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता जताई

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अगले पांच साल में मेट्रो विस्तार सहित भारत के शहरी बदलाव के लिए 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक की प्रतिबद्धता जताई है। एडीबी के अध्यक्ष मासातो कांडा ने यह जानकारी दी। उन्होंने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा, शहर वृद्धि के इंजन हैं। एडीबी पूंजी जुटाएगा, वितरण में तेजी लाएगा और ऐसे समाधान को बढ़ावा देगा, जो भारत की शहरी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएंगे और 2047 तक विकसित भारत की दिशा में बढ़ने के लिए लोगों की मदद करेंगे। एडीबी ने बयान में कहा कि परिवर्तन योजना में सॉवरेन ऋण, निजी क्षेत्र का वित्तपोषण और तीसरे पक्ष की पूंजी शामिल है। इस पहल में शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) अग्रणी है, जिसे एडीबी शहरी बुनियादी ढांचे के लिए निजी निवेश आकर्षित करने के लिए समर्थन दे रहा है। भारत के 100 शहरों में विकास केंद्रों, रचनात्मक शहरी पुनर्विकास और पानी तथा स्वच्छता उन्नयन पर विश्लेषणात्मक कार्य यूसीएफ के लिए आधार तैयार कर रहे हैं। एडीबी ने कहा कि उसने पात्र परियोजनाओं को तैयार करने और राज्यों तथा शहरी स्थानीय निकायों की क्षमता को मजबूत करने के लिए तकनीकी सहायता में 30 लाख डॉलर की प्रतिबद्धता जताई है। कांडा ने एडीबी समर्थित दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस गलियारे का दौरा किया और उन महिलाओं से बात की जिनकी आजीविका परियोजना से जुड़े प्रशिक्षण के माध्यम से बेहतर हुई है।

## बीते वित्त वर्ष में विनियमित इकाइयों पर आरबीआई ने 353 जुर्माने लगाए

मुंबई, एजेंसी

- सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बीते वित्त वर्ष (2024-25) में विनियमित इकाइयों (आरई) के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और क़ानून के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए कुल 353 जुर्माने लगाए। इन जुर्मानों के तहत राशि 54.78 करोड़ रुपये बैठती है।

ये उल्लंघन/गैर-अनुपालन, बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे, जोखिम मानदंड और आईआरएसी मानदंड, अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) निर्देश, धोखाधड़ी वर्गीकरण और रिपोर्टिंग निर्देश, सीआरआईएलसी पर सूचना की रिपोर्टिंग, और क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को कर्ज जानकारी देने से संबंधित थे। आरबीआई की वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, विभाग ने विनियमित इकाइयों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की और समय-समय पर रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए कुछ निर्देशों और कानूनों के प्रावधानों के उल्लंघन/गैर-अनुपालन के लिए कुल 54.78 करोड़ रुपये के 353 जुर्माने लगाए। आरबीआई के आंकड़ों से पता चला है कि सहकारी बैंकों पर 15.63 करोड़ रुपये की राशि के 264 जुर्माने लगाए गए। इसके अलावा, आरबीआई ने 37 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)/परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों पर कुल 7.29 करोड़ रुपये और 13 आवास वित्त कंपनियों पर 83 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

पिछले वित्त वर्ष के दौरान आठ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) पर 11.11 करोड़ रुपये और 15 निजी बैंकों पर 14.8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। छह विदेशी बैंकों पर भी जुर्माना लगाया गया।

## इस्पात शुल्क चुनौतियों से भारत को सतर्क रहने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- वैश्विक शुल्क में बदलाव के कारण उद्योग जगत की आई प्रतिक्रिया

अमेरिका द्वारा शुल्क संबंधी घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस्पात उद्योग के शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि वैश्विक शुल्क में बदलाव के कारण भारत को व्यापार के बढ़ते जोखिम के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है।

प्रमुख इस्पात कंपनियों जेएसडब्ल्यू स्टील और एएमएनएस इंडिया ने कहा कि आवश्यक व्यापार उपायों को सक्रिय रूप से लागू करने की आवश्यकता है, क्योंकि हर देश अपने उद्योग की रक्षा कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को पेंसिल्वेनिया के इस्पातकर्मियों से कहा कि वह उनके उद्योग की रक्षा के लिए इस्पात आयात पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर देंगे। इससे आवास, वाहन और अन्य सामान बनाने में इस्तेमाल होने वाली धातु की कीमतें और बढ़ सकती हैं। शुल्क बढ़ोतरी बुधवार से लागू होंगी। जेएसडब्ल्यू स्टील के संयुक्त प्रबंध निदेशक और सीईओ जयंत आचार्य ने कहा, हमें आवश्यक व्यापार उपायों को सक्रिय रूप से और समय पर लागू करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक शुल्क में बदलाव के कारण भारत में व्यापार का जोखिम बढ़ने की संभावना है।

## इंडिगो ने 30 ए350 विमानों का दिया ऑर्डर

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने रविवार को एयरबस को 30 और चौड़े आकार के ए350 विमानों के लिए निश्चित ऑर्डर देने की घोषणा की, जिससे ऐसे विमानों की कुल संख्या 60 हो गई। एयरलाइन ने पिछले साल अप्रैल में 30 ए350 विमानों के लिए निश्चित ऑर्डर दिया था।

उसके पास ऐसे 70 और विमानों का ऑर्डर देने का विकल्प भी था। इंडिगो के सीईओ ने कहा कि 70 विमानों के विकल्प में अब एयरलाइन 30 विमानों का निश्चित ऑर्डर दे रही है। एयरलाइन ने 900 से अधिक विमानों का ऑर्डर दिया है, जो अगले साल से मिलने शुरू होंगे।

## सरकार ने पड़ोसी देशों से एफडीआई मंजूरी तेज की

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने चीन सहित पड़ोसी देशों के एफडीआई आवेदनों को मंजूरी देने की प्रक्रियाओं को काफी सुव्यवस्थित किया है। एक अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में तेजी से निर्णय लिये जा रहे हैं और नियमित रूप से अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठकें हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मंजूरी तय समयसीमा के भीतर मिले। सरकार ने 2020 के प्रेस नोट तीन के तहत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से विदेशी निवेश के लिए पूर्व मंजूरी को अनिवार्य कर दिया था। ये देश हैं चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान हैं। इन देशों से लंबित एफडीआई प्रस्तावों की संख्या काफी कम है।

### सिंगापुर फिर बना भारत का सबसे बड़ा एफडीआई स्रोत

**नई दिल्ली।** सिंगापुर पिछले सात साल से एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। 2024-25 में सिंगापुर से लगभग 15 अरब अमेरिकी डॉलर का सबसे अधिक विदेशी निवेश मिला है।

## ब्याज दर में लगातार तीसरी बार 0.25% की कटौती कर सकता है आरबीआई

मुंबई, एजेंसी

मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहने के कारण, आरबीआई ब्याज दर में शुक्रवार को लगातार तीसरी बार 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। इससे अमेरिका के आयात शुल्क बढ़ाने से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

रिजर्व बैंक की दर-निर्धारण समिति मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून (शुक्रवार) को निर्णय की घोषणा करेगी। फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की, जिससे यह छह प्रतिशत पर आ गई। आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने भी अपनी अप्रैल की नीति में रुख को 'तटस्थ' से बदलकर 'उदार' करने का फैसला किया। फरवरी, 2025 से नीतिगत रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती के जवाब में, अधिकांश बैंकों ने अपनी रेपो से संबद्ध बाहरी बेंचमार्क आधारित उधार दरों (ईबीएलआर) और कोष-आधारित उधार दर की सीमांत लागत (एमसीएलआर) को कम कर दिया है। बैंक ऑफ बड़ोदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, हमारा मानना है कि मुद्रास्फीति की अपेक्षाकृत सौम्य स्थितियों और आरबीआई के उपायों के माध्यम से तरलता की स्थिति को बहुत सहज बनाए जाने के कारण, एमपीसी छह जून को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगी।



- मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहना मुख्य कारण



अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, सोमवार, 2 जून 2025



# श्रेयस अय्यर ने तोड़ा मुंबई का सपना

## पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर आईपीएल फाइनल में जगह बनाई

**अहमदाबाद, एजेंसी**

श्रेयस अय्यर के 41 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से पंजाब किंग्स ने दूसरे क्वालीफायर में रविवार को मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया और इसके साथ ही यह भी तय हो गया कि इंडियन प्रीमियर लीग को इस सत्र में एक नया चैम्पियन मिलेगा। अब तीन जून को फाइनल में पंजाब का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से होगा और दोनों टीमों ने 18 साल में एक बार भी खिताब नहीं जीता है।

पिछले साल अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले श्रेयस ने दबाव के क्षणों में परिपक्व पारी खेलते हुए 11 साल में पहली बार पंजाब को फाइनल में पहुंचाया। मुंबई के खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण के सामने जीत के लिये 204 रन का लक्ष्य आसान नहीं था लेकिन श्रेयस ने आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढी। उन्होंने आठ छक्कों और पांच चौकों की मदद से नाबाद 87 रन बनाये जिसकी मदद से पंजाब किंग्स ने पांच विकेट पर 207 रन बनाये। श्रेयस ने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर टीम को जीत तक पहुंचाया।

इससे पहले बारिश के कारण मैच सवा दो घंटे विलंब से शुरू हुआ। मुंबई के लिये आज जसप्रीत बुमराह का खराब फॉर्म भारी पड़ा जिन्होंने चार ओवर में 40 रन दे डाले और एक भी विकेट नहीं ले सके। इसके अलावा मुंबई की फील्डिंग भी काफी लचर थी और नेहाल वढेरा (48) को दो जीवनदान देना भारी पड़ गया।

नमन धीर ने मिचेर सेंटनेर का आसान कैच टपकाया जबकि ट्रेंट बोल्ट ने हार्दिक पंड्या के ओवर में वढेरा का कैच फाइन लेग पर उस समय छोड़ा जब वह 13 रन पर खेल रहे थे। वढेरा ने इसका फायदा उठाते हुए 29 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 48 रन बनाये। उन्होंने कप्तान श्रेयस के साथ चौथे विकेट के लिये 84 रन भी जोड़े। बोल्ट ने प्रभसिमरन सिंह (छह) को जल्दी आउट कर दिया जबकि प्रियांश आर्य (20) अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाये। इसके बाद जोश इंगलिस (21 गेंद में 38 रन) ने पंजाब पर से शुरूआती दबाव हटाया। इंगलिस ने बुमराह को छठे ओवर में दो छक्के और दो चौके जड़कर 20 रन लिये। पंजाब के तीन विकेट 72 रन पर गिरने के बाद श्रेयस और वढेरा ने कमान संभाली। श्रेयस ने 13वें ओवर में रीसे टॉपली को तीन छक्के लगाकर जीत की राह आसान की। इससे पहले सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की अगुवाई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस ने छह विकेट पर 203 रन बनाये। करीब सवा दो घंटे विलंब से शुरू हुए मुकाबले में एक भी ओवर कम नहीं किया गया। मुंबई के लिये जॉनी बेयरस्टो (38), तिलक वर्मा (44) और सूर्यकुमार (44) ने बड़े स्कोर की नींव रखी। नमन धीर ने भी 18 गेंद में 33 रन बनाकर टीम को 200 रन के पार पहुंचाया। रोहित शर्मा (आठ) पिछले मैच की तरह मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके। तीसरे ओवर में काइल जैमीसन की गेंद पर अजमतुल्लाह उमरजइ ने उनका कठिन कैच टपकाया। हालांकि रोहित अपना पसंदीदा पूल शॉट खेलने के प्रयास में मार्कस स्टोइनिस की गेंद पर डीप स्क्वेयर लेग में विशाख विजयकुमार को कैच दे बैठे। शुरुआती झटके से अविचलित मुंबई ने दस रन प्रति ओवर की दर से रन बनाना जारी रखा। तिलक ने दूसरी ही गेंद पर छक्का लगाया, दूसरे छोर से बेयरस्टो भी आक्रामक खेल रहे थे।



बारिश के कारण देर से शुरू हुआ मुकाबला।

### मुंबई इंडियंस

**203/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| रोहित शर्मा का विशाख बो स्टोइनिस | 08 |
| जॉनी बेयरस्टो का इंगलिस बो विशाख | 38 |
| तिलक वर्मा का आर्य बो जैमीसन | 44 |
| सूर्यकुमार यादव का वढेरा बो चहल | 44 |
| हार्दिक पंड्या का इंगलिस बो उमरजइ | 15 |
| नमन धीर का स्टोइनिस बो उमरजइ | 37 |
| राज बावा नाबाद | 08 |
| मिचेल सेंटनेर नाबाद | 00 |


**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-44-0, स्टोइनिस 1-0-14-1, उमरजइ 4-0-43-2, विशाख 3-0-30-1, चहल 4-0-39-1, जैमीसन 4-0-30-1

### पंजाब किंग्स

**207/5** (19 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का पंड्या बो अश्वनी | 20 |
| प्रभसिमरन सिंह का टॉपली बो बोल्ट | 06 |
| जोश इंगलिस का बेयरस्टो बो पंड्या | 38 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 87 |
| नेहाल वढेरा का सेंटनेर बो अश्वनी | 48 |
| शशांक सिंह रन आउट | 02 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 02 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-38-1, टॉपली 3-0-40-0, बुमराह 4-0-40-0, अश्वनी 4-0-55-2, सेंटनेर 2-0-15-0, पंड्या 2-0-19-1



पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर शॉट लगाते हुए। • एजेंसी



**ऑरेंज कैप**
साई सुदर्शन (गुजरात)



**759** रन

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात)



**25** विकेट

### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 717 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 4. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

### एक पारी में उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

### सर्वाधिक छक्के

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 39 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 38 छक्के |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |



**जयपुर :** पहली तिब्बती पेशेवर मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर तेनजिन पेमा जयपुर में एक वर्कआउट करती हुईं। • एजेंसी

## खेल डायरी

### भाटिया आठ ओवर के कार्ड के बाद 23वें स्थान पर खिसके

**डबलिन :** भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया शुरुआती दो दौर के शानदार प्रदर्शन को तीसरे दौर में जारी नहीं रख सके और आठ ओवर 80 के निराशाजनक कार्ड के बाद 'मेमोरियल गोल्फ टूर्नामेंट' में संयुक्त रूप से 23वें स्थान पर खिसक गए। भाटिया शुरुआती दो दौर में क्रमश: 70 और 69 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान के साथ खिताब की दौड़ में बने हुए थे लेकिन तीसरे दौर में चार बोगी और दो डबल बोगी कर तालिका में काफी नीचे खिसक गए। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज स्कॉटी शेफलर चार अंडर का कार्ड खेलकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। शेफलर का कुल स्कोर आठ अंडर है। उनके पास दूसरे स्थान पर काबिज बेन ग्रिफिन (65-72-72) पर बढ़त है।

### ओलंपिक पदक विजेता लवलीना मुक्केबाजी अकादमी शुरू करेंगी

**नई दिल्ली :** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की अकादमी का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा करेंगे। लवलीना ने कहा यह अकादमी सिर्फ प्रशिक्षण सुविधा से कहीं बढ़कर है। यह एक सपना है जो मैंने खुद और असम के उन अनगिनत युवा लड़कों और लड़कियों के लिए देखा है जो रिंग में उतरना चाहते हैं। उन्होंने कहा 'लवलीना मुक्केबाजी अकादमी' के साथ मैं ऐसा माहौल बनाना चाहती हूं जहां महत्वाकांक्षी खिलाड़ी न केवल मुक्केबाजी की कला सीखें बल्कि सफल होने के लिए जरूरी जज्बा, अनुशासन और मजबूत आत्मविश्वास भी हासिल करें।

### गुकेश का उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी

**स्टावेंजर :** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी रहा और यह भारतीय खिलाड़ी चीन के वेई यी से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा। गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ बढ़त हासिल की।

# गिल के लिए कड़ी परीक्षा होगा इंग्लैंड का दौरा : सबा करीम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा और कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की। करीम ने रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम से इतर पीटीआई वीडियो से कहा यह उनके लिए एक परीक्षा है। मुझे यकीन है कि वह इसके लिए तैयार हैं।

उन्हें बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो इससे उनकी कप्तानी पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़ को पूरा विश्वास है कि भारत की युवा टीम इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करके अनुकूल परिणाम हासिल करेगी। उन्होंने कहा मुझे इस युवा भारतीय टीम से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। मैच वास्तव में प्रतिस्पर्धी होंगे और भारतीय खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।



सबा करीम व शुभमन गिल। • एजेंसी

### मुकेश के तीन विकेट से भारत ए की मैच में वापसी

**कैंटरबरी :** तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के तीन विकेट की मदद से भारत ए ने मैक्स होल्डेन के आठवें प्रथम श्रेणी शतक के बावजूद अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को मैच में वापसी की जब इंग्लैंड लायंस के पांच विकेट 333 रन पर निकल गए। टॉम हैंस 208 गेंद में 142 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि डैन मूसली ने दो रन बनाये हैं। लायंस अभी भी 224 रन पीछे हैं। मुकेश ने होल्डन (101 गेंद में 101 रन), लायंस के कप्तान जेम्स रियू (आठ) और रेहान अहमद (तीन) के विकेट चटकाए। होल्डन ने विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल को कैच थमाया जबकि रियू पगबाधा आउट हुए।

## भारत ए की खराब गेंदबाजी, लायंस ने बनाए 527 रन

**कैंटरबरी :** भारतीय टेस्ट टीम में तेज गेंदबाज हरफनमौला की एकमात्र जगह पाने की कोशिश में जुटे शार्दुल ठाकुर और नीतिश कुमार रेड्डी के निराशाजनक प्रदर्शन से इंग्लैंड लायंस ने भारत ए के खिलाफ चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को सात विकेट पर 527 रन बना लिए।

भारत के लिये एकमात्र राहत की बात पहले सत्र में तेज गेंदबाज मुकेश कुमार का प्रदर्शन रही जिन्होंने 21 ओवर में 75 रन देकर तीन विकेट लिए। शार्दुल ने 21 ओवर में 90 रन दिये और उन्हें एक ही विकेट मिला जबकि रेड्डी ने 11 ओवर में 57 रन दे डाले और कोई विकेट नहीं मिला। इंग्लैंड लायंस के लिये टॉम हैंस ने 171 रन और डैन मूसली ने 113 रन बनाए। भारत ए ने पहली पारी में 557 रन बनाये थे। मूसली तथा जमां अख्तर ने 108 रन की साझेदारी की।

# रिंकू सिंह की आठ जून को सांसद प्रिया सरोज से होगी सगाई

**जौनपुर, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह की शादी जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज से तय हो गई है और दोनों की रिंग सेरेमनी (सगाई की रस्म) आठ जून को लखनऊ में होगी। प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर के केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने रविवार को इस रिश्ते की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रिंग सेरेमनी में परिवार के सदस्य करीबी मित्र और रिश्तेदार शामिल होंगे। शादी परंपरागत तरीके से इसी साल 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में होगी। इस शादी समारोह में क्रिकेट जगत के सितारे, बॉलीवुड हस्तियां, उद्योगपति और प्रमुख राजनेताओं को आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है।

उन्होंने बताया कि अलीगढ़ में रिंकू सिंह के परिजनों से मुलाकात के बाद दोनों परिवारों की सहमति से यह रिश्ता तय हुआ। तूफानी सरोज ने कहा रिंकू और प्रिया एक-दूसरे को पहले से जानते हैं। प्रिया की सहेली के पिता (जो एक क्रिकेटर हैं) के माध्यम से दोनों की मुलाकात हुई थी। दोनों ने परिजनों की रजामंदी से शादी का फैसला लिया। पेशे से अधिवक्ता 26 साल की प्रिया सरोज पहली बार सांसद बनी हैं। 27 साल के रिंकू सिंह ने भारत के लिए दो एकदिवसीय और 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है।



आक्रामक बल्लेबाजी से पहचान बनाने वाले रिंकू इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हैं। सपा विधायक के करीबियों के अनुसार, शादी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होगी। दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए पर्याप्त समय लिया और अब एक नयी शुरुआत के लिए तैयार हैं।



फ्रेंच ओपन में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना इटली की जैस्मीन पाओलिनी को गेंद लौटाती हुई। • एजेंसी

# स्वितोलिना क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**पेरिस, एजेंसी**

एलिना स्वितोलिना ने तीन मैच प्वाइंट का बचाव कर 2024 की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को रविवार को यहां 4-6, 7-6, 6-1 से हराकर पांचवीं बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

यूक्रेन की 13वीं वरीयता प्राप्त स्वितोलिना तीन बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल खेल चुकी हैं। फ्रेंच ओपन में आने से पहले पाओलिनी ने क्ले कोर्ट पर इटालियन ओपन का खिताब जीता था। वह इस मुकाबले में लगातार नौ जीत के साथ पहुंची थी लेकिन बेहद मजबूत स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने स्वितोलिना को वापसी का मौका दे दिया। स्वितोलिना के सामने अंतिम आठ मुकाबले में तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक की चुनौती होगी जिन्होंने 2022 विम्बलडन चैम्पियन एलिना रिबाकिना को 1-6, 6-3, 7-5 से हराया। पाओलिनी ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन स्वितोलिना उनकी सर्विस को तोड़ने में सफल रही। यूक्रेन की खिलाड़ी ने तीसरे सेट में दबदबा कायम करते हुए 6-1 की जीत के साथ मुकाबला अपना नाम कर लिया।

**जोकोविच चौथे दौर में पहुंचे :** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं।

### बोपन्ना-पावलासेक की जोड़ी फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस :** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार एडम पाव लासेक दूसरी वरीयता प्राप्त हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन की जोड़ी को कड़ी टक्कर देने के बावजूद रविवार को यहां हारकर फ्रेंच ओपन से बाहर हो गए। भारत और चेक गणराज्य के खिलाड़ी की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी को प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फिनलैंड और ब्रिटेन के खिलाड़ी की जोड़ी ने 6-2, 7-6 से शिकस्त दी। हेलियोवारा और पैटन की जोड़ी शुरुआती सेट में दो बार सर्विस ब्रेक करते हुए 5-1 की बढ़त बनाने में सफल रही।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी :** भारत ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में उरुग्वे पर शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था। भारत के लिए उप-कप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किए जबकि जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

भारत ने मैच की आक्रामक शुरुआत के साथ दबदबा कायम किया। हिना ने 10वें मिनट में खाता खोला जबकि लालरिनपुई के गोल से मध्यांतर तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली। उरुग्वे ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की। टीम ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर बराबर कर लिया। इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट जबकि मिलाग्रोस सेगल ने 57वें मिनट गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे को केवल एक ही गोल करने का मौका मिला। भारत अब सोमवार को मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगा।

# पीएसजी पहली बार बना चैंपियंस लीग का चैंपियन

**म्यूनिख, एजेंसी**

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने डिजायर डोए के दो गोल की मदद से शनिवार को यहां खेले गए एकतरफा फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता चैंपियंस लीग का खिताब जीता। पीएसजी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और इंटर के समर्थकों को आखिरी सिटी बजने से पहले ही स्टेडियम छोड़ने के लिए मजबूर किया।

पीएसजी की तरफ से डोए ने 20वें और 63वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा अचरफ हकीमी (12वें), ख्विचा क्वारात्सखेलिया (73वें) और स्थानापन्न सेनी मायुलु (86वें) ने एक एक गोल करके पीएसजी की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित की। यह पिछले 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है।



चैंपियंस लीग जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते पीएसजी के खिलाड़ी। • एजेंसी

पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा अब हमारे पास चैंपियंस लीग की ट्रॉफी है। जब मैं पीएसजी से जुड़ा था तो मैंने पहले दिन ही कहा था कि हमारा लक्ष्य चैंपियंस लीग का खिताब जीतना है। यह एकमात्र ट्रॉफी थी जिसे हम अभी तक नहीं जीत पाए थे। यह वह ट्रॉफी थी जो लियोनेल मेस्सी, नेमार या किलियन एमबाप्पे भी फ्रांस के इस क्लब को नहीं दिला पाए थे। इससे पहले पीएसजी 2020 में चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब वह बायर्न म्यूनिख से हार गया था, जिसके बाद नेमार लिस्बन के खाली स्टेडियम में रो पड़े थे। कोरोना महामारी के कारण तब यह मैच खाली स्टेडियम में खेला गया था। लेकिन इस बार माहौल पूरी तरह से भिन्न था। पीएसजी के हजारों समर्थक स्टेडियम में मौजूद थे। वे झंडे लहरा रहे थे, पटाखे जला रहे थे और अपने प्रतिद्वंद्वियों इंटर के समर्थकों का शोरगुल दबा रहे थे, जिनमें से कई समर्थक अंतिम सीटी बजने से काफी पहले ही स्टेडियम से चले गए थे। पीएसजी के समर्थक पूरे दिन म्यूनिख की सड़कों पर पार्टी करते रहे, लेकिन वह उस खुशी के दृश्य की तुलना में कुछ भी नहीं था, जब कप्तान मार्क्विनहोस ने ट्रॉफी को अपने हाथों में उठाया और उनके पीछे आतिशबाजी और सुनहरे कंफेद्दी हवा में उड़ रहे थे।

## फ्रांस में चैंपियंस लीग के जश्न में दो प्रशंसकों की मौत

**पेरिस :** पेरिस सेंट जर्मेन की चैंपियंस लीग फुटबॉल में ऐतिहासिक जीत के बाद देश भर में जश्न में दो प्रशंसकों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी कोमा में चला गया है। फ्रेंच अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

म्युनिख में शनिवार की रात हुए मैच के बाद पीएसजी की स्ट्रीट पार्टी में डैक्स में एक 17 वर्ष के युवक की चाकू घोपकर हत्या कर दी गई। वहीं पेरिस में पीएसजी की जीत के जश्न के दौरान स्कूटर कार से टकराने में एक युवक की मौत हो गई। फ्रांस में आतिशबाजी में एक पटाख एक पुलिस अधिकारी को लगा जिससे वह कोमा में चला गया है। पेरिस में 201 लोग घायल हुए हैं।

